डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

अश्विन कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 27 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 343, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 85,836.12 +666.25

डॉलर 83.622 -0.006

रांची सर्राफा

10 ग्राम ₹72,300

01 किलो ₹ 99,990



पेज-10 आतंक फैलाने का जवाब फांसी के...

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 150 सहायक शिक्षकों को

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 27 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

PR No. 337283 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## एक नजर

### चोरों ने उड़ाए पांच लाख का गहना

**छतरपुर।** छतरपुर स्थित चेकनाका के समीप आरती ज्वेलर्स की दुकान में बृहस्पतिवार की शाम लगभग 4:30 बजे अज्ञात चोरों ने दुकानदार की मौजूदगी में लगभग 5 लाख रुपए की सोने के जेवरात चुरा लिए। दुकान के मालिक महेश सोनी ने बताया कि दो लोग हेलमेट पहनकर ज्वेलर्स लेने के बहाने दुकान में आए। उन्होंने मुझसे कुछ सोने और चांदी के जेवरात, जिनकी कीमत ?3,650 थी, मांगे। इसके बाद उन्होंने एक सोने का बजरंगबली का लॉकेट दिखाने के लिए कहा। इस दौरान, उन्होंने तिजोरी में हाथ डालकर लॉकेट निकालने का प्रयास किया और उसी क्षण लॉकेट का थैला लेकर फरार हो गए। महेश सोनी ने बताया कि चोरी किए गए सोने का मार्केट वैल्यू लगभग ?500,000 है। घटना की सूचना मिलते ही छतरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई और सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुसंधान कार्य तेज कर दिया है।

### दो बाइक की टक्कर में तीन घायल

**हरिहरगंज।** मेदिनीनगर-औरंगाबाद एनएच 139 कटैया मोड़ के समीप बुधवार की रात्री करीब 8 बजे दो बाइक सवार के आमने-सामने टक्कर हो जाने से तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान छतरपुर थाना क्षेत्र के नौडीहा खजूरी गांव निवासी भूली भुइयां के पुत्र संतोष कुमार (28) वर्ष व कृष्णा भुइयां के पुत्र सत्येन्द्र कुमार (19) वर्ष तथा बिहार के कैमूर जिले के दुलही गांव निवासी स्व. श्री निवास पांडेय के पुत्र राजन कुमार पांडेय (34) वर्ष के रूप में हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

# नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट पर एसडीओ की कार्रवाई की अनुशंसा

**पौने दो अरब की विकास योजनाओं की राशि खर्च, फिर भी नगर की हालत बदहाल : अरविंद**



**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत चुनाव के बाद से छतरपुर नगर पंचायत में भ्रष्टाचार ने पांव पसार लिए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने नगर विकास विभाग और झारखंड सरकार से योजनाओं की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने छतरपुर के एसडीओ और स्थानीय पत्रकारों का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई गई। इस पर डीसी और नगर विकास विभाग ने छतरपुर एसडीओ से जांच करवाई, जिसमें भारी अनियमितताओं की पुष्टि हुई। एसडीओ ने पलामू के उपायुक्त को जांच रिपोर्ट भेजी है, जिसमें कार्यपालक अधिकारी, जेई और संवेदकों पर प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की गई है।

> **डीसी और नगर विकास विभाग ने छतरपुर एसडीओ से जांच करवाई, जिसमें भारी अनियमितताओं की पुष्टि**

अरविंद ने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने सूचना के अधिकार 2005 अधिनियम के तहत नगर पंचायत से 14 बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। जानकारी के अनुसार, जनवरी 2023 तक नगर पंचायत छतरपुर के विकास मद में लगभग 730 मिलियन (पौने एक अरब) खर्च हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी राशि से इलाके का कायापलट हो सकता था, लेकिन संवेदकों और अधिकारियों की मिलीभगत से यह राशि बंदरबांट कर ली गई।


उन्होंने कहा कि जब एसडीओ ने भ्रष्टाचार की पुष्टि कर दी है, तो कार्यपालक अधिकारी, सिटी मैनेजर और जेई को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए और इसमें शामिल संवेदकों को ब्लैकलिस्टेड कर प्राथमिकी दर्ज करनी चाहिए।

अरविंद ने झारखंड के मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री और एंटी करप्शन ब्यूरो से भी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उच्च न्यायालय में पीआईएल दायर करने और आमरण अनशन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि योजनाओं की गुणवत्ता अत्यंत खराब है, और निर्माण में निर्धारित मानकों का उल्लंघन हुआ है।

## तकनीकी शिक्षा से ही खुलेगा विकास का सभी द्वार : चंद्रशेखर दुबे

**नौगाढ़ा में खुला सत्य साईं नर्सिंग रिसर्च इंस्टिट्यूट, पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन**




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के नौगाढ़ा में सत्य साई नर्सिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुवार को खुल गया। इंस्टीच्यूट का उद्घाटन पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता इंस्टीच्यूट के निदेशक नितेश पाठक ने किया। ददई दुबे ने कहा कि अब जमाना तकनीकी शिक्षा का है। तकनीकी शिक्षा से ही विकास का सभी द्वार खुलेगा। इसलिए सभी लोग अपने बच्चों को तकनीकी शिक्षा की ओर ही अग्रसर करें, ताकि शिक्षा पूर्ण होते ही उन्हे नौकरी मिल सके। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में इंस्टीच्यूट खोलने पर संस्थान संचालक को बधाई देते हुए कहा कि आपका यह साहस भरा फैसला क्षेत्र के बच्चों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इंस्टीच्यूट के निदेशक नितेश पाठक ने बताया कि इस शैक्षणिक संस्थान में एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई होगी। यहां पहले से सौ बेड का अस्पताल संचालित किया जा रहा है। छात्रावास की भी व्यवस्था है। इसके अलावा इंस्टीच्यूट में सभी अत्याधुनिक सुविधा उपलब्ध है। पाठक ने घोषणा किया कि स्थानीय छात्र छात्राओं को आधे शुल्क पर पढ़ाया जायेगा। पढ़ाई पूरी होने के बाद हम उन्हे नौकरी भी उपलब्ध कराएंगे। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रामचन्द्र दीक्षित, उटारी रोड प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, पांडू प्रखंड के 20 सूत्री अध्यक्ष सुनील पांडेय, विष्णु कांत पाठक, सूरजमल राम, लगन पाठक, अरविंद पांडेय, सेवानिवृत रेल चालक अशोक तिवारी, पूर्व मुखिया प्रमोदा सिंह देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जर्जर एनएच की मरम्मत की मांग को लेकर भारी वाहनों का परिचालन रोका

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र में जर्जर हो चुके एनएच 139 की मरम्मत व कालीकरण की मांग को लेकर गुरुवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष समाजसेवी राजीव रंजन के नेतृत्व में वारिश के बीच पुरानी सीएचसी भवन के समीप एनएच पर भारी वाहनों का परिचालन रोक कर प्रदर्शन किया गया। इससे सड़क पर ट्रकों तथा मालवाहक वाहनों की लंबी कतार लग गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। इसमें हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र से गुजरने वाली जर्जर 139 तथा नाला की मरम्मत, प्रखंड क्षेत्र व नगर पंचायत क्षेत्र में जर्जर बिजली तार पोल को बदलने, हरिहरगंज बाईपास नहीं होने तक टॉल टैक्स वसूली बंद करने, शहरी क्षेत्र में नल जल दुरुस्त करने, खराब पड़े स्ट्रीट लाइट की मरम्मत कराने, मायापुर ग्रिड को अविलंब चालू करते हुए हरिहरगंज प्रखंड को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पावर ग्रिड में 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग शामिल है। बीडीओ ने उक्त मांगों को वरीय अधिकारी तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। साथ ही शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञान प्रकाश शुक्ला से मोबाइल पर बात कर समस्या से अवगत कराया। प्रोजेक्ट मैनेजर ने मौसम खुलने के बाद शहरी क्षेत्र के एनएच 139 की मरम्मत व कालीकरण कराने का आश्वासन दिया। भाजयुमो नेता राजीव रंजन ने कहा कि मांगे पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। प्रदर्शन कार्यक्रम में संजय जायसवाल, विश्वदीप कुमार, विनोद पासवान, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता, विजय प्रजापति, शम्भू सिंह, दिनेश पासवान, मुन्ना यादव, विजय प्रजापति, भोला पासवान, अरुण सिंह, मृत्युंजय सिंह, राजू शौंडिक, बबलू कुमार, मनीष, मुकेश आदि शामिल थें।

## न्यूज बॉक्स

### आईएएस कृष्णकांत कनवाड़िया ने हुसैनाबाद एसडीओ का प्रभार ग्रहण किया



**हुसैनाबाद।** पलामू के हुसैनाबाद में नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी के पद पर कृष्णकांत कनवाड़िया ने गुरुवार को पद भार ग्रहण किया। हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा का स्थानांतरण धनबाद में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर के पद पर हुआ है। पद भार ग्रहण करने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी कृष्णकांत कनवाड़िया ने कहा कि हुसैनाबाद की जनता के लिए वह काम करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छ प्रशासन के तहत अवैध कारोबार पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। आम लोगों को सही कार्य के लिए दौड़ना नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आम लोगों के लिए वह हमेशा तैयार रहेंगे। वहीं स्थानांतरित एसडीओ पीयूष सिन्हा ने कहा कि हुसैनाबाद में काम कर के अच्छा लगा। यहां के लोग अच्छे हैं। कभी ऐसा नहीं लगा की वह दूसरी जगह हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है। इससे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उन्हें पलामू के हुसैनाबाद और हुसैनाबाद के लोग हमेशा याद आयेंगे।

### सदर एसडीओ से मिलने पहुंचे पांच माह का खाद्यान्न से वंचित कार्डधारी



**नावाबाजार।** पिछले पांच माह का खाद्यान्न मिलने से वंचित चार दर्जन से अधिक महिला कार्डधारी गुरुवार को नावाबाजार जिला परिषद प्रतिनिधि राजबली महरा के नेतृत्व में सदर एसडीओ सुलोचना मीणा से मिलने पहुंचे। कार्डधारियों ने खाद्यान्न नहीं मिलने की पीड़ा सुनाई। जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, भाई गोविंद सिंह, राजबली महरा सहित वंचित कार्डधारियों ने बताया कि संपूर्ण नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र में विगत 5 माह से राशन खाद्यान्न का वितरण नही हो पाया है। इससे कार्डधारियों के समक्ष भुखमरी की स्थिति आ गई है। नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र अनुसूचित जाति व जनजाति बहुल क्षेत्र है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अधिकांश लोग पेट भरने के लिए मिलने वाला खाधान्न पर निर्भर रहते है। उनका कहना था कि समय पर खाधान्न नही मिलना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम की अवहेलना का मामला प्रतीत होता है। बकाया खाद्यान्न लाभूकों को उपलब्ध नहीं कराया गया तो कार्डधारी विवश होकर आंदोलन का रूप अख्तियार करेंगे। कार्डधारियों द्वारा मुख्य सचिव झारखंड सरकार के नाम एक आवेदन पलामू उपयुक्त को दिया गया है। जिसमें पिछले 5 माह का खाद्यान्न नहीं मिलने की बात लिखी गई है।

### जितिया बाद मछली की खरीदारी को लेकर भीड़ उमड़ी



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन रोड में लगने वाले बाजार में जितिया की सुबह गुरुवार को मछली की खरीदारी को लेकर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों का कहना है कि मछली की खरीदारी को लेकर वैसे, तो रोज ही बेचने और खरीदने का सिलसिला चलता रहता है। मगर जितिया की अगली सुबह कुछ ज्यादा ही भीड़ लगती है। ऐसा इसलिए की जितिया के पारण के बाद सामान्य तौर पर मछली के उपभोग की परंपरा ही चल पड़ी है। वैसे सभी परिवार में ऐसा प्रचलन नहीं है। न ही इसे लेकर कोई धार्मिक मान्यता का ही उल्लेख मिलता है। कुछ महिलाओं का कहना है कि निःसंतान महिलाएं संतान प्राप्ति के लिए जिंदा मछली निगलती हैं। पंडित कुंडल तिवारी के अनुसार विशेष तौर पर यह परंपरा बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश आदि जगहों में नहीं है। वैसे बिहार के मिथिलांचल में प्रचलित है। जितिया को लेकर पौराणिक कथाओं में भी कहीं लिखी हो, ऐसा नहीं मिलती है। अब अगर ऐसा हो रहा है, तो क्या कहां जा सकता है। जितिया व्रत कथा में भी मछली खाने की प्रसंग नहीं हैं। मिथिलांचल में और इस क्षेत्र में ऐसा प्रचलन शुरू किया जाना खोज का विषय है।

## रेल फाटक का डीपीआर तैयार होने पर आरओबी निर्माण कराने का होगा प्रस्ताव



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेलमंडल अंतर्गत बीडी रेलखंड पर चार साल बीतने के बाद भी रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कराने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई। इससे आए दिन खासकर लगन और पर्व त्योहारों के दिनों में सड़क मार्ग पर लोगों और वाहनों का संचालन घंटों बाधित होता रहा है। इतना ही नहीं रेल परिचालन नियमित जारी रखने के नाम पर हैदरनगर बाजार क्षेत्र और बस स्टैंड से सटे रेल फाटक संख्या 50 सी को घंटो बंद रहने से व्यापक जाम से छुटकारा लोगों को नहीं मिल सका है। इस संबंध में हाल ही स्थानीय युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा ने रेल महाप्रबंधक हाजीपुर और रेल मंडल प्रबंधक मुगलसराय को ट्वीट कर जानकारी मांगा था। इस पर मुगलसराय के सहायक मंडल प्रबंधक दिलीप कुमार ने बताया है कि इस रेल फाटक पर आरओबी निर्माण कराने को लेकर डीपीआर तैयार किए जा रहे हैं। इसके तैयार होते ही आरओबी निर्माण कराने का प्रस्ताव दिया जायेगा। किंतु आज भी सवाल खड़ा होता है कि विगत दो वर्ष से इसके लिए विभिन्न संगठनों की ओर से लगातार आवाज उठती रही है। फिर भी जनहित में इस विषम समस्या से निजात दिलाने के प्रति अब भी देरी किया जाना रेल प्रशासन की नीति कहीं से भी न्यायसंगत नहीं है। मालूम हो कि पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए आरओबी निर्माण नहीं किये जाने और कई ट्रेनों को आरपार करने के लिये घंटों रेल फाटक संख्या 50 सी को बंद रखने से आए दिन सड़क मार्ग पर जाम का सामना करना पड़ता है। इससे रेल फाटक पर घंटों सड़क मार्ग का आवागमन बाधित हो जाने से आये दिन लंबी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या से निजात दिलाने की मांग पलामू सांसद व रेलमंत्री से भी कई बार की गई है। जबकि जाम में फंसे सैकड़ों राहगीर व सड़क मार्ग के यात्री बेहाल नजर आते हैं। एक ही समय में चार, पांच ट्रेनों को आरपार करने के लिए एक घंटा तक रेल फाटक को बंद कर दिया जाता है। जबकि फाटक से सटे ही सरकारी अस्पताल होने से रोगी और उनके परिजनों को भी मानसिक प्रताड़ना होती है। ऐसे में मरीजों को भी समय पर अस्पताल कैसे पहुंचाया जा सकता है। इससे आमजनों में रेल प्रशासन के प्रति इस व्यवस्था पर असंतोष भी है। इस समस्या पर रेल प्रशासन की मनमानी की प्रतिक्रिया भी लोगों की गूंजती है।

**विश्रामपुर विधानसभा के विकास पर सवाल**

## पूर्व और वर्तमान विधायकों पर लगाए गंभीर आरोप विश्रामपुर की जनता से की समर्थन की अपील



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबजार।** ओबीसी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने अपने जनसंपर्क अभियान को तेज करते हुए चेचरिया, बरमोरिया, बसना, भण्डार, रजहरा, कोठी, चेचेनखा सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विश्रामपुर विधानसभा के पूर्व और वर्तमान विधायकों पर तीखे हमले करते हुए कहा कि दोनों ने 20-20 वर्षों तक सिर्फ अपना और अपने परिवार का विकास किया, जबकि क्षेत्र का विनाश किया।

ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा में आज तक न तो एक सरकारी डिग्री कॉलेज है, न कोई पुस्तकालय और न ही खेल स्टेडियम। यहां तक कि जब आईटीआई और मेडिकल कॉलेज आए, तब भी वर्तमान विधायक ने उन्हें अपने निजी कैंपस में खोलवा लिया, जिससे क्षेत्र के होनहार छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया।

उन्होंने दावा किया कि इस बार बिश्रामपुर की जनता ने फैसला कर लिया है कि दोनों पुराने विधायकों को नकार कर ओबीसी उम्मीदवारों को विधानसभा में भेजने का काम करेगी। साथ ही उन्होंने वादा किया कि वे एसटी, एससी और ओबीसी के संवैधानिक अधिकारों को सरकार से लेकर क्षेत्र में लाएंगे।

ब्रह्मदेव प्रसाद के मंच में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस और बहुजन पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने सदस्यता ग्रहण की है। इस दौरान सुरेंद्र भारती, रामराज राम, हिमालय कुमार सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

## रहमानिया स्कूल की कबड्डी टीम और धावकों का राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के लिए चयन

**रहमानिया स्कूल की कबड्डी टीम और धावकों का खेलो झारखंड के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन, खुशी की लहर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** रामबांध पंचायत के तारा गांव स्थित आदर्श राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय की कबड्डी टीम और अंडर-19 के 100 और 400 मीटर रेस के जिला चैंपियन दो धावकों का खेलो झारखंड के तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। इस चयन से पूरे विद्यालय में उत्साह का माहौल है। विजेता प्रतिभागियों ने प्राचार्य मनोज कुमार और अन्य शिक्षकों के साथ खुशी साझा की और उन्हें विजेता ट्रॉफी भेंट की। प्राचार्य ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अंडर-19 के 100 मीटर रेस में हिमेश राम और 400 मीटर रेस में रमेश कुमार पाल ने गोल्ड मेडल जीता है, जिसके आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इसके साथ ही, अंडर-19 की कबड्डी टीम ने छतरपुर की टीम को 15-14 के अंतर से हराकर गोल्ड मेडल जीता, जिससे उनकी भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित हो गई है। प्राचार्य ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि वे राज्य स्तर पर भी अपनी जीत का परचम लहराएंगे।

### खेलो झारखंड राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में पुष्पम का चयन, परिवार में खुशी



**मोहम्मदगंज।** शिलापर निवासी किसान रामप्रवेश मेहता के पुत्र पुष्पम ने खेलो झारखंड की जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने अंडर-14 मुकाबले में नीलांबर-पीतांबर गंज प्रखंड के अभिषेक को 15-7 के अंतर से हराकर 8 प्वाइंट के साथ जिला चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। पुष्पम के चाचा, मनरेगा लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता ने बताया कि 5 अक्टूबर को पुष्पम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जाएगा। वह स्थानीय पीएमश्री स्तरोन्नत +2 उच्च विद्यालय का छात्र है। महज तीन महीने की तैयारी के बाद पुष्पम ने इस खेल में विद्यालय, प्रखंड, और अपने परिवार का नाम रौशन किया है। अब वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी में जुट गया है, और पूरा परिवार उसके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहा है।

## नुरु में जितिया पर्व के पर मेला का आयोजन किया गया



**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** प्रखंड के नुरु पंचायत के नूरु गांव में जितिया पर्व के शुभ अवसर पर गुरुवार को मेला का आयोजन किया गया। मेला में पहुंचे नूरु पंचायत के मुखिया प्रमिला देवी ने मांदर बजाने वाले पुरूष व झुमर खेलने वाली महिलाएं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया प्रमिला गुप्ता ने कहा कि महिलाएं जितिया पर्व की रात्रि में पूजा-अर्चना कर पंडितों से कथा का श्रवण किया। 24 घंटे के निर्जला उपवास के बाद महिलाएं अपने घरों में पूजा-अर्चना कर पुत्र की लंबी उम्र की कामना करती है। जितिया पर्व शहर के साथ-साथ प्रखंडों में भी भी जितिया पर्व मनाया जाता है। जितिया के मौके पर नुरु गांव में झुमर का आयोजन किया गया है। पांकी प्रखंड में जितिया पर्व उत्साह के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने अपने पुत्र की दीघार्यु की कामना कर आस्था के साथ पूजा करती है। मौके पर नूरु पंचायत समिति मिथिलेश यादव, युवा समाजसेवी प्रिंस कुमार गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, सुमित गुप्ता, पप्पू गुप्ता, मनोज राम, मुकेश गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, निर्मल प्रसाद गुप्ता, आमोद मिस्त्री, नितेश गुप्ता, विनोद यादव, वार्ड सदस्य यशवंत कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

आश्विन कृष्ण पक्ष 10, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 27 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-343, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 85,836.12 ▲ +666.25

डॉलर 83.664 ▲ +0.035

पलामू सर्राफा

सोना 10 ग्राम 75,620

चांदी 01 किलो 92,440

पेज 10



चेस ओलंपियाड विजेताओं से पीएम मोदी ने एआई...

## एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज 438 नवनियुक्त कर्मियों को देंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** जैप वन ग्राउंड स्थित शौर्य सभागार में शुक्रवार (27 सितंबर) को दोपहर 12 बजे से विभिन्न विभागों के नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। बताया गया कि कुल 438 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

### राज्यपाल ने दी झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक को मंजूरी



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक-2024 को मंजूरी दे दी है। विधानसभा के मॉनसून सत्र में यह विधेयक पारित हुआ था। इस विधेयक के तहत कोयला धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, लौह अयस्क धारित भूमि पर 100 रुपए प्रति मीट्रिक टन, बॉक्साइट धारित भूमि पर 70 रुपए प्रति मीट्रिक टन, चूना पत्थर धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन, मैंगनीज अयस्क धारित भूमि पर 50 रुपए प्रति मीट्रिक टन और अन्य खनिज धारित भूमि पर प्रति टन खनिज के प्रेषण पर दी गयी रॉयल्टी का 50 प्रतिशत सेस लगेगा। खनिज भूमि पर सेस लगाने से राज्य सरकार को सालाना दो हजार करोड़ अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी। खनिज भूमि से मिली सेस की राशि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, ग्रामीण आधारभूत संरचना, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य सेवाओं पर खर्च की जाएगी। सेस से मिलने वाली राशि की वसूली खान विभाग करेगा। वहीं सीसीएल, बीसीसीएल और ईसीएल पर राज्य सरकार का विभिन्न मदों में एक लाख 36 हजार 42 करोड़ रुपए बकाया है। इस राशि की प्राप्ति के लिए माडा, भू-राजस्व व खान विभाग जल्द ही केंद्र सरकार को पत्र लिखेगा।

## बाघों का पुराना कॉरिडोर फिर हुआ सक्रिय, पलामू टाइगर रिजर्व बना अहम पड़ाव

▶▶ **झारखंड में बाघों की बढ़ती गतिविधियां : सेंट्रल से ईस्टर्न इंडिया तक मूवमेंट रिकॉर्ड**

▶▶ **बाघों की टेरिटरी विस्तार और कॉरिडोर की सक्रियता**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदीनीनगर।** बाघ अपने कॉरिडोर को फिर से सक्रिय कर रहे हैं और अपनी टेरिटरी का विस्तार कर रहे हैं। सेंट्रल इंडिया से ईस्टर्न इंडिया तक बाघों की गतिविधियां बढ़ी हैं। मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ से निकलकर बाघ ओडिशा के सिमलीपाल तक जा रहे हैं। वहीं, झारखंड के उन इलाकों में भी बाघ देखे जा रहे हैं जहां दशकों से बाघों की उपस्थिति नहीं थी। पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) इस मूवमेंट में बाघों के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव बन गया है। पिछले दो वर्षों में पीटीआर क्षेत्र में चार बाघ और एक बाघिन का मूवमेंट रिकॉर्ड किया गया है। पिछले 10 वर्षों में यह पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर बाघों का मूवमेंट दर्ज किया गया है।

**वाइल्डलाइफ सर्वे और सेंट्रल-ईस्टर्न कॉरिडोर का अध्ययन :** वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बाघों के कॉरिडोर का सर्वे किया है, जिसकी रिपोर्ट अक्टूबर में जारी की जाएगी। सर्वे में सेंट्रल लैंडस्केप और ईस्टर्न घाट कॉरिडोर के तहत सभी टाइगर रिजर्व को जोड़ने वाले कॉरिडोर पर अध्ययन किया गया है। सेंट्रल लैंडस्केप में महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के टाइगर रिजर्व आते हैं, जहां 785 बाघ मध्य प्रदेश और 444 बाघ महाराष्ट्र में हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के कॉरिडोर में करीब 170 बाघ मौजूद हैं।

**ब्रीडिंग के लिए टेरिटरी का महत्व :** उपनिदेशक जेना ने बताया कि बाघों की ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

### हजारीबाग और अन्य क्षेत्रों में भी देखे गए बाघ

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना के अनुसार, सेंट्रल इंडिया में बाघों की संख्या अधिक हो गई है। एक बाघ लगभग 5 से 10 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को अपनी टेरिटरी मानता है, लेकिन संख्या बढ़ने के बाद उन्हें नई टेरिटरी की तलाश होती है। बाघ अपने पुराने कॉरिडोर को भी सक्रिय कर रहे हैं, जो झारखंड से ओडिशा के सिमलीपाल तक फैला है। झारखंड के हजारीबाग और अन्य क्षेत्रों में भी बाघ देखे गए हैं, जो उनके पुराने कॉरिडोर का हिस्सा हैं। पूर्वी घाट कॉरिडोर में बड़ी संख्या में बाघ अपनी टेरिटरी बना सकते हैं। इस कॉरिडोर को सुरक्षित बनाने के लिए कार्य जारी है और सर्वे रिपोर्ट के बाद कई कदम उठाए जाएंगे।

## अपराधियों ने अधेड़ को मारी गोली, मौत

▶▶ **विरोध में शव को सड़क पर रख रांची चतरा मुख्य मार्ग घंटो जाम किया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** हेमपुर ग्राम में बुधवार की रात लगभग आठ बजे स्व चूरामन ठाकुर के 55 वर्षीय पुत्र रामकुमार ठाकुर को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या से आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने गरुवार को रांची चतरा मुख्य मार्ग, बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयाताड़ ग्राम के पास दोपहर सड़क को जाम कर दिया। इससे सड़क की दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाईन लग गई। परिजनों के अनुसार अपराधी बुधवार रात के अंधेरे में घर आए और बच्चे की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर रामकुमार ठाकुर उर्फ भगत जी को झाड़ फूंक के लिए जबरदस्ती घर से थोड़ी दूर ले गए। उन्हें रास्ते में ही सिर में तीन गोली मारकर हत्या कर सभी अपराधी भाग निकले। गोली की आवाज सुन कर मृतक की पत्नी और परिजन घटनास्थल की ओर दौड़े। देखा कि रामकुमार खून से लथपथ जमीन पर गिरे हैं। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण से सूचना मिलने पर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ रात को ही घटनास्थल पर पहुंच कर, शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

# हेमंत सरकार ने झारखंड के 1.77 लाख किसानों के दो लाख तक का कर्ज माफ

▶▶ **400.66 करोड़ की राशि लोन लाभुकों के अकाउंट्स में ट्रांसफर की गई**

▶▶ **20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड जारी कर लोगों को मुफ्त अनाज दे रहे हैं**

▶▶ **05 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि दुग्ध उदपादकों को दी जाएगी**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि गांव-देहात से होकर विकास का दरवाजा खुलता है। ऐसे में किसानों की खुशहाली से ही राज्य मजबूत बनेगा। हमारी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार ठोस निर्णय ले रही है। सोरेन राजधानी रांची के धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में गुरुवार को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से आयोजित झारखंड कृषि ऋण माफी योजना कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के 1,76,977 लाख किसानों के दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ कर उन्हें बड़ी सौगात दी। इन सभी किसानों के लगभग 400.66 करोड़ रुपये के कर्ज की अदायगी राज्य सरकार जरिये की गई। मुख्यमंत्री ने इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के बिरसा किसान इंटीग्रेटेड पोर्टल का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज किसानों के समक्ष तरह-तरह की चुनौतियां आ रही है। ऐसे में किसानों को राहत देने के मकसद से उनके दो लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफ करने का निर्णय हमारी सरकार ने लिया है ताकि उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर उन्हें उन्हें कृषि के क्षेत्र में नई शुरूआत करने का मौका मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण परिवेश में रहती है। यहां के किसान-मजदूर जीविकोपार्जन के लिए खेती-बाड़ी पर निर्भर हैं। ऐसे में उनका खेत उनका बैंक है तो खलिहान एटीएम। कार्यक्रम में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, केशव महतो कमलेश, राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

**68 हजार दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जाएगा :** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कृषि विभाग के सचिव अबु बकर सिद्दीक तथा एनडीडीबी, आनंद , गुजरात के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एस रघुपति के बीच पांच वर्षों के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर संपन्न हुआ। इसके तहत लगभग 68 हजार दुग्ध उत्पादकों को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा दुग्ध उत्पादकों को दूध उत्पादन के उचित मूल्य के अलावा 5 रुपये प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

### 20 लाख गरीबों को दे रहे अबुआ आवास

हम लोगों के रोटी, कपड़ा और मकान जैसे मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। इस कड़ी में 20 लाख अतिरिक्त राशन कार्ड जारी कर मुफ्त अनाज दे रहे हैं। 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास देने की योजना शुरू की है। सोना- सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत गरीबों को धोती साड़ी और लूंगी दे रहे हैं।

## पहली कैबिनेट में 2.87 लाख रिक्त पदों को भरेंगे : शिवराज

**केंद्रीय मंत्री ने कहा कि धान की फसल यहां मिट्टी के मोल बिक रही है। आप भाजपा की सरकार लाइये, 3,100 रुपये प्रति क्विंटल आपका धान खरीदा जाएगा।**

▶▶ **जेएमएम अब झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं, 'पेपर लीक मोर्चा' बन गई**

▶▶ **ग्रेजुएशन के तुरंत बाद दो साल तक युवाओं को प्रति माह देंगे दो हजार रुपये**



**गुमला।** गुमला के सिसई में आयोजित परिवर्तन महासभा को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आज परिवर्तन का संदेश देने परिवर्तन यात्रा आई है। राज्य में जो हेमंत सोरेन की सरकार चल रही है, उससे हम सब बेहाल हैं। राज्य में 2.87 लाख सरकारी पद रिक्त हैं। भाजपा की सरकार बनने के बाद ये सभी पद भरने का निर्णय कैबीनेट की पहली बैठक में ही ली जाएगी और कैलेंडर बनाया जाएगा। कॉलेज की डिग्री पूरी करने के बाद रोजगार प्राप्त करने में 2 साल लगती है। हम 2 साल तक 2,000 रुपये प्रतिमाह बच्चों को देंगे। हम केवल सत्ता परिवर्तन नहीं करेंगे, सम्पूर्ण व्यवस्था में परिवर्तन करेंगे, जिससे आपका कल्याण हो। उन्होंने कहा कि आज मकान बनाने के लिये बालू नहीं मिल रही है, बालू सीमेंट की तरह बाल्टी में बिक रही है। गरीब आदमी को मकान बनाना मुश्किल हो गया है। आज झारखंड की हालत ये है कि पिछले 5 साल में 7,400 से ज्यादा बलात्कार, 6,000 से ज्यादा अपहरण, 7,000 से ज्यादा हत्याएँ हुई हैं। रुबिका पहड़िया जैसी हमारी बेटियां, उन्हें पहले प्रेम जाल में फंसाया जाता है और बाद में उनकी हत्या कर दी जाती है। राज्य में अपराधी ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

मनरेगाकर्मियों की मांगें कैबिनेट में रखी जाने की संभावना

## मनरेगाकर्मी की हड़ताल टूटने के आसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मनरेगाकर्मी की पिछले दो महीने से चल रही हड़ताल संभवतः आज टूट जाएगी। विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे मनरेगाकर्मी आर पार के मूड में हैं जिस कारण सैंकड़ों एकड़ में बिरसा हरित योजना के तहत वृक्षारोपण का कार्य रुका पड़ा है। पलामू के अनेक प्रखंडों में योजना स्वीकृत तक नहीं हुई है ऐसे में आदर्श आचार संहिता लग जाने पर करोड़ों रुपए लीपापोती में खर्च भले हो जाएं पर बरसात के बाद पौधारोपण या उसकी देखभाल कैसे होगी इसकी चिंता किसी को नहीं। सूत्रों के अनुसार 2019 में वर्तमान राज्य सरकार ने उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। सरकार का कार्यकाल समाप्त होने को है और चुनाव होने वाले हैं। अब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया है। अब कैबिनेट बैठने वाली है तो इनको एक अंतिम उम्मीद लग रही है कि उनकी मांगें पूरी होंगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार आज उनकी मांगें पूरी होंगी और हड़ताल टूटेगी।

## मैरिटल रेप मामले में पति दोषी करार, गया जेल

● **दोषी के सजा के बिंदु पर सुनवाई 30 सितंबर को निर्धारित**

● **2015 में कोतवाली थाने में पत्नी ने एफआईआर दर्ज कराई थी**

**रांची।** मैरिटल रेप यानी पत्नी से उसकी इच्छा के बगैर जबरन यौन संबंध बनाने के मुद्दे पर देश में छिड़ी कानूनी बहस के बीच एक ऐसे ही केस में रांची की सिविल कोर्ट का फैसला सामने आया है। रांची के अपर न्यायायुक्त की कोर्ट ने पत्नी के साथ उसके विरोध के बावजूद बार-बार यौन संबंध बनाने के मामले में ट्रायल फेस कर रहे अभियुक्त रणधीर वर्मा को दोषी करार दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया है। कोर्ट ने उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख निर्धारित की है। रणधीर वर्मा के खिलाफ उसकी पत्नी ने 2015 में रांची के कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले की सुनवाई के दौरान सूचक एवं गवाहों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी माना है। महिला ने पति के खिलाफ साल 2016 में दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए एक अलग केस सुखदेव नगर थाना में दर्ज कराया था। इस मामले में भी कोर्ट में सुनवाई पूरी ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

## विधानसभा चुनाव की तैयारियों को पदाधिकारी मूर्त रूप देना सुनिश्चित करें : रवि कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियों को पदाधिकारी मूर्त रूप देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में विभिन्न माध्यमों से आए शिकायतों को संज्ञान में रखते हुए आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां सुनिश्चित करें। आगामी विधानसभा चुनाव में सुरक्षा का सुदृढ़ प्रबंधन सुनिश्चित करें। कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से लोकसभा निर्वाचन संबंधी मामलों एवं आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित विभिन्न विषयों पर सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ ऑनलाइन माध्यम से समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर से इस बात का सर्टिफिकेट अवश्य लें कि उनके क्षेत्र में मतदाता सूची में एक भी गलत विलोपन न हुआ हो।

**जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करें :** उन्होंने कहा कि निर्वाचन में जीरो रिस्क के साथ सभी सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने की तैयारी करें। सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में सभी प्रवर्तन एजेंसियां सुदृढ़ता से इस बात को सुनिश्चित करेंगे की राज्य में कोई भी अवैध लेनदेन या आवागमन न हो इसे कठोरता से ▶▶ शेष पृष्ठ 09 पर

### आज | कल

तीसरी आंख




## इंडिया: झारखंड में अवैध घुसपैठ और धर्मातरण की राजनीति या फसाना?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

झारखंड में लगभग 10 प्रतिशत जनजातीय जनसंख्या का घटना जनगणना में दिख रहा है और अवैध घुसपैठ पर राजनीति अब जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट के विचाराधीन है। विधानसभा चुनाव की आहट के बीच झारखंड और देश की सीमा से सटे इलाकों में घुसपैठ, लव जिहाद, लैंड जिहाद के मुद्दे जोर पकड़ रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि क्या वाकई झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ महज एक संयोग है या एक गहरी साजिश? झारखंड के संथाल परगना के पाकुड़, साहिबगंज, जामताड़ा, राजमहल, गोड्डा और दुमका में बड़ी संख्या में अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों के अलग-अलग माध्यम से आने की सूचनाएं मिलती रहती हैं। झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को फटकार लगाई थी। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिद्युत रंजन षाड़ंगी और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने इससे पहले देवघर, पाकुड़, दुमका, साहिबगंज, गोड्डा और जामताड़ा के उपायुक्तों को अपने-अपने जिलों में अवैध प्रवासियों की वास्तविक स्थिति पर रिपोर्ट पेश का आदेश दिया था। अदालत ने इस मामले में संथाल परगना के छः जिलों के पुलिस अधीक्षकों को आदेश दिया था कि वे अवैध प्रवासियों की स्थिति के बारे में उपायुक्त को जानकारी दें, जिससे वह रिपोर्ट तैयार कर सकें। अदालत ने राज्य के मुख्य सचिव को भी निर्देश दिया था कि वे उपायुक्त के साथ मिलकर इस स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करें। अदालत को बताया गया कि उपायुक्त ने हलफनामा दाखिल नहीं किया बल्कि अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा दाखिल किया गया जिसमें घुसपैठ नहीं होने और इन क्षेत्रों में मदरसे पहले से होने की बात कही गई थी। पीठ ने हलफनामा स्वीकार करने से इनकार कर दिया और उन्हें नए सिरे से दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है और उपायुक्त द्वारा की गई इस तरह की कार्रवाई अदालत को गुमराह करने के लिए की गई प्रतीत होती है।संताल परगना इलाके के साहिबगंज व पाकुड़ जिले में आदिवासियों की जनसंख्या में लगातार कमी आने व मुस्लिमों की जनसंख्या में वृद्धि होने का मामला 2022 में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने लोकसभा में उठाया था। उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि 1901 में साहिबगंज जिले में आदिवासियों की जनसंख्या 35 प्रतिशत थी, जबकि मुस्लिमों की जनसंख्या मात्र 9 प्रतिशत ही थी। आज आदिवासियों की जनसंख्या महज 24 प्रतिशत रह गई है, वहीं दूसरी ओर मुस्लिमों की जनसंख्या 9 से बढ़कर 35 प्रतिशत पहुंच गई है। निशिकांत कहा कि पूरे राज्य की यही स्थिति है। इस वजह से क्षेत्र की डेमोग्राफी भी बदल रही है। उन्होंने बताया था कि आदिवासियों की जनसंख्या में लगातार कमी आने की वजह से ही पूरे देश में लागू होने के बाद भी झारखंड में परिसीमन लागू नहीं हो पाया है। आदिवासियों की जनसंख्या में कमी आने की वजह से उनके लिए आरक्षित लोकसभा की एक व विधानसभा की तीन सीट में कमी आ रही है। संथाल में बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर लगातार राजनीति भी गरम होती जा रही है। पूर्व में बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर झारखंड पुलिस का स्पेशल ब्रांच भी अलर्ट जारी कर चुका है। 2001 की जनगणना में दुमका की जनसंख्या 11 लाख 7 हजार के करीब जो 2011 में बढ़कर लगभग 14 लाख हो गई। आंकड़े बताते हैं कि संथाल के सभी 6 जिलों में 12 लाख से ज्यादा नई आबादी बस गई है। भाजपा का कहना है संथाल में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी पाकुड़ में करीब 40 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, साहिबगंज में मुस्लिम आबादी में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भाजपा का कहना है कि संथाल परगना के छह जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने में वहां के जमीन दलालों की सबसे बड़ी भूमिका है। गिफ्ट डीड के जरिए जमीन दलाल बांग्लादेशियों को बसा रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि झारखंड गठन के बाद संथाल परगना में जमाबंदी की गई जमीन खरीदने वालों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। 13 दिसंबर, 2023 को भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने दस्तावेज जारी कर बताया था कि 120 से ज्यादा नकली वेबसाइट के जरिए नकली बर्थ सर्टिफिकेट बनाए जा रहे हैं। इसमें झारखंड को लेकर विशेष रूप से सतर्क किया गया था। दो जून, 2023 को झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने सभी जिलों के पुलिस कप्तान और डीसी को एक पत्र लिखा था कि संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठियों के प्रवेश करने की सूचना है और बांग्लादेशी घुसपैठियों को पहले विभिन्न मदरसों में ठहराया जाता है,इसके बाद उनका सरकारी दस्तावेज तैयार किया जाता है और उनका नाम मतदान मतदाता सूची में शामिल कर लिया जाता है। मतदाता सूची में शामिल होने के बाद साजिश के तहत उन्हें वहां बसा दिया जाता है।



## विधानसभा चुनाव के लिए झारखंड पुलिस पूरी तरह तैयार : डीजीपी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता का दावा है कि यदि कल चुनाव की घोषणा हो जाय तो भी झारखंड पुलिस चुनाव करवाने को तैयार है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। डीजीपी ने बताया कि चुनाव आयोग के साथ हुई बैठक में झारखंड पुलिस की तरफ से चुनाव को लेकर की गई तैयारी का पूरा विवरण पेश किया गया है। झारखंड पुलिस पूरी तरह से विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है, उन्हें बस इसका इंतजार है कि विधानसभा चुनाव कितने चरणों में संपन्न होगा। यदि चुनाव एक ही चरण में संपन्न होगा तो उसके लिए फोर्स की आवश्यकता ज्यादा होगी और उसी के अनुसार तैयारी किया जाएगा। यदि चुनाव दो या तीन चरण में होंगे तो फोर्स की संख्या भी कम रहेगी।

**8000 बूथ अतिसंवेदनशील और संवेदनशील :** डीजीपी ने बताया कि राज्य में करीब 20 हजार बूथ हैं। इसमें आठ हजार अतिसंवेदनशील और संवेदनशील हैं जबकि 12000 समान्य बूथ हैं। सभी 8000 अतिसंवेदनशील और संवेदनशील बूथ पर पैरामिलिट्री को तैनात किया जाएगा जबकि 12000 नॉर्मल बूथों पर झारखंड पुलिस के जवानों की तैनाती की जाएगी। चुनाव आयोग की तरफ से जो भी निर्देश मिले हैं, उसका अक्षरशः पालन किया जा रहा है। इसे लेकर सभी जिलों के एसपी को निर्देश भी जारी किए गए हैं। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह निष्पक्ष रूप से कार्य करें।

## एक नजर

### जांच अभियान, 20 मोटरसाइकिल का कटा चालान

**मेदिनीनगर।** छः मुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें चार पहिया और दोपहिया वाहनों की जांच की गई। इस दौरान कुछ दोपहिया वाहनों के चालक बिना हेलमेट और ट्रिपल लोड पाए गए, जबकि कई चालक बिना लाइसेंस के गाड़ी चला रहे थे। इन वाहनों को जब्त कर सुरक्षा के दृष्टिगत शहर थाना में रखा गया है। इस जांच में 08 मोटरसाइकिलों को सीजीएम कार्यालय, डाल्टनगंज पलामू, चालान फाइन के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, सीजीएम कार्यालय डाल्टनगंज से 20 मोटरसाइकिलों का चालान फाइन राशि ?62,000 और 02 ई-रिक्शा तथा 01 टेंपो सवारी गाड़ी का चालान फाइन राशि ?450 आया है। परिवहन कार्यालय डाल्टनगंज से 01 मोटरसाइकिल गाड़ी के शराब पीकर चलाने वाले चालक का चालान फाइन राशि ?1,200 और 01 ई-रिक्शा सवारी गाड़ी का चालान फाइन राशि ?1,150 आया है। यह जानकारी यातायात प्रभारी ने दी।

### जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में कई निर्णय

# अवैध खनन पर का डीसी सख्त निर्देश: कहा -लापरवाही बर्दाश्त नहीं



**जिले में अवैध खनन के खिलाफ सख्त कदम, कई अधिकारियों को निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के डीएफओ, एसडीओ, और अनुमंडल पदाधिकारी सभागार में उपस्थित रहे, जबकि थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी वर्चुअल मोड के जरिए जुड़े। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध खनन पर नियंत्रण और संबंधित अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा करना था। बैठक में उपायुक्त ने विभिन्न थानों और अंचलों में अवैध खनन के खिलाफ की गई कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा की। जिन थाना क्षेत्रों में कोई कार्रवाई नहीं की गई थी, वहां के थाना प्रभारियों और अंचल अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाएं और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**खनिज स्रोत की जानकारी दें ईई**

बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी कार्यपालक अभियंताओं को भी पत्र भेजकर खनिज स्रोतों की जानकारी देने का निर्देश दिया। यह आदेश यह सुनिश्चित करने के लिए है कि निर्माण कार्यों में प्रयोग हो रहे खनिज वैध स्रोतों से आ रहे हों। उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ उठाए गए कदमों का पालन सख्ती से होना चाहिए ताकि जिले में खनन से जुड़ी सभी गतिविधियां पारदर्शिता और कानूनी ढांचे के अंतर्गत हों। इस बैठक से यह स्पष्ट है कि जिला प्रशासन अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सभी संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर कार्रवाई का ब्यौरा देने और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**एक महीने में 119 वाहन जब्त**

जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बैठक में बताया गया कि बीते एक महीने में 119 वाहनों को जब्त किया गया है, जिससे करीब 86 लाख रुपये का जुमार्ना वसूला गया। इसके अलावा, 100 से अधिक लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की गई है। पत्थर खदानों का सर्वेक्षण करते हुए करीब 67 लाख रुपये की वसूली की गई है। उपायुक्त ने सभी पत्थर खदानों की नापी करने का निर्देश देते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अवैध खनन पूरी तरह से रोका जाए।

**डीजीपीएस सर्वे की प्रक्रिया जारी**

बैठक में खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया 27 पट्टों का डीजीपीएस सर्वे किया जा चुका है, और शेष पट्टों का सर्वेक्षण जल्द पूरा किया जाएगा। उपायुक्त शशि रंजन ने इस प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश देते हुए कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर कड़ी नजर रखी जाए। इसके साथ ही सभी टास्क फोर्स के सदस्यों को सख्त निर्देश दिए गए कि वे किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करें और समय-समय पर निरीक्षण करें।

## एमएमसीएच में पहली बार फुल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी सफल, आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क हुआ इलाज

### प्रशासन ने महिला का बनवाया आयुष्मान कार्ड, इसके बाद हुआ ऑपरेशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमंडल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल, एमएमसीएच में गुरुवार की शाम को चंद्रमानी देवी नामक महिला का कूल्हा रिप्लेसमेंट किया गया। यह एमआरएमसीएच के इतिहास में पहली बार हुआ है और इलाज आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क किया गया। सर्जरी के बाद मरीज की हालत में सुधार है। महिला पाठकपगार, पिपराटांड़ की निवासी हैं।



**उपायुक्त ने लिया निर्णय, सीएस के नेतृत्व में सफल हुआ ऑपरेशन**

जब इस मामले की जानकारी जिले के उपायुक्त शशि रंजन को मिली, तो उन्होंने तुरंत मरीज का ऑपरेशन कराने के निर्देश दिए। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ. अनिल ने सभी कागजी प्रक्रियाएं पूरी करते हुए आवश्यक उपकरण जुटाए और एक विशेष डॉक्टरों की टीम बनाई, जिसमें डॉ. प्रवीण, दीपक, हरिओम और शस्मिता शामिल थे। सभी डॉक्टरों की टीम ने मिलकर महिला का सफल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के लिए महिला का आयुष्मान कार्ड भी अस्पताल द्वारा तैयार किया गया था। ऑपरेशन की सफलता में सहायक के रूप में नवीन, लव, दामोदर, प्रमिला, लीला और रीना का विशेष योगदान रहा।

**सीमित संसाधनों के साथ उत्कृष्ट कार्य : डीसी**

कूल्हा प्रत्यर्पण के सफल ऑपरेशन के बाद डीसी रंजन ने डॉक्टरों की टीम को बधाई दी और कहा कि जिला प्रशासन अस्पताल को हर तरह की सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने डॉक्टरों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सीमित संसाधनों के साथ उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने यह भी कहा कि जिला अस्पताल में अपनी सेवाओं को बढ़ाकर हम सभी रोगियों को उच्चतम उपचार प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि भविष्य में इस तरह के ऑपरेशन के लिए लोगों को बाहर न जाना पड़े।

### गरीबी बन रही आगे बढ़ने में बाधक, जनप्रतिनिधियों से सहयोग की उम्मीद

## पलामू के राकेश का अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप पैरा थ्रो बॉल में चयन

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रांची के खेल गांव में आयोजित दो दिवसीय पैरा थ्रो बॉल में झारखंड टीम को स्वर्ण पदक प्राप्त मिला है। झारखंड टीम ने राजस्थान को हराकर खिताब जीता। झारखंड के टीम में पलामू जिले के पंड़वा थाना क्षेत्र के रहने वाले राजेश कुमार मेहता भी शामिल रहे। राजेश ने बतौर उप कप्तान टीम का प्रतिनिधित्व किया था। अब जल्द वह जल्द ही थ्रो बॉल की भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। कंबोडिया में होने वाले इस आयोजन के लिए 10 सदस्य टीम में उनका चयन हुआ है। राजेश दिव्यांग है। बचपन में ट्रक हादसे में अपना एक पैर गंवा चुका हैं, लेकिन अपने जज्बे से बड़ी मुकाम हासिल करना चाहते हैं। तीन भाई तीन बहनों में सबसे छोटे राजेश के पिता का पूर्व में देहांत हो चुका है। इसके बाद से उनकी माता विमल कुंवर सब्जी आदि बेचकर राजेश का भरण पोषण करती हैं। वह बुधवार को जब चैंपियनशिप में भाग लेकर वापस आए तो रेलवे स्टेशन पर उनका ग्रीन वैली स्कूल तथा अन्य लोगों द्वारा माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि वह 2012 से ही थ्रो बॉल खेल रहे हैं। पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ था, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण उन्होंने उसमें भाग नहीं लिया। इस बार उनकी दिल्ली ख्वाहिश है कि वह अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में जाएं और भारत का नाम रोशन करें। एक कसक उन्हें यह भी है कि बाकी जिलों में जो खिलाड़ी चैंपियनशिप में विजेता टीम का हिस्सा बने उनका भव्य तरीके से जनप्रतिनिधि और खेल प्रेमियों द्वारा स्वागत किया गया, लेकिन पलामू में उन्हें वह गर्म जोशी नहीं दिखाई दी। राजेश के अनुसार आगामी चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए उन्हें 85 हजार रुपए की आवश्यकता पड़ेगी, परंतु वह इस बार किसी भी परिस्थिति में हार नहीं मानेंगे। उन्हें अभी भी मदद की उम्मीद है।

## नगर निगम की लापरवाही उजागर: सड़कों पर नालियों का पानी बहने से बढ़ी मुश्किलें

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बंगाल में उठे साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर पलामू जिले में भी देखने को मिला, जिससे बुधवार से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ और लोग घरों से कम ही बाहर निकले। मौसम विभाग ने भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। मेदिनीनगर में कोयल रिवर फ्रंट और शहर के सौंदर्यीकरण पर ध्यान तो दिया गया, लेकिन नालियों और सड़कों का समुचित निर्माण नहीं हो सका। परिणामस्वरूप, छह मुहान से बैरिया तक और रेड़मा रांची रोड पर बड़े गड्ढों में पानी भर गया, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

**नगर निगम क्षेत्र में जल जमाव से बढ़ी दिक्कतें**

शहर के प्रमुख क्षेत्रों में बारिश के बाद जल जमाव ने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कचहरी क्षेत्र, समाहरणालय और नगर निगम कार्यालय के सामने पानी भरने से आमजन को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## टिकट दर महंगा होने पर लोगों ने दी प्रतिक्रिया

### वंदे भारत एक्सप्रेस खुलने से लोगों को होगी समय की बचत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के चलने से पलामू की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गयी। अब समय की बचत के लिए लोग हवाई सफर पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में ट्रेनों की स्पीड बढ़ाकर सेवा देने से समय की बचत होगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 160 की स्पीड से चलेगी, जिससे कम समय में जल्द पहुंचा जा सकेगा।

**यात्रियों को ज्यादा दूरी कम समय में पूरी होगी:** रंजन वंदे भारत चलने पर छात्र रंजन कुमार यादव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू की यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, जिसे रेल मंत्रालय ने पूरी की है। यात्रियों को ज्यादा दूरी तय करने में समय की बचत होगी। सुगम कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी।



**वंदे भारत का चलना सुखद: सन्नी शुक्ला :** जेएमएम युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा कि वंदे भारत का चलना सुखद है। परंतु पलामू के छात्रों और युवाओं के हित को देखते हुए कोटा, चेन्नई और पुणे बैंगलोर के लिए भी ट्रेन चलना चाहिए। साथ ही ट्रेन सुरक्षित रूप से चले और यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होनी चाहिए।



**ट्रेन घाटे में रहेगी: कृष्ण कन्हैया दुबे :** उद्यमी कृष्ण कन्हैया दुबे का मानना है कि व्यावसायिक दृष्टिकोण से यह ट्रेन भी घाटे में रहेगी। साथ ही सवारी भी घाटे में रहेंगे। सबसे मुख्य बात इससे कई ट्रेनों का समय भी प्रभावित होगा।



**कीमती समय की बचत होगी: प्रकाश सिंह**



युवा व्यवसायी प्रकाश सिंह राजपूत ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें काफी प्रसन्नता हुई। हमें जब पटना जाना होता था तो रात भर का समय लगता है। वन्दे भारत के आने से आधे समय में पटना पहुंच जाएंगे, जिस से हमारी कीमती समय की बचत होगी।

## कार्यक्रम

### पलामू चैंबर महिला विंग द्वारा 8-9 अक्टूबर को भव्य डांडिया नाइट का आयोजन

# नवरात्र में डांडिया नाइट: रिमी सेन और रश्मि देसाई के साथ झूमेगा शहर






**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की महिला विंग इस वर्ष भी नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नाइट 2024 का भव्य आयोजन करेगी। कार्यक्रम में फिल्म स्टार रिमी सेन और टीवी स्टार रश्मि देसाई 8 और 9 अक्टूबर को डांडिया नृत्य के लिए मेदिनीनगर आ रही हैं। कार्यक्रम की योजना अध्यक्ष संध्या ने बताया कि इस बार का आयोजन बड़े शहरों की तर्ज पर किया जा रहा है, जिसमें मुंबई की मशहूर महिला डीजे और स्टार नाइट की एंकर विशेष आकर्षण रहेंगी। इस आयोजन के लिए शहर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर का भरपूर सहयोग मिल रहा है, जो कार्यक्रम का उद्घाटन भी करेंगी। नवरात्रि के विशेष व्यंजनों के साथ खाने-पीने का भव्य इंतजाम दिल्ली दरबार में किया गया है, जिसमें बिना लहसुन-प्याज के व्यंजन भी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला सहयोगी टीम, जिसमें कोमल अग्रवाल सर्राफ, शिवानी आनंद, रंजीता, टीना आनंद, सिमरन कौर, आलिया सिंघानिया आदि का अहम योगदान है।

**28 से उपलब्ध होगा आमंत्रण पत्र**

कार्यक्रम में 500 लोगों के लिए सीमित व्यवस्था है, और आमंत्रण पत्र 28 सितंबर से होटल शिवाय ब्लू, नवदीप वस्त्रालय, आनंद मोटर्स, और गांधी उद्यान दिल्ली दरबार में उपलब्ध होंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में तीन बेस्ट डांडिया कपल और दो डांडिया क्वीन अवार्ड दिए जाएंगे। डांडिया स्टिक भी कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध रहेगा।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु टीम रवाना



**मेदिनीनगर।** राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पलामू जिला कबड्डी टीम सरायकेला के लिए रवाना हुई। ये खिलाड़ी सीनियर बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे और अपने प्रतिभा का हुनर दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता 29 सितंबर तक चलेगी। उनके साथ टीम मैनेजर के तौर पर ऋषिका कुमारी भी शामिल है। पलामू जिला का कबड्डी संघ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 28 सितंबर को झारखंड दौरे पर, पलामू में करेंगे जनसभा



**मेदिनीनगर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 28 सितंबर को झारखंड के पलामू जिले के दौरे पर रहेंगे। वे भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा में शामिल होंगे और मेदिनीनगर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम का समापन पलामू में होगा, जिसे शिवाजी मैदान में आयोजित किया गया है। गडकरी दोपहर 1 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के कई बड़े नेता भी उपस्थित रहेंगे। डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने मुक्त जानकारी दी। भाजपा नेता ने बताया कि नितिन गडकरी जनसभा में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। इधर केंद्रीय नेता के आगमन को सफल बनाने के लिए पलामू सांसद विष्णु दयाल राम और स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया कार्यक्रम स्थल शिवाजी मैदान का निरीक्षण कर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। इस परिवर्तन यात्रा की शुरूआत ऐतिहासिक श्री बंशीधर नगर से हुई थी, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। यात्रा के दौरान विभिन्न जनसभाओं में सांसद अनुराग ठाकुर, फिल्म स्टार एवं सांसद रवि किशन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जैसे नेताओं ने भी संबोधन दिया है। परिवर्तन यात्रा की निगरानी पूर्व सांसद सुनील सिंह कर रहे हैं।

### खेल प्रतिभाओं से चमत्कृत होता है राष्ट्र: डॉ. दुगार्नंद झा





**मेदिनीनगर।** शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में स्थानीय जिला स्कूल के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय खेलो झारखंड-2024 का सफल समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, खो-खो, वालीबाल, शतरंज, और योग जैसे विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिला के सभी विजेता टीमों और खिलाड़ियों को अब राज्य-स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, दुगार्नंद झा ने पुरस्कार वितरण समारोह में विजेताओं को कप और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, आपके उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्र चमत्कृत होता है। इसलिए, इस मंच के माध्यम से आप संयम और नियम के साथ आगे बढ़ें। पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। विजेताओं में पुष्पम कुमार, दुर्गा कुमारी, पीयूष तिवारी, प्रिया कुमारी, अभिषेक गुप्ता, और गुलनाज खातून शामिल हैं। इस अवसर पर सदर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरिप्रसाद ठाकुर, एपीओ जान मुथू, और सी-थ्री के आकाश कुमार भी मौजूद थे। रेफरी की भूमिका संजय त्रिपाठी, कमलानंद दूबे, उपेन्द्र कुमार, अभिलाष चंचल, और उनकी टीम ने बखूबी निभाई। खेलो झारखंड को सफल बनाने में कई शारीरिक शिक्षा शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रूक-रूककर हो रही बारिश के बावजूद खिलाड़ियों का उत्साह कम नहीं हुआ।

### प्रत्येक बूथ 10 नवयुवकों को रोजगार देना प्राथमिकता: केएन त्रिपाठी



**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी अपने प्रतिज्ञा यात्रा के 17वें दिन मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र बेलवाटिका के कान्दू मुहल्ला पहुंचे। बता दें कि 10 सितंबर से 1 अक्टूबर तक केएन त्रिपाठी प्रतिज्ञा यात्रा का शुभारंभ सिंगरा ग्राम से प्रारम्भ हुआ था। प्रतिज्ञा यात्रा बेलवाटिका के कान्दू मुहल्ला के रविदास भवन देवी मंडप आदि स्थलों से होकर गुजरा। इस दौरान केएन त्रिपाठी ने जनता को भरोसा दिलाया कि वह जनता को दिए गए वचनों से आज भी वचनबद्ध है। केएन त्रिपाठी ने मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि जो कार्य 2014 में अधुरा रह गया था। पिछले 10 सालों में कर्मठ व सुयोग्य जनप्रतिनिधि विधानसभा में नहीं भेजे जाने के कारण जनता परेशान हैं। एक बार छह-छह महिनों के लिए और दूसरे बार 10-11 महिनों के लिए राष्ट्रपति शासन रहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ से 10 नवयुवकों को रोजगार देना पहली प्रतिज्ञा है, जिसके लिए संकल्पित हैं। मौके पर सुरेंद्र कुमार (टिकैत), संजय राजन, अनुप सिन्हा, अनुप लाल, गौरव सिंह, सुनील यादव, अनिल साव, पारस भुइयां, घुरा राम, रंजीत चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

### लायंस क्लब का भोजन जरूरतमंदों के लिए : गुरवीर सिंह



**मेदिनीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के तत्वाधान में लगभग 400 जरूरतमंदों को सिंगरा मंदिर के पास और बस्ती में जाकर, पूरी, बुंदिया और सब्जी के रूप में स्वादिष्ट भोजन कराया गया। यह कार्यक्रम लायन गुरवीर सिंह के पुत्र अदब सिंह के द्वितीय जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे गुरवीर सिंह ने बताया कि ऐसा आयोजन कर लायंस परिवार के सभी सदस्यों को बहुत संतोष मिलता है। क्लब में विभिन्न क्षेत्रों के सेवादार हैं; मेडिकल क्षेत्र में हमारे सभी डॉक्टर सदस्य सक्रिय रहते हैं, वहीं दूसरी ओर छोटे-मोटे इस तरह के आयोजनों में हम सभी सदस्य कमान संभालते हैं। क्लब के सदस्यों द्वारा हमेशा यह प्रयास किया जाता रहा है कि समाज में जहां भी हमारी आवश्यकता हो, हम अपनी उपस्थिति अवश्य दर्ज करें। आने वाले 29 सितंबर को गढ़वा में डॉक्टर पंकज प्रभात द्वारा रन फॉर हार्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों लोगों के साथ झारखंड प्रदेश के माननीय मंत्री श्री मिथिलेश ठाकुर जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। हमारे अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ के साथ पूरी डॉक्टर सदस्यों की टीम सक्रियता से भाग लेकर सीपीआर ट्रेनिंग देने की जिम्मेदारी लेगी। जरूरतमंदों की सेवा के साथ-साथ स्वस्थ्य और शिक्षा पर हम सभी को जागरूक एवं सहयोग करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिमल प्रसून, ऋषिकेश दुबे, निलेश चंद्र, फिरोजुद्दीन अंसारी, एवं रणजीत मिश्रा सक्रिय रहे।

## एक नजर

### नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में चश्मा, दवा का वितरण

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के चिरौंजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में डीबीसी एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट की ओर से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों महिला एवं पुरुषों का आंख का मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद उन्हें चश्मा उपलब्ध कराते हुए घर के लिए विदा किया गया। जिसका वितरण राधिका नेत्रालय के चिकित्सकों द्वारा किया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने कहा कि मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर किसी को दृष्टि प्रदान करना एक नेक कार्य है। जिन लोगों की आंखों में मोतियाबिंद होता है, उन्हें कार्य करने में कितनी कठिनाई होती है, इसका अनुभव वे ही कर सकते हैं। ऑपरेशन के बाद मिलने वाले सुख को भी समझ सकते हैं। चिकित्सकों ने यह भी बताया कि वे इस प्रकार के कार्य गरीब परिवारों के बीच लगातार करते रहेंगे। राधिका नेत्रालय में कई महीनों से निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन चल रहा है। इस कार्यक्रम में जरूरतमंद लोगों का बिना किसी शुल्क के ऑपरेशन और चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मोतियाबिंद के मरीज अस्पताल में पहुंचकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### करंट की चपेट में आने से वृद्ध समेत बैल की मौत

**मेराल।** थाना अंतर्गत लखेया गांव निवासी 60 वर्षीय जीतन यादव व उनकी बैल की मौत बिजली प्रवाहित नंगे तार की चपेट में आने से हो गई। घटना को लेकर मृतक के पुत्र रविंद्र यादव ने मेराल थाना में लिखित आवेदन दिया है। थाना में दिए आवेदन में जीतन यादव गुरुवार को मवेशी चराने कारकोमा नदी किनारे गए थे। वहीं करेंट की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत हो गई।

# झामुमो का आक्रोश मार्च : विधायक भानू प्रताप के खिलाफ नारेबाजी

## केतार में नुक्कड़ सभा में उठी माफी की मांग

**सड़क दुर्घटना किसी भी व्यक्ति के साथ कहीं भी हो सकती है**



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने केतार बाजार स्थित कपुर्री गेट के समीप नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इससे पहले, झामुमो कार्यकताओं ने सब्जी बाजार स्थित अंबेडकर चौक से बाजार होते हुए कपुर्री गेट तक विधायक भानू प्रताप शाही द्वारा अमर्यादित बयान के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। इस दौरान विधायक भानू प्रताप शाही के खिलाफ नारेबाजी की गई। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडे ने कहा कि विधायक जैसे सम्मानित पद पर बैठने के बावजूद सड़क दुर्घटना में घायल उनके प्रखंड अध्यक्ष, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष एवं कार्यकताओं के बारे में जिस तरह की भाषा का प्रयोग किया गया है, वह उचित नहीं है। इस पर विधायक भानू को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना किसी भी व्यक्ति के साथ कहीं भी हो सकती है, और दुर्घटना में घायल झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सहित दो कार्यकर्ता बेड पर हैं। उन्हें देवी-देवता का श्राप बताना बिल्कुल गलत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने की, जबकि संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष छोटन सिंह ने किया। ज्ञात हो कि चार दिन पहले एक कार्यक्रम में विधायक भानू प्रताप शाही ने पूर्व प्रखंड अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष पर वन पट्टा दिलवाने के नाम पर दस-दस हजार रुपए वसूलने का आरोप लगाया था।मौके पर जिला उपाध्यक्ष ललू राम, राम बिचार साहू, सूर्यनाथ सिंह, श्री राम सिंह, उमेश दुबे, सुरेंद्र गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता, गोपाल विश्वकर्मा, जयंत विश्वकर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जान जोखिम में डालकर ग्रामीण नदी पार करते हैं



**भंडरिया।** प्रखण्ड के बिन्दा से लिधकी रोड में आज तक ग्रामीण जान जोखिम में डालकर नदी पार कर भंडरिया पहुंचते हैं। भंडरिया मुख्यालय से महज सात किलो मीटर दूर है, जो लिढ़की से भंडरिया आने के लिए बारिश होने पर किसी तरह नदी पार कर भंडरिया पहुंचते हैं। बारिश होने पर अगर ग्रामीणों की तबियत खराब हो जाए तो नदी पार करने के लिए नदी में पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है। कुछ ग्रामीण अपने मोटरसाइकल को कंधा पर उठाकर नदी पार करते हैं।

## हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त, खेतों में फसलों को रौंदा



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरिया।** भंडरिया वन क्षेत्र के नगनाहां गांव के लिद्धकी टोला में बुधवार रात्रि हाथियों ने दो घर को ध्वस्त कर दिया। साथ ही किसानों के दर्जनों एकड़ खेत में लगे धान के फसल को रौंद कर व खाकर नष्ट कर दिया। लिद्धकी निवासी अनिल कुजूर ने बताया कि बुधवार की रात्रि 20 से 30 की संख्या में छोटे बड़े हाथी गांव में घुस गए। इस दौरान उनका व गुजुआ देवी के घर को ध्वस्त कर दिया। जिन किसानों का फसल नष्ट हुआ है। उनमें संदीप मिंज, जीवंती मिंज, मम्मी देवी, अनीता बड़ा, विनय कुजूर, पतरस कुजूर, प्रकाश लकड़ा, सुशीला केरकेट्टा, धर्मदास कच्छप, विमली कच्छप, प्रमिला कच्छप, तरसियुस कच्छप, शांति देवी, सुधीर कुजूर, बसंती तिर्की, प्रमिला लकड़ा, सेठवा कुजूर के नाम शामिल हैं। अचानक गांव में इतने की संख्या में जंगली हाथी के आ जाने से गांव के लोग दहशत में हैं। गांव में हाथी आने की सूचना पर वन कर्मी रामब्रत सिंह नष्ट हुए घर व फसल का मुआयाना कर सभी किसानों को वन कार्यालय में आवेदन जमा करने की बात कही।

## भाजयुमो ने जेएसएससी, सीजीएल भर्ती परीक्षा लीक मामले में हेमंत का पुतला फूंका



नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** राज्य स्तरीय कार्यकम के तहत गुरुवार को भाजयुमो गढ़वा के बंशीधर नगर में जेएसएससी जेसीएल भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में जिला अध्यक्ष मुन्ना तिवारी नके नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला फूंका। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति मुकेश चौबे ने कहा कि राज्य में परीक्षा पत्र लीक होना सरकार के मनसा पर सवाल खड़ा करता है। जनवरी में स्नातक स्तरीय परीक्षा का पेपर लीक हुआ, फिर 21 और 22 सितंबर को भी इस तरह का मामला आ रहा है कि कई जगह प्रश्न पत्र पहले से खुला मिला है। कई जगह बाहर में प्रश्न और उत्तर बताते हुए लोग देखे गए हैं। इतना ही नहीं 2019 सेंट्रल स्नातक स्तरीय परीक्षा का पूरा सेट उठाकर इस परीक्षा में दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब सरकार नई तरीके से पूरे सुनियोजित होकर इंटरनेट बंद कर और छात्रों के भविष्य के साथ खुलकर खेल रही है। इंटरनेट सेवा बंद और इसके आड़ में पेपर लीक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार शीघ्र सुधार नहीं करती है तो आने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री और मंत्री सहित पूरे सरकार को युवा उखाड़ कर फेंकेंगे। शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के राज्य में पूरी तरह से शिक्षा व्यवस्था फेल है। परीक्षा में लगातार धांधली देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पांच वर्षो में कदारचार मुक्त परीक्षा नहीं लें पाए। मौके पर एसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह, सोनू सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष आशुतोष पांडेय, मंडल अध्यक्ष विकास पांडेय, कृपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ,लालमोहन यादव, विभूति चौबे, जितेंद्र दीक्षित, प्रभात कुमार, सुधीर प्रजापति, मिथलेश पासवान, राहुल देव पाल, विद्या पासवान, नन्द किशोर प्रसाद, चिंटू तिवारी, धर्मदेव यादव, शशि कुमार, विवेकानंद पांडेय,नारद प्रजापति, अशोक सिंह, सत्यनारायण पांडेय, निक्कू तिवारी, नीरज पांडेय, नीरज कुमार, अजय गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## बचु भुइयां के परिजनों को एक करोड़ मुआवजा व आश्रित को नौकरी दे सरकार: पंकज चौबे

नवीन मेल संवददाता

**गढवा।** बसपा ने डंडई में कथित रूप से हाजत में पुलिस पीटाई से मृत बचू भुइयां के परिजनों के लिये एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने तथा सीबीआई जांच कर दोषियों पर कारवाई करने की मांग की है। इसको लेकर बसपा नेताओं ने झारखंड के गृह सचिव को आवेदन प्रेषित किया है। इसके अलावे मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तथा राष्ट्रपति को भी आवेदन भेजकर कारवाई की मांग की है। इसको लेकर गढ़वा प्रखंड कार्यालय के समीप आयोजित पत्रकार वार्ता में गुरूवार को भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी पंकज चौबे ने कहा कि उन लोगों ने इस घटना के बाद एक जांच कमेटी बनायी थी। जांच कमेटी ने इस मामले की गहनता से जांच की है। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर की सुबह सात बजे बचा भुइयां को पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर थाना लाया था। वहां 23 सितंबर तक बना न्यायालय के आदेश के रखा गया और बुरी तरह से मारपीट की गयी और प्रताड़ित किया गया. बेरहमी से पीटायी की वजह से बचा भुइयां की थाना में ही मौत हो गयी। 23 सितंबर की रात्रि में ही बचा भुइयां के नाबालिग पुत्र को थाना प्रभारी ने फोन कर थाना में आने के लिये कहा, लेकिन पुलिस के भय से परिवार के लोग थाना नहीं आये. श्रीचौबे ने कहा कि 24 सितंबर को जब बचा भुइयां को पीट-पीटकर हत्या करने की बात ग्रामीणों को पता चली तब से पुलिस इसे आत्महत्या का रूप देने के लिये मनगढ़ंत कहानी लोगों को सुना रही है। शव को जलाने के लिये टायर का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों से सादे कागजातों पर हस्ताक्षर करा लिया गया है और अंत्यपरीक्षण कराकर 24-25 सितंबर की रात्रि में बिना परिजनों व ग्रामीणों की मौजूदगी में ही टायर जलाकर शव को जला दिया गया। संपूर्ण साक्ष्य को मिटा दिया गया। उन्होंने कहा कि इस मामले से बचने के लिये पुलिसकर्मी तमाम तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इस मामले में यदि दोषियों को दंडित नहीं किया जाता है और मुआवजा का भुगतान नहीं होता है, तो वह सभी समाहरणालय का घेराव करने का काम करेंगे। साथ ही जोरदार आंदोलन करेंगे। मौके पर बसपा जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार, बसपा नेता भोला कुमार, राकेश कुमार पांडेय, प्रवीण दूबे, अभय चौबे, पप्पू ठाकुर आदि मौजूद थे।

### कीटनाशक दवा खाकर आत्म हत्या की

**गढ़वा।** नगर ऊंटरी थाना क्षेत्र के सरहस ताल गांव निवासी इसराइल अंसारी का पुत्र शमशाद अंसारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शमशाद अंसारी को आपसी किसी बात को लेकर अपने पत्नी के साथ आपस में नोक झोंक हो गया था। इसी बात से आक्रोशित होकर शमशाद अंसारी ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे नगर ऊंटरी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## राशन कालाबाजारी के खिलाफ लाभुकों का हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** प्रखंड के ढोटी के डीलर राजेश्वर बैठा के खिलाफ राशन कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए लाभुकों ने जमकर हंगामा किया। लाभुकों का कहना था कि डीलर के द्वारा प्रत्येक माह राशन नहीं दिया जा रहा है। राशन की कालाबाजारी किया जा रहा है। लाभुकों ने कहा कि जब भी हम लोग राशन लेने जाते हैं डीलर के द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। लाभुकों ने कहा हमलोगो से अंगूठा लगवा लिया जाता है और राशन नहीं दिया जाता है। लाभुकों ने उपायुक्त से डीलर पर कार्रवाई करने की मांग किया है। लाभुकों ने कहा कि डीलर राजेश्वर बैठा का यह कोई नई बात नहीं है। हर दिन लाभुको को दुकान से यह कर वापस कर दिया जाता है कि अभी राशन नहीं है। समय पर राशन लेने क्यों नहीं आते है। लाभुकों ने कहा कि डीलर के परिजनों के द्वारा भी लाभुकों के साथ गाली गलौज किया जाता है। ऐसे में डीलर राजेश्वर बैठा की जगह दूसरे डीलर से राशन उपलब्ध कराया जाए। मौके पर हिदायत अंसारी, नाजमा बीबी, नुरेलम अंसारी, हसबुन बीबी, सफीना बीबी, कामेश्वर बिश्वकर्मा, कमरुण बीबी, दीपक विश्वकर्मा, महेश महतो, अकलीम अंसारी, मंसूर अंसारी, हदीस अंसारी, तकरीम अंसारी, अहमद अंसारी, नुरे अंसारी, महफूज अंसारी, असरफ अंसारी, नसरु अंसारी, रजाक अंसारी, शंभू महतो, प्रभु महतो, मुस्ताक अंसारी सहित अन्य लोग शामिल थे। डीलर राजेश्वर बैठा ने इस संबंध में कहा कि नेटवर्क नहीं रहने के कारण कई बार परेशानी होती है। लेकिन लाभुकों को राशन प्रत्येक माह नियमित रूप से वितरण किया जा रहा है।

## बैठक

## खरौंधी में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी: थाना प्रभारी



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** थाना में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर गुरुवार को थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी की अध्यक्षता में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में शांति, कानून व्यवस्था और सौहार्द बनाए रखना था। बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, स्थानीय गणमान्य नागरिक, विभिन्न पूजा समितियों के सदस्य और पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद थे। थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी ने बैठक को संबोधित करते हुए पूजा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा की जाने वाली तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान सभी संवेदनशील और महत्वपूर्ण स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने पूजा समितियों से अपील की कि वे सभी सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, विशेषकर जुलूस के दौरान और पंडालों के निर्माण में सुरक्षा मानकों का ध्यान रखें। थाना प्रभारी ने समिति के सदस्यों को निर्देश दिया कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। बैठक में जुलूस के रूट और पंडालों के स्थान को लेकर भी चर्चा हुई, ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो और आपातकालीन सेवाओं के लिए रास्ता खुला रहे। समिति के सदस्यों ने प्रशासन को अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी में भागीदारी निभाने का वादा किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे त्योहार को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं और पुलिस प्रशासन को सहयोग दें, ताकि दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। मौके पर उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विवेकानंद यादव, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, सीआई मोजिब खान, मुखिया रामगहन मेहता, समाजसेवी बृजबिहारी द्विवेदी, कृष्णा गुप्ता, कलीम अंसारी, रामनाथ बैठा, शशि पासवान, मनदीप साह, सतेंद्र राम, धर्मेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### रमना में दशहरा पर्व की शांति व्यवस्था हेतु महत्वपूर्ण निर्णय

रमना आगामी दशहरा पर्व में शांति व्यवस्था, सादगी और सौहार्दपूर्ण पर्व मनाने को लेकर रमना थाना प्रभारी अनिकेत शांतिकारी ने शुक्रवार को इस क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी एवं गणमान्य ग्रामीणों को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना दी। साथ ही क्षेत्र के सभी अनुज्ञप्तिधारी और गैर अनुज्ञप्तिधारी पूजा समिति के आयोजकों को पूजा के लिए लिखित सूचना दी गई और शांति समिति में शामिल होने का आग्रह किया गया। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की विवाद या घटना की जानकारी मांगी गई है। यदि किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो उसे इस बैठक में रखे, ताकि मिलजुलकर समाधान किया जा सके और विधि व्यवस्था से संबंधित कोई समस्या खड़ी न हो। इस बात की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी पूजा को लेकर शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से थाना सभागार में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रबुद्ध लोगों को सूचना दी गई है। इसमें प्रशासनिक और विधि व्यवस्था से संबंधित कोई भी समस्या हो तो बताएं और शांति व्यवस्था तथा सादगीपूर्ण पर्व के लिए अपने विचार सभा में रखें।



## न्यूज बॉक्स

### मिथिलेश ने क्षेत्र का किया दौरा, सर्पदंश से मृत तीन परिजनों को दिए चार-चार लाख रुपए का चेक

**मेदिनीनगर।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरुवार को जन संवाद कार्यक्रम के तहत चिनिया प्रखंड के चपकली छतैलिया राजवांश एवं डोल गांव में लोगों से जन संवाद किया। इस मौके पर सर्वप्रथम चपकली गांव के उच्च विद्यालय के प्रांगण में एक सभा आयोजित की गई, जिसमें मंत्री ने कहा कि सरकार जनकल्याण के लिए 24 घंटे काम कर रही है। हेमंत सरकार गरीब गुरुबो की सरकार है। सरकार ने झारखंड के आम लोगों के लिए विभिन्न तरह की योजनाओं को लागू किया है। जिसमें सर्वजन पेंशन योजना, बिजली फ्री, बकाया बिल माफी, अबुआ आवास, सावित्रीबाई फुले योजना, प्रत्येक किसान का कर्ज माफ, विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए मुफ्त पुस्तक कॉपी सहित अन्य शिक्षण सामग्री सहित कई योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। इससे पूर्व की सरकार कई वर्षों तक झारखंड को लूटने का काम किया। रघुवर सरकार के समय गरीबों के लगभग 11 लाख बीपीएलधारी को सूची से नाम हटाने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 20 लाख लोगों को खदान योजना से जोड़ने का काम किया है। मंईयां समान योजना को भाजपा के लोगों द्वारा कोर्ट में केस कर इसे बंद करने के लिए की है, लेकिन सरकार इसे कभी नहीं बंद करेगी। इस दौरान सर्पदंश से मृत चपकली गांव के नवानगर मे तीन बच्चों के मृत के परिजनों को उनके घर पहुंच कर चार-चार लाख रुपए का चेक दिया। चपकली गांव के ही एक सप्ताह पूर्व पानी में डूबने से एक 8 वर्षीय बालक की मौत हो हो गई थी जिसे 5000 की राशि दिया गया। बताते चले कि पन्नालाल कोरबा, प्रियंका कुमारी, कंचन कुमारी की पिछले दिन करैत सांप काटने से मौत हो गई थी, जिसे मंत्री ने उनके परिजनों को चेक दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, मोहम्मद फरीद, नौशाद मंसूरी, एसडीएम रुद्र प्रताप कुमार, बीडीओ शिवपूजन तिवारी, उमेश्वर यादव, बंधु राम, राम सागर यादव, उमाशंकर गुप्ता, सतवंत यादव, मोहम्मद फारूक, 20 सूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह सहित सभी प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मी मौजूद थे।

### आवास मेला में अधिक लोन स्वीकृत करने का निर्देश

**गढ़वा।** नगर परिषद गढ़वा में आवास मेला का आयोजन किया गया। मेला में केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक निशांत कुमार, पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक ठाकुर चंद्र मांझी, अग्रणी बैंक प्रबंधक सत्यदेव रंजन के अलावे एचडीएफसी के शाखा प्रबंधक ने भाग लिया। मेला के दौरान दो लाभुक भारत केशरी एवं सुधा केशरी का लोन सेक्शन किया गया। वहीं एक लाभुक अतरवास देवी द्वारा प्रथम किस्त भी जमा किया गया। आज के कार्यक्रम की शुरूआत रांची निदेशालय से आए पदाधिकारी व कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबंधक द्वारा लोन मेला में आए सभी बैंक के शाखा प्रबंधको को योजना बनाकर ज्यादा से ज्यादा लोन स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। वहीं पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लाभुकों को योजना से जुड़ने एवं आसानी से लोन मुहैया करने संबंधी बात कही गई। केनरा बैंक द्वारा लाभुकों को समय पर लोन प्राप्त करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार द्वारा लाभुकों को जल्द से जल्द लोन करने हेतु कार्यालय से संबंधित दस्तावेज पूर्ण कर बैंक में जमा करने संबंधी निदेश दिया गया। नगरीय प्रशासन निदेशालय से आए पदाधिकारी दीपक कुमार द्वारा लाभुकों को समय पर किस्त जमा करने एवं लोन हेतु बैंक को सभी दस्तावेज नगर परिषद गढ़वा से समन्वय बनाते हुए जमा करने की बात कही गई। वहीं उन्होंने कहा कि बैंक में जब भी लोन स्वीकृति संबंधी दस्तावेज के लिए बुलाया जाए जरूर जाएं। अगर लोन हेतु सभी दस्तावेज नहीं देंगे तो स्वयं से किस्त जमा करना होगा नहीं तो आवास मुहैया करने में परेशानी होगी। कार्यक्रम का संचालन नगर स्तरीय विशेषज्ञ अजीत कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इसके पूर्व सभी अतिथियों को बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। वहीं शत प्रतिशत किश्त जमा करने वाले चार लाभुकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिन लाभुकों को सम्मानित किया गया। उसमें कुमारी सलोनी राज, कुसुम कश्यप, अनिता कश्यप व तबस्सुम परवीन आदि के नाम शामिल है। इस अवसर पर नगर प्रबंधक ओंकार यादव, टैक्स दारोगा अनिल कुमार, राज कुमार, सहायक अमल पुष्प नगर परिषद कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### सामूदायिक संगठनकर्ता पर अवैध वसूली का आरोप

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के महिला समूह को ऋण दिलाने के नाम पर नप के सामुदायिक संगठनकर्ता द्वारा अवैध वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामला आने के बाद विभिन्न समूह के सदस्यों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। आरती महिला समूह के सचिव कुलसुम खातून,तैयबा महिला समूह के अजरून बीबी, देवी महिला समूह के सोनिया देवी,सूर्यमुखी महिला समूह के रिंकी देवी ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा एक लाख पचास हजार का ऋण स्वीकृत किया गया था, जिसमे नगर पंचायत के सामुदायिक संगठनकर्ता अमित पांडेय द्वारा ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर चार-चार हजार रुपए की वसूली किया गया। समूह के सदस्यो ने बताया कि सामुदायिक संगठनकर्ता अमित पांडेय द्वारा लगातार बैठक में अभद्र व्यवहार किया जाता है। समूह के सदस्यों ने कहा अमित पांडेय द्वारा कहा जाता है कि जबतक चार हजार नहीं दिया जाएगा तब तक ऋण स्वीकृत नहीं करेंगे। समूह के सदस्यो ने बताया कि कई महिला समूह के लोगों द्वारा ऋण के लिए आवेदन को पैसा नहीं मिलने पर सामुदायिक संगठनकर्ता द्वारा कागजात फाड़ कर फेंक दिया जाता है। समूह के सदस्यों ने बताया की सेंट्रल बैंक शाखा द्वारा एक लाख पच्चास हजार की स्वीकृति किया गया, लेकिन खाता में एक लाख 44 हजार ही दिया गया है। इधर इस मामले पर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार चौधरी ने कहा समूह के सदस्यो का लिखित शिकायत प्राप्त हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषी पर कारवाई की जाएगी।

### 165 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर एक महिला पर्यवेक्षिका

**भवनाथपुर ।** प्रखंड अंतर्गत बाल विकास परियोजना का हाल बेहाल हो चुका है। इस परियोजना अंतर्गत तीन प्रखंड आते हैं, जिसमे भवनाथपुर में 65 आंगनबाडी केंद्र, केतार प्रखंड में 50 आंगनबाड़ी केन्द्र तथा खरौंधी प्रखंड में 50 आंगनबाड़ी केंद्र सहित तीनों प्रखंडों में कुल 165 आंगनबाड़ी केन्द्र पर एकमात्र महिला पर्यवेक्षिका काम कर रही हैं, 165 केंद्र पर सात सेक्टर हैं। सभी सेक्टर पर एक-एक पर्यवेक्षिका का होना जरूरी है। विभागीय निर्देश के तहत मंगलवार और शुक्रवार को छोड़कर शेष चार दिन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण हेतु नियुक्त प्रवेक्षिकाओं को फील्ड में भ्रमण करना है। एक पर्यवेक्षिका होने के कारण विभागीय कागजात की रिपोर्टिंग करने में ही समय गुजर जाता है। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण सही ढंग से नहीं हो पा रही है। आरटीई पोषाहार का वितरण अभी मई माह का किया जा रहा है। साथ ही एचसीएम का भी भुगतान मई माह तक का ही किया जा चुका है। सेविका, सहायिका का मानदेय भुगतान अप्रैल से बाकी है। इस संबंध में बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ नंदजी राम ने कहा कि महिला प्रवेक्षिकाओं की कमी के चलते आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण व अन्य जरूरी कार्य पूरी तरह से नहीं हो पा रहा है। बाल विकास परियोजना में अन्य महिला प्रवेक्षिकाओं की नियुक्ति के लिए गढ़वा उपायुक्त को पत्राचार किया गया है। जल्द ही उनकी नियुक्ति की जायेगी।

# कुडू के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया गया रेस्क्यू अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला प्रशासन एवं द पैन इंडिया बचाव और पुनर्वास अभियान के संचालन एवं बाल एवं किशोर श्रम (निषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986) लोहरदगा जिले में प्रभावी क्रियान्वयन हेतु श्रम अधीक्षक दिनेश भगत के नेतृत्व एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के संयुक्त मार्गदर्शन में दिनांक 26.09.2024 को धावा दल के द्वारा कुडू प्रखंड के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान चलाया गया। इस क्रम में क्षेत्र में गैरेज/ढाबा तथा बाजार में गश्ती एवं रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू अभियान में बाजार टांड कुडू से मुरी फैक्ट्री मिल से 02 बालकों को रेस्क्यू किया गया, जिसमें 01-बाल श्रमिक एवं 01-किशोर श्रमिक है । साथ ही साथ बाल श्रम विषय पर जागरूकता एवं पंपलेट चिपकाए गए। धावा दल के रेस्क्यू अभियान में सदस्य बाल कल्याण समिति लोहरदगा की सुशीला कुमारी एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार , संरक्षण पदाधिकारी (संस्थानिक देखरेख) अनुरंजन कुमार, एलजीएसएस के जिला समन्वयक- जितेंद्र कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन लोहरदगा से जिला समन्वयक रवि कुमार तथा कुडू थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो, एएसआई नागेश्वर मेहता व पुलिस बल मौजूद थे।



## बाल श्रम के अंतर्गत कानूनी प्रावधान

बाल श्रम (निषेध व विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016, बाल श्रम (निषेध व विनियमन) अधिनियम, 1986 का संशोधन है। इस अधिनियम के तहत, बाल श्रम पर कई तरह के प्रतिबंध और नियम लागू किए गए हैं।

- इस अधिनियम के तहत, 6 से 14 साल के बच्चों को किसी भी तरह के काम में नियोजित नहीं किया जा सकता है।
- 14 से 18 साल के बच्चों को खतरनाक कामों में नियोजित नहीं किया जा सकता।
- इस अधिनियम के तहत, अवैध रूप से काम कराए गए बच्चों और किशोरों के पुनर्वास के लिए जिला स्तर पर बाल एवं किशोर श्रम पुनर्वास कोष बनाया गया है।
- इस अधिनियम के तहत, बच्चों और किशोरों को काम पर रखने वालों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है।
- यह अधिनियम, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के कन्वेंशन के कानूनों के अनुरूप है।
- कोई भी व्यक्ति जो इस अधिनियम और बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 में उल्लिखित नियमों का पालन किए बिना किसी बच्चे या किशोर को काम पर रखता है या उसे काम करने की अनुमति देता है, उसे छह महीने से दो साल तक की कैद या 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

**इस अधिनियम के तहत, बाल श्रम को रोकने के लिए कई तरह के उपाय किए जा सकते हैं**

- बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से कार्रवाई की जाती है।
- औद्योगिक और व्यावसायिक संगठनों से बाल श्रम न करने के लिए निर्देश दिए जाते हैं।
- बाल श्रमिकों के परिवारों को आर्थिक और सामाजिक सहायता दी जाती है।
- बाल श्रमिकों के परिवार के वयस्क सदस्यों को मनरेगा जैसे विकास कार्यक्रमों में प्राथमिकता दी जाती है।
- संभावित बाल श्रमिकों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## एक नजर

### स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत साइकिल रैली कल

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान कार्यक्रम अंतर्गत 28 सितंबर 2024 को नगर परिषद क्षेत्र में साइकिल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली समाहरणालय मैदान से प्रारंभ होकर मैना बगीचा, जुरिया रोड, बीएस कॉलेज मोड़, बरवाटोली चौक, न्यू रोड होते हुए पावरगंज चौक, सार्डिंग, कचहरी मोड़ होते हुए वापस समाहरणालय मैदान में सम्पन्न होगी। पूर्व में यह साइकिल रैली गुरुवार को निर्धारित थी जिसे भारी बारिश को देखते हुए स्थगित कर दिया गया था। उक्त जानकारी स्वच्छ भारत मिशन समन्वयक परवेज आलम ने दी।

### नियोजनालय कार्यालय में भर्ती कैंप आज

**लोहरदगा।** आज जिला नियोजनालय कार्यालय, लोहरदगा परिसर में लोहरदगा जिला के बेरोजगार युवक/युवतियों को सुगमता से रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनाल कार्यालय लोहरदगा के द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोजकों से लगभग 2003 रिक्तियां प्राप्त हुई है। ये रिक्तियां पांचवी से स्नातक तक,आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक, बीई, एमबीए, सीआईटी आदि योग्यताओं से संबंधित है। झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित आवेदक 27 सितंबर को निर्धारित स्थल पर पहुँच कर अपनी योग्यता के अनुरूप उपलब्ध रिक्तियों के लिए संबंधित नियोजकों के पास सीधे अपना आवेदन-पत्र जमा कर सकते हैं। यह आयोजन नियोजकों एवं नौकरी प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं को विभाग के द्वारा सुदृढ़ मंच प्रदान करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। बेरोजगार युवाओं के हित में यह सुविधा निःशुल्क है।

### चार दिनों से लापता व्यक्ति का कुएं से मिला शव

**लोहरदगा।** बगडू थाना क्षेत्र के बोंगा गांव मे एक व्यक्ति का शव गांव के खेत स्थित कुएं में पाया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिए हैं और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार बोंगा गांव निवासी स्वर्गीय खदिया उरांव के 50 वर्षीय पुत्र सुकरा उरांव लगभग चार दिनों से लापता थे। परिवार के लोग उन्हें ढूंढ रहे थे। गुरुवार को बोंगा गांव के खेत स्थित कुएं मे गांव के ही स्थानीय लोग मछली मारने के लिए कुआं के पास गए थे। इसी दौरान कुएं में शव देखकर लोगों ने शोर मचाया। धीरे-धीरे भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बगडू पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पर बगडू थाना प्रभारी वारिस हुसैन ने शव को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकलवाया।

## विजया दशमी त्यौहार को ले शांति समिति की बैठक संपन्न

# पूजा समितियों को पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया गया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा।** आगामी विजया दशमी त्यौहार को लेकर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी की अध्यक्षता में थाना परिसर सेन्हा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में विजया दशमी त्यौहार को लेकर दुर्गा पूजा समिति के पदेन पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से पंडाल निर्माण,लाइट सज्जा तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। और मूर्ति विसर्जन पर चर्चा कि गई। साथ ही वाहन यातायात को लेकर प्रशासनिक सुविधा मुहैया का मांग पूजा समिति के द्वारा किया गया। इसके अलावे पूजा के दौरान चंदकोषा में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का जानकारी लिया गया। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्य,दुर्गा पूजा समिति एवं गणमान्य लोगो से त्योहार के दौरान आपसी समन्वय के साथ शांति व सौहार्द के साथ पर्व मनाने का अपील प्रखंड व पुलिस प्रशासन द्वारा किया गया। साथ ही पंडाल में किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसको लेकर पंडाल के आसपास बाल्टी में बालू की व्यवस्था,लाइट सज्जा का पुख्ता इंतजाम रखने का निर्देश दिया गया। डीजे में अश्लील व भड़काऊ गाना नहीं बजाने को लेकर गाइडलाइन जारी किया गया। डीजे संचालकों को भी सख्त निर्देश दिया गया कि गाइडलाइन का पालन नहीं करने पर कानूनी कारवाई के साथ डीजे जब्त किया जाएगा। सभी पूजा समिति को पंडाल में सीसी टीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया। असमाजिक प्रवृति के व्यक्तियों को चिन्हित कर प्रशासन को अवगत कराने का गाइडलाइन जारी किया गया है। जिस पर सूचना देने वाले तथा प्रशासन का सहयोग करने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा। विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया और शांति व्यवस्था कायम करते हुए सौहार्द के साथ विजया दशमी त्यौहार मनाने का सभी से अपील किया गया। किसी प्रकार की समय पूजा के दौरान बाधा उत्पन्न होने की संभावना हो तो ऐसे परिस्थिति में पुलिस प्रशासन को अवगत कराने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान थाना प्रभारी अजित कुमार, एसआई मनोज कुमार, अविनाश राम, पंकज कुमार यादव एएसआई अलबिना लकड़ा, सहित सभी पूजा पंडाल के पदाधिकारी व शांति समिति के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।



### दुर्गा पूजा को लेकर पूजा कमेटी व शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित

**भंडरा।** भंडरा थाना परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड के पूजा कमिटियों व शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता सीओ दुर्गा कुमार व बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने सयुंक्त रूप से की। बैठक मे दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर को थाना में आयोजित बैठक के दौरान बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में पूजा कमिटियों की भूमिका भी अहम है। पूजा को लेकर मंदिर कमिटी के लोगों को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। कमिटी के लोग थाने में आवेदन दे दें। लाइसेंस में जो मानक हैं उसका पूरा ध्यान रखेंगे। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान भीड़ वाले पूजा पंडालों में पटाखे जलाने वालों पर ध्यान दें। इससे बेवजह लोगों को परेशानी हो सकती है। तय रूट से ही विसर्जन का जुलूस निकाला जाएगा। इसके लिए पूजा कमिटी को लाइसेंस में रूट का जिक्र करना होगा। सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि कुछ ही दिनों बाद नवरात्र प्रारंभ होने वाला है। यहां के लोग अमन पसंद है। इससे पहले भी जो भी पर्व हुए हैं शांतिपूर्ण माहौल में हुए है। इस बार भी दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण माहौल में गुजरेगी। इस दौरान एसआई पप्पू गुप्ता, एएसआई राजीव कुमार, साकिर अली, सतेंद्र सिंह, ईश्वरी मोहन शर्मा, बालकृष्णा सिंह, प्रदीप सिंह, गणेश सोनी, गुलाम मुस्तफा सहित विभिन्न पूजा कमिटीके प्रतिनिधि मौजूद थे।

### कैरो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**कैरो।** गुरुवार को कैरो थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुआ। बैठक में आगामी त्योहार नवरात्र व दुर्गा पूजा शांति व सौहार्द के साथ संपन्न करने को लेकर चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य ने प्रखंड से आये विभिन्न पंचायतों के समिति सदस्यों से अपने-अपने ग्राम व पंचायत मे दुर्गा-पूजा व मुर्ति विसर्जन पर होने वाले कार्यक्रमो की जानकारी समिति सदस्यों से लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सभी पुजा पंडाल के पदाधिकारी अपने-अपने पुजा पंडाल पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाएं, साथ ही पंडाल पर किसी भी प्रकार का आपतिजनक या अश्लील गाना न बजाएं, समिति के पदाधिकारी मोबाईल नम्बर व आधार कार्ड अवश्य दें। इस मौके पर एसआई मनोज कुमार, प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव, मुखिया बीरेंद्र महली, अरबिंद उरांव, बिससूत्री उपाध्यक्ष बुधवा उरांव आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए 5 दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में 90 आंगनवाड़ी केंद्रों की सेविकाओं के लिए 5 दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य, पोषण और अर्ली चाइल्ड केयर (ईसीसी) से संबंधित है, जिसे तीन बैच में आयोजित किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण विभाग और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 19 सितंबर से शुरू होकर 8 अक्टूबर तक चलेगा। आज गुरुवार को प्रथम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डुमरी प्रखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना और आंगनवाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा सकें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी ने कहा कि नियमित रूप से ऐसे प्रशिक्षणों के आयोजन से सेविकाओं की क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगी।

## चैनपुर प्रखंड में जंगली हाथी के आतंक जारी मुखिया ने प्रभावित गांवों में टॉर्च वितरित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के हाथी प्रभावित क्षेत्र बेंदोरा पंचायत के विभिन्न गांव में मुखिया सुशील दीपक मिंज ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्र के लोगों के बीच टॉर्च का वितरण किया। यह क्षेत्र जंगली हाथी के आतंक से परेशान है। बता दें कि इस क्षेत्रों में हांथी रोज विचरण कर रहे है और लोगों के घरों व फसलों को नुकसान पहुंचा रही है। बीते मंगलवार को जंगली हाथी के चपेट में आए दत्तरा गांव के एक अधेड़ का शव बरामत किया गया था। जिससे लोग काफी भयभीत हैं। मुखिया द्वारा किए गए टॉर्च वितरण से प्रभावित गांवों के लोगों को कुछ हद तक हाथी को देखने में आसानी होगी। टॉर्च के मदद से वह हाथी को गांव में घुसने से रोक पाएंगे। इस अवसर पर फॉरेस्टर चंद्रेश चरण उरांव, राजकुमार साहू एवं गांव के हाथी से प्रभावित लोग उपस्थित थे। मुखिया सुशील दीपक मिंज ने कहा कि जंगली हाथी के आतंक से निपटने के लिए हमें एकजुट होना होगा और सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रात में घरों के बाहर टॉर्च जलाकर रखें ताकि हाथी को देखा जा सके।मुखिया सुशील दीपक मिंज ने ग्रामीणों को जंगली हाथी से निपटने के लिए आवश्यक जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी के आतंक से उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उनके घरों व फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने मुखिया से अनुरोध किया कि जंगली हाथी को क्षेत्र से खदेड़ने के लिए वन विभाग को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। फॉरेस्टर चंद्रेश चरण उरांव ने बताया कि वन विभाग जंगली हाथी को खदेड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। तीन चार की संख्या में जंगली हाथी क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं एक गांव से हाथी को खदेड़ा जाता है तो दूसरे गांव में हाथी निकल जाते है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जंगली हाथी को देखकर तुरंत वन विभाग को सूचित करें।



## उपयुक्त ने लोरम्बा गांव में लगाया जनता दरबार

# लोगों ने कई समस्याओं से कर्ण सत्यार्थी को कराया अवगत

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने जिले के चैनपुर प्रखंड स्थित छीछवानी पंचायत के लोरंबा ग्राम का दौरा किया और ग्रामीणों के बीच जन संवाद का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी प्रमुख समस्याओं जैसे बिजली, पानी, और जर्जर सड़कों की ओर उपायुक्त का ध्यान आकर्षित किया। ग्रामीणों ने सिंचाई के लिए शिल्पीनाला में बनी कनाल के पुनर्निर्माण की मांग की, जो वर्तमान में जर्जर अवस्था में है।

उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए बताया कि छीछवानी पंचायत में सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। साथ ही, सिंचाई व्यवस्था सुधारने के लिए माइनर इरीगेशन विभाग के कार्यपालक अभियंता को प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया। बिजली की समस्या को दूर करने के लिए बिजली विभाग को और जल मीनार से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए पीएचईडी विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने ग्रामीणों से राशन, पेंशन, और आवास योजनाओं सहित अन्य सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी ग्रामीणों को शत-प्रतिशत सरकारी योजनाओं से अच्छादित किया जाए और रोजगार के अवसर बढ़ाने में भी सहयोग करें। जन संवाद के दौरान कई ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन भी सौंपे, जिन पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर एसडीओ चैनपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।



## झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

# 18 से 21 वर्ष के लाभार्थियों के लिए विशेष शिविर आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड के संकल्प तथा राज्य अंतर्गत विभागीय संकल्प के माध्यम से निर्गत संचालन प्रक्रिया द्वारा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में आज को जिला के विभिन्न स्तर के विद्यालयों, प्लस टू उच्च विद्यालयों एव इंटर कॉलेजों में शिविर आयोजित कर 18 से 21 वर्ष की छात्राओं से आवेदन प्राप्त किया जाएगा। यह शिविर भण्डरा प्रखण्ड में राजकीयकृत ब्रम्णडीहा उच्च विद्यालय चट्टी, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भंडरा, लाल बहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय भंडरा, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय बिटपी, कैरो प्रखण्ड के डॉ. अनुग्रह नारायण उच्च विद्यालय कैरो, किस्को प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय किस्को, आदर्श विद्यालय किस्को, एसएस उच्च विद्यालय किस्को, कुडू प्रखण्ड के गांधी मेमोरियल उच्च विद्यालय माराडीह, जनता इंटर कॉलेज टाटी, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुडू, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय कुडू, उत्क्रमित राजकीयकृत उच्च विद्यालय सलगी, सदर प्रखण्ड लोहरदगा में जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा, राजकीयकृत चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय लोहरदगा, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय आदि स्कूल में लगाया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त डॉ. वाघमारे ने किया निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरुवार को सेन्हा प्रखंड के उगरा पंचायत में नवनिर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि आगामी 02 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोहरदगा जिला के चार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों जिनके भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, का ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे। ये विद्यालय कैरो, किस्को, पेशरार और सेन्हा प्रखण्ड में नवनिर्मित भवनों में प्रारंभ होंगे। इस मौके पर माननीय प्रधानमंत्री जिला के स्थानीय जनप्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत भी करेंगे। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा सेन्हा प्रखंड में नवनिर्मित भवन का निरीक्षण किया गया और ऑनलाइन शुभारंभ और टू-वे कम्युनिकेशन हेतु विशेष निर्देश जिला कल्याण पदाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी सेन्हा को दिये गये। जिला कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा को अन्य तीनों विद्यालयों के भवनों व विद्यालय परिसर के निरीक्षण और अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण में जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू व अन्य उपस्थित थे।

### कैरो में जितिया जतरा धूमधाम से संपन्न



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के कैरो में लगने वाला जितिया जतरा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक रीति रिवाज एवं हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ। मौके पर आदिवासी समाज के लोगों के द्वारा कैरो, उतका, खंडा, नरौली, बिराजपुर, जामुनटोली, महूवरी, बक्सी, सुकुरहुटू, नवाटोली समेत आस- पास के गांव के खोड़हा शामिल होकर अपनी रीति रिवाज के अनुसार कला-संस्कृति का प्रदर्शन किया। जिन्हें अतिथियो व जतरा आयोजन समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर कैरो आयोजन समिति के द्वारा बताया गया कि जतरा,मेला,पर्व त्योहार से आपसी प्रेम सौहार्द को बढ़ावा मिलता है,हम सबको अपनी अपनी सभ्यता, संस्कृति परंपरा को बचाये रखने की जरूरत है।जतरा में खेल खिलौने,मिठाइयों, श्रृंगार के सामानों का जमकर खरीद बिक्री की गई। मौके पर अध्यक्ष तिल उरांव, सचिव सुमन उरांव, कोषाध्यक्ष प्रकाश उरांव व अतिथि मौजूद थे।

### जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर सीएम का पुतला दहन किया



**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिला के अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में समाहरणालय गेट के समीप जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि जब से हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में बनी है। तब से लेकर युवाओं को चलने का प्रयास किया जा रहा है। किसानों को चलने का प्रयास किया जा रहा है। आदिवासियों पर अत्याचार किया जा रहा है। उसने कहा कि हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड में दो दिन इंटरनेट को बंद कर के आम जनता से लेकर पूरे झारखंड के लोगो को परेशानी में डालने का काम किया गया हैं। उसके बावजूद परीक्षा में गड़बड़ी किया गया और हेमंत सोरेन के द्वारा सीट को बेचने का काम किया गया है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाल्मीकि कुमार ने कहा कि हेमंत सोरेन का सरकार जब से बना हैं। तब से लेकर आज तक युवा को ठगने का प्रयास किया गया हैं। हेमंत सोरेन ने अपने घोषणा पत्र में जारी किया गया था की मेरी सरकार बनेगी तो युवाओं को पांच लाख नौकरी देंगे। अगर नौकरी नहीं देंगे तो सरकारी भत्ता देंगे। वही हेमंत सोरेन ने जेएसएससीसी सीजीएल का सीट को भी बेचने का काम किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व जिला अध्यक्ष राजकिशोर महतो, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, मीना बखला, निरंजन सिंह, भरत साहू, कमलेश कुशवाहा, सचिन सिंघानिया, सत्यम कुमार समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भारी बारिश से मजदूर का मकान ढ़हा

**भंडरा ।** प्रखंड में बुधवार को दिन व रात मे हो रही बारिश से उदरंगी पंचायत के बैमारी गांव में मजदूर का कच्चा मकान ढह गया। साथ ही धनामुंजी गरियाटोली निवासी सद्दाम खान कच्चा मकान गिर गया। हालांकि हादसे में परिवार बाल-बाल बच गया। पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। बुधवार सुबह से रात ही प्रखंड क्षेत्र में रुक रुक कर बारिश हो रही थी। बुधवार शाम हुई मूसलाधार बारिश से एक गरीब का आशियाना ढह गया। बैमारी गांव निवासी लक्ष्मण उरांव मेहनत मजदूरी कर कच्चे मकान में रहकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गुरुवार को हुई तेज बारिश के चलते मिट्टी से बनी मकान की छत कमजोर हो गई, जिस कारण उसमें गुरुवार की सुबह मकान ढह गया। फिलहाल गरीब को रहने का कोई और ठिकाना न होने के कारण परिवार दूसरे के घर में रहने को विवास है।

### आज परिवर्तन यात्रा में हिमंता की जगह रवि किशन व विधायक भानु प्रताप होंगे शामिल



**घाघरा।** घाघरा चांदनी चौक के हाई स्कूल के मैदान में आयोजित 27 सितंबर को होने वाला परिवर्तन यात्रा में निर्धारित कार्यक्रम में फेरबदल किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुवे बिशुनपुर विधानसभा के प्रभारी प्रवीण सिंह एवं प्रदीप प्रसाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि असाम के सीएम हिमंता के स्थान पर गोरखपुर के सांसाद रविकिशन एवं विधायक भानु प्रताप साही कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि वे लोहरदगा से सड़क मार्ग से घाघरा कार्यक्रम स्थल पर साढ़े दस बजे पहुचेंगे। जिसके उपरांत बिशनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अशोक उरांव के नेतृत्व में घाघरा लोहरदगा बॉर्डर के पास कार्यकर्ताओं के द्वारा अतिथियों का स्वागत कर मेन रोड होते हुए मोटरसाइकिल से परिवर्तन यात्रा रथ को हाई स्कूल मैदान लाया जाएगा।

## एक नजर

### युवाओं को ठगना बंद करें हेमंत सोरेन- अनिरूद्ध सिंह

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा गुरुवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा लिए गए परीक्षा में हुई धांधली का आरोप लगाकर जिला मुख्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया।मौके पर भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार एक भी परीक्षा निवाद रूप से संपन्न कराने में सफल नहीं हो पाई है। यहां हर परीक्षा का परिणाम पैसों में बिकता है इसीलिए परीक्षा से पहले ही चाहे वह सीजीएल हो या जेपीएससी हो पेपर लीक हो जाते हैं मौके पर जिला महामंत्री विनोद बडाईक चंदन प्रसून, उपाध्यक्ष सुबास महतो, राहुल मिश्र, निशांत कुमार, हिमांशु कुमार, रोहित कुमार, शिव शंकर कुमार, मनोज कुमार , गजानंद बेसरा सुरजन बडाईक उपस्थित थे ।

### कांग्रेस विस युवा अध्यक्ष ने मदिरा व्यवसाय को लेकर दिया ज्ञापन

बरही । बीते दिन कांग्रेस के बरही विस युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता से मुलाकात किया. इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगो को व्यवसाय उपलब्ध करवाने पर चिंता जाहिर किया. साथ ही ज्ञापन पत्र भी सौंपा. युवा नेता ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में मदीरा व्यवसाय पर अब तक किसी भी प्रकार की पाबंदी नहीं लगाई है, जबकि वह व्यक्तिगत रूप से इस प्रकार के धंधे के पक्षधर नही हैं. फिर भी राज्य सरकार ने मदीरा व्यवसाय के लिए विदेशी कंपनियों को ठेका दे रखा है. जो राज्य के विभिन्न लाइसेंस प्राप्त शराब दुकानों में आपूर्ति कर रहे है. ऐसे में स्थानीय मदिरा व्यवसाई का हक मारा जा रहा है. इस व्यवसाय में लगे लोग खुद को ठगे से महसूस कर रहे है. राज्य का पैसा बाहर जा रहा है, जो अनुचित है.

### सहायक अध्यापक संघ ने डीईओ व डीएसई से की मुलाकात

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के टेट पास सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रदेश महासचिव संजय मेहता के नेतृत्व में सहायक अध्यापकों ने जिले के डीईओ प्रवीण रंजन और डीएसई आकाश कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में लिखा है, कि हजारीबाग जिला में लगभग 3650 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं जो अल्प मानदेय पर 24 वर्षों से कार्य कर रहे हैं। हाल ही में जिले में संचालित खेलो झारखंड प्रतियोगिता में खेल शिक्षक के अतिरिक्त सहायक शिक्षकों एवं सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन जिला कार्यालय से किया गया है। जिसमें एक -दो प्रखंड से ही बार-बार सहायक शिक्षक एवं सहायक अध्यापकों का प्रतियोजन किया जाता है। खेलो झारखंड में या अन्य किसी भी तरह के कार्यक्रमों में जिले के नजदीकी प्रखंडों से सहायक अध्यापकों का प्रतिनियोजन किया जाय, विभिन्न परीक्षाओं जैसे मैट्रिक, शिक्षकों का प्रतिनियोजन जिला कार्यालय के द्वारा किया जाता है।

### कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने प्रखंड के दर्जनों गांव में चलाया जनसंपर्क

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता सह उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के साथ सदर प्रखंड के हथामाढी बांका कुद रेवाली बाना दाग कटकमदाग मसरतों इत्यादि दर्जनों गांव में जनसंपर्क किए जनसंपर्क। नगवां के अनुसूचित जाति की स्थिति को देखते हुए डॉ मेहता ने नुक्कड़ सभा में कहा कि हजारीबाग जिले में किसन मजदूर बेरोजगारो की स्थिति अच्छी नही है ।आजादी के बाद भी इनकी स्थिति दयनीय है, जो चिंता का विषय है सरकार को किसान मजदूर पर विशेष सहानुभूति और सहयोग की जरूरत है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से मांग करता हूं, कि किसान मजदूर बेरोजगार विद्यार्थियों को को विशेष सुविधा दिया जाए जनसंपर्क के दौरान सैकड़ो लोगो से मिले और सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए सैकड़ो लोगो से रूबरू हुए। ग्रामीणों से सवाल जवाब भी किया गया है सबो ने जवाब देते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की बात कहीं।

## बरकट्ठा पुलिस ने दो ब्राउन शुगर तस्कर को दबोचा, भेजा जेल



**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने दो ब्राउन शुगर तस्कर को दबोचा है। इस संबध में थाना प्रभारी राजेश कुमार भोक्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी। जिसमें उन्होंने कहा है कि गुप्त सूचना मिली की घंघरी में दो व्यक्ति के द्वारा ब्राउन शुगर का कार्य किया जा रहा है। छापामारी करने के क्रम में पुलिस ने दो लोगों को दबोचा। जिसके बाद पूछताछ किया गया।दोनो से करीब 14 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसकी पहचान अंजन कुमार राणा पिता चमारी राणा ग्राम सोहरा थाना चौपारण तथा रामकिसुन राणा पिता रामेश्वर राणा ग्राम कुनडुवा थाना बरही ज़िला हजारीबाग निवासी को गिरफ्तार किया। इस मामले को लेकर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 187/24, दिनांक 26.09.24 धारा 21(ु)/22(ु) ठउद्धर ्३ के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। साथ ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**Very Short Term e-Procurement Notice**

e-Tender Ref No- 8/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 919 Dated:- 23.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of RCC Drain of Both Side In Chainpur - Ramkanda Road at Nawadih Village under Chainage 9.000 to 9.540 km for the year 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 59,94,323.00 (Rupees Fifty Nine Lacs Ninety Four Thousand Three Hundred Twenty Three) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,20,000.00 (Rupees One Lac Twenty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 30.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 07.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 09.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 337059 Road (24-25)_D

### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू।

Letter No 1870/ Dated 25-09-2024

**Very Urgent Short -Tender**

| Sr. No. | Milestones | Date |
|---|---|---|
| 01 | Request for Proposal (RFP) | Supply and Installation of Computer System with all Peripherals & Accessories on Turnkey Basis Palamu District, Jharkhand |
| 02 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 26.09.2024 |
| 03 | Last date of receipt of technical & financial Proposals (Separately sealed Envelope) and time of receipt of Bid | 05.10.2024 by 12:00 PM |
| 04 | Opening of Technical Proposal and Presentation | 05.10.2024 by 3:00 PM |
| 05 | Opening of Financial Proposal of applicants who qualify pre-qualification (technical criteria) | 05.10.2024 by 3:00 PM |
| 06 | Letter of Award | To be informed |
| 07 | Signing of MoU | - |
| 08 | Start Date | 26.09.2024 |
| 09 | Earnest Money Deposit (EMD) (Demand Draft) | Rs. 2,00,000/ - (Two Lakh Only) 2% of the Contract Value |
| 10 | Method of Selection | QCBS |
| 11 | Contact Details | District Education office Collectorate Building, Palamu Jharkhand - |

Note :- The Specified dates and time may change due to declaration of holiday or other unforeseen circumstances. The same shall be informed through- https://palamu.nic.in

**District Education Officer, Palamu.**

PR 337105 District(24-25)D

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**Very Short Term e-Procurement Notice**
**e-Tender Ref No- 6/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 921 Dated:-23.09.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of RCC Drain in Chhatarpur Dumariya Road From Chainage 16.50 to 16.92 km. Both Side Under Non-Plan for the year 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 59,97,210.00 (Rupees Fifty Nine Lacs Ninety Seven Thousand Two Hundred Ten ) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 1,20,000.00 (Rupees One Lac Twenty Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 03 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 30.09.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time ofOnline Bid Submission | 07.10.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 09.10.2024, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.CD., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of eProcurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

*Executive Engineer*
*Road Construction Department*
*Road Division, Daltonganj.*

PR 337061 (Road)24-25*D

## आईसेक्ट विवि में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के हुटपा पंचायत में आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के फार्मेसी विभाग की ओर से एकदिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों का रक्तचाप, मधुमेह, वजन, पल्स आदि की जांच फार्मेसी विभाग के डॉ आलोक राय के देखरेख में डी. फार्म के सहायक प्राध्यापकों व विद्यार्थियों ने किया। मौके पर लोगों को उचित परामर्श भी दिए गए।

### कार्यालय:- जिला अभियंता, लातेहार

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या–28/2024–25 प्रकाशित करायी गयी है जिसका PR No-336140 Rural Development (24-25)_D है। निर्गत निविदा की प्राप्ति तिथि 28.09.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 30.09.2024 अंकित है। उक्त निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि 30.09.2024 एवं निविदा खोलने की तिथि 02.10.2024 पढ़ा जाय।

शेष निविदा की शर्तें यथावत होगी।

जिला अभियंता,
लातेहार

PR 337138 Rural Development (24-25)_D

### District Legal Service Authority, Latehar

**Notice**

**As per the direction of JHALSA, Ranchi, application is invited for thepost of Chief Legal Aid Defense Counsel at LADC Office Latehar (01 Post), under modified LADCS Scheme 2022.The qualification for chief Legal Aid Defense Counsel is as follows:-**

- **Practice in criminal law for at least 10 years,**
- **Excellent oral and written communication skills,**
- **Excellent understanding of criminal law,**
- **Thorough understanding of ethical duties of a defense counsel,**
- **Ability to work effectively and efficiently with others with capability to lead,**
- **Must have handled at least 30 criminal trials in sessions Courts, aforesaid condition of handling 30 criminal cases can be relaxed in appropriate circumstances,**
- **Knowledge of computer system is preferable.**
- **Quality to lead the team with capacity to manage the office.**
- **Honorarium: 65,00,000\- per month.**

**The interested candidate/Lawyer may submit his/her application till 05 PM of dated 14.10.2024in the office of DLSA Latehar.For more detail and to download form visit** https://latehar.dcourts.gov.in/

**By Order**

**Secretary**
**DLSA, Latehar**

PR 337126 (Law)24-25*D

### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

Letter No 1872/ Dated 25-09-2024

**Very Urgent Short -Tender**

| Sr. No. | Milestones | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) | Suplly and Installation of Smart Class |
| 2 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 26.09.2024 |
| 3 | Last date of receipt of technical & financial Proposals (Separately sealed Envelope) and time of receipt of Bid | 04.10.2024 by 12:00 PM |
| 4 | Opening of Technical Proposal and Presentation | 04.10.2024 by 3:00 PM |
| 5 | Opening of Financial Proposal of applicants who qualify pre-qualification (technical criteria) | 04.10.2024 by 3:00 PM |
| 6 | Letter of Award | To be informed |
| 7 | Signing of MoU | - |
| 8 | Start Date | 26.10.2024 |
| 9 | Earnest Money Deposit (EMD) (Demand Draft) | Rs. 2,00,000/ (Two Lakh Only) 2% of the Contract Value |
| 10 | Method of Selection | QCBS |
| 11 | Contact Details | District Educatin office Collectorate Building, Palamu Jharkhand. |

Note :- The Specified dates and time may change due to declaration of holiday or other unforeseen circumstances. The same shall be informed through - https://palamu.nic.in

**District Education Officer, Palamu.**

PR 337120 (District)24-25*D

### कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, पलामू

Letter No 1871/ Dated 25-09-2024

**Very Urgent Short -Tender**

| Sr. No. | Milestones | Date |
|---|---|---|
| 01 | Request for Proposal (RFP) | Supply and Installation of RO Water Purifier Machine and Water Cooler System on Turnkey Basis |
| 02 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 26.09.2024 |
| 03 | Last date of receipt of technical & financial Proposals (Separately sealed Envelope) and time of receipt of Bid | 05.10.2024 by 12:00 PM |
| 04 | Opening of Technical Proposal and Presentation | 05.10.2024 by 3:00 PM |
| 05 | Opening of Financial Proposal of applicants who qualify pre-qualification (technical criteria) | 05.10.2024 by 3:00 PM |
| 06 | Letter of Award | To be informed |
| 07 | Signing of MoU | - |
| 08 | Start Date | 26.09.2024 |
| 09 | Earnest Money Deposit (EMD) (Demand Draft) | Rs. 2,00,000/ - (Two Lakh Only) 2% of the Contract Value |
| 10 | Method of Selection | QCBS |
| 11 | Contact Details | District Education office Collectorate Building, Palamu Jharkhand - |

Note :- The Specified dates and time may change due to declaration of holiday or other unforeseen circumstances. The same shall be informed through- https://palamu.nic.in

**District Education Officer, Palamu.**

PR 337119 District(24-25)#D

## हेमंत सरकार बनी तो फिर से ढ़िबरा चालू होगा : राजकुमार

**तिसरी (गिरिडीह) ।** तिसरी प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी मैदान में गुरुवार को भाकपा माले द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आदिवासी अधिकार सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोगों का जुटान हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा निवृत दुखन मुर्मू और संचालन अरविन्द मुर्मू ने किया। वहीं मौके पर मुख्य रूप से धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा चलाई जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं की जमकर सराहना की साथ ही मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा।

### उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा

**लोहरदगा जिलान्तर्गत Category-II श्रेणी B के बालूघाटों का MDO चयन हेतु अति–अल्पकालीन वित्तीय– निविदा आमंत्रण सूचना।**

| क्र0 | बालू घाट का नाम | प्रखण्ड | प्लॉट नम्बर | रकवा (हे0 में) | Est. Reserves Qty as per approved DSR (CM) | e- Tender Reference No :- | बेवसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | ई–निविदा खोलने की तिथि | नियम एवं शर्त्ते | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कैटेगरी–B के बालूघाट | | | | | | | | | | | |
| 1 | जूरिया – तिगरा | लोहरदगा | 3038(P) 1(P) | 17.02 | 255300 | MINES/ JURIYA-TIGRA/ MDO/ 17/2024 | 27.09.2024 | 04.10.2024, 11:00 बजे पूर्वाह्न तक | 05.10.2024, 14:00 बजे | JSMDC के द्वारा तैयार Model Tender Document के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, लोहरदगा |
| 2 | डांडू मेढो | सेन्हा | 2348 1377 | 16.79 | 251850 | MINES/ DANRU-MEDHO/ MDO/ 18/2024 | | | | | |
| 3 | एकागुडी मेढो | सेन्हा | 1480 881 | 13.31 | 199650 | MINES/ EKAGURI-MEDHO/ MDO/19/2024 | | | | | |
| 4 | कण्डरा कोराम्बे | सेन्हा | 1309(P) 1114(P) | 11.78 | 176700 | MINES/ KANDRA-KORAMBE/ MDO/20/2024 | | | | | |

नोट :– 1. JSMDC, Ranchi द्वारा **Category-II** श्रेणी B के लिए चयनित Empanelled Agency के द्वारा बालू घाटों के लिए www.jharkhandtenders.gov.in के वेबसाईट पर ही ई– निविदा स्वीकार किया जाएगा।
2. विभाग एवं JSMDC, Ranchi द्वारा निर्गत नियमावली, शर्त्तो एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू होगें।
3. शर्तो एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

**PR 337078 Lohardaga(24-25)#D**

उपायुक्त, लोहरदगा

### OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.**
**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/08/2024-25**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date of time of Sale of BOQ :- 05.10.2024 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date and time of Receiving sealed tenders :- 07.10.2024 from 1:00 to 3:00 pm
5. Date and time of Opening of Sealed tenders :- 07.10.2024 from 3:00 to 3:30 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Estimate For Tiles Flooring, Aluminum Partition/Window, Wooden Cupboard and Miscellaneous Works in Registrar Office, Account Office, Library & Nazarat Office in Civil Court, Palamu. | 2166300.00 | 44000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 2. | Repair/Painting of Boundary Wall and Electrical Works of Executive Engineer, BCD, Palamu Residence at Daltonganj. | 556200.00 | 12000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 3. | Renovation of E-01 S.D.P.O, Daltonganj Residence at Daltonganj, Palamu. | 1186800.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Months |
| 4. | Construction of Guard Wall, Paver Block, Railing Work and partition Wall at Campus of Fishery Office Building Daltonganj, Palamu. | 1538700.00 | 31000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 5. | Renovation of D.C Palamu Waiting Area in A Block Collectorate, Palamu Daltonganj, Palamu. | 870000.00 | 18000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 6. | Renovation of Executive Magistrate Quarter NTN/C-03 and NTN/C-05 in Officer Colony at Nawatoli, Daltonganj, Palamu. | 996700.00 | 20000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 7. | Renovation of Sadar S.D.O Palamu Office and Boundary Wall Medininagar. | 2314600.00 | 46500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 8. | Laying of Paver Block Behind the Block 'B' (S.P Office) in the Campus of Collectorate Office. | 603500.00 | 13000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 9. | Renovation of SDPO Chattarpur Chamber Meeting Hall and Office at Chattarpur Palamu. | 2075500.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 10. | Renovation of Treasury Office Palamu at Daltonganj, Palamu. | 2200100.00 | 44500.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 11. | Land Scaping and Laying of Paver Blocks in D.C Palamu Residence at Daltonganj, Palamu. | 1850000.00 | 38000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 12. | Renovation Of IG, Palamu Residence and Construction Of Vehicle Shed in Residential Campus at Daltonganj, Palamu. | 2355400.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 13. | Renovation Of DIG, Palamu Chamber and Office Room at Daltonganj, Palamu. | 2070850.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 14. | Renovation Of S.D.P.O, Bishrampur Office Chamber in Collectorate B-Block at Daltonganj,Palamu. | 831500.00 | 18000.0 | 1250.00 | 01 Months |
| 15. | Installation of View Blocker in Boundary Wall of Civil Court, Palamu at Daltonganj. | 2062100.00 | 42000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 16. | Estimate For E/R Of the Quarter- A-02 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 369500.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 17. | Estimate For E/R Of the Quarter- B-01 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 370500.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 18. | Estimate For E/R Of the Quarter- A-04 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 352000.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 19. | Estimate For E/R Of the Quarter- A-03 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 346900.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 20. | Estimate E/R Of the Quarter- B-02 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 361500.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 21. | Estimate For E/R Of the Quarter- D-01 in Judicial Colony, at Daltonganj, Palamu. For Year 2024-25 | 352100.00 | 8000.00 | 750.00 | 15 Days |
| 22. | Renovation of D.D.C Palamu, Residence (Inner) and Rest Boundary Wall Construction and Repair at Daltonganj. | 1689100.00 | 34000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 23. | Repair of All Bathroom and Changing Sanitary Fittings in Commissioners, Palamu Office at Daltonganj. | 523500.00 | 11000.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 24. | Renovation of the Quarter No- D02 and Construction of GCI Vehicle Shed in Front of Quarter No D-02 in Judicial Colony at Daltonganj, Palamu. | 710300.00 | 14500.00 | 1250.00 | 01 Months |
| 25. | Renovation of S.D.O-01 and S.D.O-02, B.C.D Chamber and Construction of Aluminum Cubicle for Computer Operator in Building Construction Division, Medininagar Palamu at Daltonganj. | 444900.00 | 10000.00 | 750.00 | 01 Months |
| 26. | Renovation of Storage Facilities for Seized Narcotics Drugs and Psychotrpic Substances, Daltonganj. | 1987200.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 27. | Renovation of DIG, Palamu Residence and Confidential Office at Daltonganj, Palamu. | 1999600.00 | 40000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 28. | Renovation of the E-Type Quarter No.- IC/ET/04 at Irrigation Colony, Daltonganj, Palamu. | 1219200.00 | 26000.00 | 2500.00 | 1 Months |
| 29. | Renovation Of S.D.O Sadar Office and Court, at Daltonganj, Palamu. | 2390600.00 | 48000.00 | 5000.00 | 02 Months |
| 30. | Renovation and Roof Treatment Of LRDC, Sadar Medininagar Office at Daltonganj, Palamu. | 1602300.00 | 32500.00 | 5000.00 | 02 Months |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतू निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक हैः–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

**Executive Engineer,**
**Building Division, Daltonganj.**

PR 337058 Building(24-25)D

संपादकीय

# स्वर्गीय घाटी में शांति से रिकॉर्ड मतदान

कभी लाल चौक पर तिरंगा फहराना युद्ध जीतने जैसा खतरनाक काम था आज वहां शान से तिरंगा लहरा रहा है और रिकॉर्ड मतदान हो रहा है जो शुभ संकेत है। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में लोग, बिना किसी भय के मतदान कर रहे हैं। दहशतगर्दों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालने की तमाम धमकियों के बीच केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के एक लाख जवानों ने राज्य में 3 टायर सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया है। यह एक ऐसा अचूक सिस्टम है, जिसमें पॉलिटिकल पार्टी के कार्यकर्ता और आम लोग, चुनाव प्रचार से लेकर मतदान करने तक की प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। बुधवार को दूसरे चरण का मतदान है। इसमें भी लोगों की भारी संख्या मतदान करने निकली है। 18 सितंबर को पहले चरण की वोटिंग में 24 सीटों पर 61 फीसदी मतदान हुआ था। जम्मू कश्मीर में तीसरे चरण के तहत एक अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। मतगणना चार अक्तूबर को होगी। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के विश्वस्त सूत्रों ने बताया, ऐसे कई खुफिया अलर्ट मिलते रहे हैं, जिसमें आतंकियों द्वारा मतदान प्रक्रिया को बाधित करना भी शामिल है। चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों के कैंप, नाके एवं बैरक को निशाना बनाने जैसे इनपुट भी मिले हैं। इनके सबके मद्देनजर जेकेपी के साथ मिलकर थ्री टायर सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया गया है। इसमें कहीं से कोई ऐसी गुंजाइश नहीं छोड़ी गई, जिसमें किसी दहशतगर्द को मतदान केंद्र या वोटरों तक आने का मौका मिले। चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक, सभी उम्मीदवारों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की गई है। पहले चरण के मतदान के बाद कई जगहों पर सुरक्षा व्यवस्था को और ज्यादा पुख्ता बनाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा बलों को एक फुल प्रूफ सिक्योरिटी सिस्टम तैयार करने का निर्देश दिया था। जम्मू कश्मीर में मौजूद आतंकी संगठन, चुनाव में बाधा पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं, इसके मद्देनजर जेएंडके में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के एक लाख से अधिक जवानों को चुनाव प्रक्रिया में उतारा गया है। थ्री टायर सिस्टम के अनुसार, इलेक्शन बूथ पर जेकेपी के साथ मिलकर अचूक सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों ने बूथ की अचूक सुरक्षा की है। इस सुरक्षा घेरे में आतंकियों का प्रवेश करना बेहद मुश्किल है। दूसरा सुरक्षा घेरा, निकटवर्ती अप्रोच रोड पर बनाया गया है। इसके बाद तीसरा घेरा, नाका पार्टी द्वारा तैयार किया गया है। ड्रोन व सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश 18 अगस्त को ही जारी कर दिया गया था। राज्य में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 465 अतिरिक्त कंपनियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा 315 कंपनियां, बाहर से बुलाई गई हैं। साथ ही राज्य में 150 कंपनियां ऐसी रही हैं, जो पहले से ही वहां पर तैनात थी। केंद्रीय बलों की इन कंपनियों को उनके ओरिजनल प्लेस पर ही तैनात किया गया है। मतलब, जम्मू कश्मीर के जिस क्षेत्र में ये कंपनियां तैनात थी, उन्हें वहीं पर ही चुनाव में तैनात कर दिया गया है।

> जम्मू-कश्मीर के विस चुनाव में लोग, बिना किसी भय के मतदान कर रहे हैं। दहशतगर्दों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालने की तमाम धमकियों के बीच केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के एक लाख जवानों ने राज्य में 3 टायर सिक्योरिटी सिस्टम लागू किया है।

# विकसित भारत के लिए पर्यटन : हमारे प्रथम 'अतुल्य भारतीय' का विजन


गजेंद्र सिंह शेखावत
केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री, भारत सरकार।

एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहाँ भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत को एक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है। पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूँ कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं। एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गईं जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है। इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विजीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे




सबसे अधिक संख्या में बनाए गए। एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है। पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्ट करने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। तब से मेरा निरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हम भारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें। अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है। वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

माननीय प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए। रोजमर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई। स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया। पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई। इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी। इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था। एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है-एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है। स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर' चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास की अगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिए दोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें । इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है ताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें। माननीय प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विजन से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें।

अलग बात

## नागरिक करें देशभक्तों का तर्पण


डॉ. प्रभात ओझा

शीर्षक में दिया सुझाव प्रेरक लग सकता है। देशभक्ति के ज्वर में यह भी क्यों न हो! श्राद्ध और पितरों के तर्पण के मामले में लोग पहले से अधिक जानकार हो रहे हैं। इस कार्य में व्यापकता आई है। परंपराएं बताती हैं कि जिनके वशंज नहीं हों, ऐसे लोगों का तर्पण उनके जानने वाले कर सकते हैं। जिनके निधन की तिथि पता न हो, उनका तर्पण अमावस्या के दिन करने का विधान है। इस बार अमावस्या 02 अक्टूबर को है। संयोग ही है कि यह महात्मा गांधी और प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती है। संभव है कि गांधी-शास्त्री के परिजन अपने पितरों का तर्पण करते हों। हम भी करें, तो हर्ज नहीं। फिर यह सुझाव तो ऐसे सभी सेनानियों और सीमाओं पर बलिदान देने वालों के लिए है। महाभारत के तेरहवें अध्याय में जरत्कारु ऋषि का संदर्भ आता है। संन्यासी जरत्कारु को पेड़ से लटकती आत्माएं दिखीं। पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके कुल में एक ही व्यक्ति बचा है और वह जरात्कारु है। वह तर्पण करे तो आत्माओं को शांति मिले। इस पर ऋषि पुनः गृहस्थ हुए और उन्होंने पितरों का तर्पण सम्पन्न किया। कहने का आशय यह कि जिनके वंशज किसी कारण श्राद्ध नहीं कर सके अथवा जिन्होंने देश-समाज के लिए अविवाहित रहते अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, उनका तर्पण कौन करे। परंपराएं ही बताती हैं कि श्राद्ध स्थलों पर उन आत्माओं का भी तर्पण किया जाता है, जो आपसे किसी भी तरह जुड़े रहे हों। ऐसे लोग आपके आसपास के अथवा आपके अनुचर भी हो सकते हैं। यहां तक कि पालतू पशुओं तक के तर्पण का विधान है। यहीं रुककर सोचिए, जिन्होंने देश-समाज के लिए अपना बलिदान किया, उनका तर्पण हम क्यों न करें। आखिर देश के लिए समर्पित हर व्यक्ति हमारा ही तो है। एक तर्क आड़े आता है कि क्या किसी भी तरह का तर्पण उन लोगों तक पहुंचता है, जिनके लिए यह किया जाता है। यहीं पर 'श्राद्ध' शब्द से संतुष्टि मिलती है। हमारे यहां परंपराओं का विरोध फैशन-सा हो गया है। यहां कुछ तथ्य ध्यान में लाना चाहिए। क्या जो लोग कथित रुढ़ियों से तंग आकर धर्म परिवर्तन करते हैं, नयी जगह जाकर वहां की परंपरा का पालन नहीं करते! किसी भी पश्चिमी देश का उदाहरण लें। क्या किसी के चित्र के सामने फूलों का गुच्छा रखना उसकी आत्मा के प्रति श्रद्धा नहीं है। इस पुनीत कार्य को पूरी तरह समझना तभी सम्भव हो पाता है, जब हम इसके उद्देश्य पर ध्यान दें। एक मनःस्थिति में यह लग सकता है कि इस तरह के कर्मकांड निराधार हैं। उसी तरह जैसे श्राद्ध के नाम पर फिजूलखर्ची। आमतौर पर उधार लेकर भी शादी-ब्याह की भव्यता के समाचार मिलते रहते हैं। जिन्होंने अपने माता-पिता को परेशानियों में भी अपनी संतानों के विवाह में खर्च करते देखा है, वे भला क्या करें।**(ये इनके निजी विचार हैं)**

आपकी बात

# बच्चों को सोशल मीडिया से दूर करना क्यों जरूरी


आर.के. सिन्हा

अगर आप अपने आसपास किसी भी उम्र के इंसान से अनौपचारिक बात कर लें, आपको पता चल जाएगा कि आज के समय सोशल मीडिया की लत पूरे समाज को दीमक की तरह खा रही है। खासतौर पर नादान बच्चे इसकी गिरफ्त में हैं। इसके खतरों को देखते हुए ऑस्ट्रेलिया सोशल मीडिया के उपयोग के लिए न्यूनतम आयु सीमा लागू करने पर विचार कर रहा है। वहां 14 से 16 साल के बच्चों तक को सोशल मीडिया से दूर रखा जा सकता है। इसका उद्देश्य बच्चों को डिजिटल उपकरणों पर अत्यधिक समय बिताने की बजाय खेलकूद के मैदान से जोड़ना है। क्या इस तरह का कोई कदम भारत में नहीं उठाया जाना चाहिए? यह जानने के लिए रॉकेट साइंट की जरूरत नहीं है कि सोशल मीडिया ने हमारे देश में बच्चों को खेल मैदानों और अपने परिवार के सदस्यों व दोस्तों तक से दूर कर दिया है। आप अपने घर और आसपास के बच्चों को देख लें। वे फेसबुक, व्हाट्सअप, इंस्टा आदि से चिपके रहते हैं। आप देश के किसी भी शहर के किसी स्टेडियम में चले जाइये, वहां बुजुर्ग सैर करते मिल जाएँगे पर आपको बच्चे बहुत कम संख्या में खेलते मिलेंगे। हालांकि आज से बीसेक साल पहले तक राजधानी दिल्ली से लेकर छोटे शहरों के सारे मैदानों में बच्चे खेलते-कूदते नजर आ जाते थे। राजधानी के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, तालकटोरा स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम और दूसरे मैदानों में बच्चे प्रैक्टिस करते हुए खूब पसीना बहाते थे। वह अपने कोचों की देखरेख में प्रैक्टिस कर रहे होते थे। पर पिछले कुछ वर्षों से देख लें क्या हो गया है बच्चों का हाल। जब बच्चे खेलेंगे नहीं तो देश को ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक कहां से मिलेंगे? चीन में भी नाबालिगों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कानूनी रूप से रोक लगा दी गई है। यह सही है कि आज के समय में सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है लेकिन इसका अंधाधुंध इस्तेमाल, खासकर बच्चों के लिए, बहुत खतरनाक साबित हो रहा है। सोशल मीडिया से बच्चे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन शोषण और अनेकों प्रकार के व्यसन का शिकार हो रहे हैं। इसलिए, बच्चों को इन दुष्प्रभावों से बचाना हमारी अहम जिम्मेदारी हो गई है। बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कुछ जरूरी कदम तो उठाने होंगे। उदाहरण के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उम्र सीमा का पालन हो और बच्चों को उचित आयु तक इन प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोका जाए। बच्चों के लिए उचित आयु सीमा वाले विशेष ऐप्स और वेबसाइटों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष


जीवन के क्षण-भंगुर स्वप्नों के साथ मोह न रखें। ईश्वर और मात्र ईश्वर के लिए ही जीयें। इस संसार में मुक्ति और सुरक्षा का केवल यही मार्ग है, ईश्वर से परे कोई और सुरक्षा नहीं है।

# अनिश्चित संसार में सुरक्षा


श्री श्री परमहंस योगानंद

योग सिखाता है कि जहाँ ईश्वर है, वहाँ कोई भय, कोई दुःख नहीं होता। एक सफल योगी टूटते संसारों के विध्वंस में अडिग रह सकता है; वह इस ज्ञान के साथ सुरक्षित है कि, प्रभो! जहाँ मैं हूँ, वहाँ आपको आना ही होगा। जीवन के क्षण-भंगुर स्वप्नों के साथ मोह न रखें। ईश्वर और मात्र ईश्वर के लिए ही जीयें। इस संसार में मुक्ति और सुरक्षा का केवल यही मार्ग है; ईश्वर से परे कोई और सुरक्षा नहीं है। चाहे आप कहीं भी जाएँ, माया आप पर आक्रमण कर सकती है। अभी मुक्त हो जाएँ। अभी ईश्वर के पुत्र बनें; अनुभव करें कि आप उनके बच्चे हैं, ताकि आप इस माया-स्वप्न से सदा-सदा के लिए मुक्त हो सकें। गहनता से और निष्ठापूर्वक ध्यान करें और एक दिन आप समाधि में ईश्वर में जागृत हो जाएँगे और अनुभव करेंगे कि यह कितनी मूर्खता है कि लोग सोचते हैं वे कष्ट भोग रहे हैं। आप और मैं, और वे सब शुद्ध आत्माएँ हैं। संसार के डरावने स्वप्न से भयभीत न हों। ईश्वर के अनश्वर प्रकाश में जागृत हों! एक समय था, जब मेरे लिए जीवन अचानक चलचित्र को असहाय रूप में देखने के समान था और मैं भयान होने वाली त्रासदियों को बहुत अधिक महत्त्व दे रहा था। तब, एक दिन जब मैं ध्यान कर रहा था. तो मेरे कमरे में एक महान प्रकाश प्रकट हुआ और ईश्वर की आवाज ने मुझसे कहाः तुम क्या सोच रहे हो? **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से




X से




रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। -संपादक

आज का दोहा

मन अशुद्ध, तन शुद्ध सा, गहने की पहचान।
क ई शख्सियत इस तरह, घूम रहीं हैं जान।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

देश की बात

# कब तक भारत शरण देता रहेगा?


राकेश दुबे

प्राचीन काल से भारत शांति का पक्षधर रहा है। शांति, सद्भाव तथा शिष्टाचार भारतीय संस्कृति के ही मूल लक्षण हैं। 'जियो और जीने दो' अर्थात जीवन जीना अधिकार तथा समस्त प्राणियों को जीने देना कर्तव्य। यह सिद्धांत जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर 'महावीर स्वामी' के उपदेशों का हिस्सा है, जो वर्तमान में जंगी जुनून में मदहोश होकर विश्व को तीसरे विश्व युद्ध से रोकने का एक प्रकाशमान दर्शन है। वर्तमान में मजहबी कट्टरवाद तथा आतंकवाद जैसे संवेदनशील मुद्दे वैश्विक स्तर पर एक बड़ा खतरा बन चुके हैं। युद्ध, मजहबी उत्पीड़न व आतंकवाद जैसी भीषण आपदाओं के कारण अपना मुल्क छोड़नेवाले बेगुनाह लोगों के लिए भारत ने हमेशा मसीहा की भूमिका निभाई है। यहां तक कि भारत से गद्दारी करने वाले लोगों के प्रति भी भारत का नजरिया नैतिकता का ही रहा है। याद कीजिये, भारत विभाजन के बाद जोगिंद्रनाथ मंडल दलित व पिछड़े वर्ग का रहनुमां बनकर पाकिस्तान चले गए थे। पाकिस्तान के गर्वनर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना ने जोगिंद्रनाथ मंडल को पाक हुकूमत की काबीना में 'कानून व श्रम' मंत्री नियुक्त कर दिया। वजूद में आते ही पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों पर मजहब के नाम पर संघर्ष शुरू हो गया था। पाक में भाईचारे के पैरोकार बनकर गए जोगिंद्रनाथ मंडल को दोबारा भारतभूमि पर ही शरण लेनी पड़ी थी। मजहबी हिकारत से आहत होकर जगन्नाथ आजाद ने अपने पूर्वजों की पुश्तैनी विरासत को अपनी जन्मभूमि मियांवली में त्याग कर पाकिस्तान को अलविदा कह कर भारत में ही शरण ली थी। बांग्लादेश की मौजूदा मजहबी जमातें भी आज उसी तहरीर को दोहरा रही हैं। अपने चर्चित उपन्यास 'लज्जा' के जरिए बांग्लादेश के मजहबी कट्टरपंथ को बेनकाब करने वाली लेखिका 'तस्लीमा नसरीन' को सन 1994 में अपना मुल्क बांग्लादेश छोड़ना पड़ा। वहां की कट्टरपंथी जमातों तथा कई आतंकी संगठनों ने तस्लीमा नसरीन के खिलाफ मौत का फरमान जारी कर दिया था। तस्लीमा नसरीन ने सन 2004 से भारत में शरण



ली है। बांग्लादेश में हिंसक कारवाईयों से हालात इस कदर बेकाबू हैं कि अल्पसंख्यक समुदाय के लाखों लोग भारत में शरण लेने को आमादा हैं। 1980 के दशक में श्रीलंका में गृह युद्ध के कारण हजारों तमिल शरणार्थियों को भारत के दक्षिणी राज्यों में पनाह दी गई। अफगानिस्तान पर सन 1979 में सोवियत आक्रमण तथा तालिबान की हुकूमत के दौर में अस्थिरता का माहौल पैदा होने से हजारों अफगान नागरिक भी भारत में शरण लेने को मजबूर हुए। नेपाल, तिब्बत व भूटान जैसे देशों की एक बड़ी आबादी भारत में निवास करती है। दूसरे मुल्कों की स्वतंत्रता को कायम रखने व अकलियतों के हकूक की आवाज भारत हमेशा बुलंद करता है। मजहब की रहनुमाई करने वाले कई देश हैं, लेकिन जातिवाद व मजहबी हिकारत के कारण बेघर हो रहे लोगों को शरण देने की जहमत कोई भी मुल्क नहीं उठाता। बहरहाल कई देशों में आतंक व मजहबी उन्माद का शिकार होकर बेवतन हो रहे मजलूमों को शरण देकर भारत एक मुद्दत से मानवता के तकाजे निभा रहा है। पड़ोसी मुल्कों पर चीन का दबदबा तथा विदेशी खूफिया एजेंसियों की बढ़ती पैठ से उत्पन्न माहौल भारत की सुरक्षा को सीधी चुनौती है। अतः एटमी ताकत से लैस व विश्व की चौथी ताकतवर सैन्यशक्ति की हैसियत रखने वाले भारत को अपनी सैन्य ताकत का पैगाम भी देना होगा। पड़ोसी मुल्कों में भारत विरोधी गतिविधियां देश के हित में नहीं हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### परिवार नियोजन के तहत 29 का बंध्याकरण, एक पुरुष का नसबंदी

**महुआडांड़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत डॉक्टर टीमुनी रत्नाकर के नेतृत्व प्रखंड के विभिन्न गांवों से आये 29 महिलाओं का बंध्याकरण के साथ एक पुरुष नसबंदी का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन में प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो के साथ सभी नर्स एएनएम सहित स्वास्थ्य सहिया बहन मौजूद थे। ऑपरेशन कराने आये सभी महिलाओं को रूकने की व्यवस्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर में किया था, जिससे किसी भी महिला को दिक्कत आने पर तुरंत उसका बेहतर देखरेख हो सके।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**चंदवा।** पुलिस ने बुधवार को थाना गेट के समीप दो पहिया वाहन की सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों के हेलमेट व वाहनों के कागजात की जांच की गई। जांच के क्रम में कई वाहन चालक नियम का उलंघन करते पकड़े गए, जिनसे जुर्माना वसूल कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही थी। अभियान में शामिल अधिकारियों ने बताया कि जांच का उद्देश्य बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से बाइक चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने व ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बात कही।

### पुत्र की लंबी आयु के लिए माताओं ने रखी जितिया व्रत

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, बालूभांग, डाढ़ा, फूलसु, साल्वे, टोंटी, शिबला, आमरवाडीह सहित पूरे क्षेत्र में अपने पुत्र की लम्बी आयु को लेकर माताएं ने जितिया व्रत रखी। जितिया व्रत माताओं द्वारा अपने बच्चों की दीघार्यु और कल्याण की कामना के लिए रखी। व्रत रखने वाली माताएं बिना जल और अन्न ग्रहण किए करती हैं। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर जतरा मेला, गीत संगीत, झूमर का भी आयोजन किया गया था।

### नव चिन्हित आंदोलनकारियों का सम्मान समारोह एक को

**चंदवा।** आगामी एक अक्टूबर को झारखंड राज्य आंदोलनकारी मंच के बैनर तले लातेहार जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना सह नव चिन्हित आंदोलनकारियों का अभिनंदन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। मंच के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, मुरली प्रसाद चौरसिया, धनेश्वर उरांव ने बताया कि आंदोलनकारी के विभिन्न मांगों को लेकर उक्त कार्यक्रम आहूत की गई है। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री के नाम जिले के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथ ही नव चिन्हित आंदोलनकारियों का अभिनंदन व सम्मान किया जाएगा। कहा कि लंबे संघर्ष के बाद झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग द्वारा आंदोलनकारियों को चिन्हित किये जाने पर आभार व्यक्त किया। आयोग के अध्यक्ष व पदाधिकारी के प्रयास के कारण ही यह संभव हो पाया है। मंच ने जिले के सभी आंदोलनकारी से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### विद्यार्थियों ने लगाया फलदार पौधे

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरनदाग में आम्रपाली कोल परियोजना प्रबंधन द्वारा फलदार पौधों का रोपण गुरुवार को किया गया। प्रधानाध्यापक विकास पांडेय ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आम, कटहल, नींबू, अमरुद, तेजपत्ता व अशोक के पौधों को विद्यार्थियों ने उत्साह से लगाया है। उन्होंने जीएम अमरेश कुमार सिंह व सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भाजपा के परिवर्तन यात्रा में मनिका नहीं पहुंचे भोजपुरी अभिनेता मनोज व रवि, लोगों में निराशा



नवीन मेल संवाददाता

**मनिका।** भाजपा ने गुरूवार को परिवर्तन रैली निकाली। परिवर्तन यात्रा में पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह सहित जिले के कई भाजपा नेता शामिल हुए। लातेहार से आ रही परिवर्तन रथ यात्रा को एनएच 39 स्थित सिंजो में मोटरसाइकिल जुलूस के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद लातेहार जिला के प्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष स्व. राजेश्वर प्रसाद यादव के प्रतिमा पर भाजपाईयो ने माल्यार्पण कर मनिका में परिवर्तन यात्रा की शुरूआत किया। मनिका में पूर्व निर्धारित परिवर्तन रथ यात्रा में सांसद व फिल्म अभिनेता रवि किशन के साथ मनोज तिवारी को शामिल होना था।परंतु उक्त दोनो सांसद किसी कारणवश परिवर्तन यात्रा में शामिल नहीं हो सके। इसे लेकर लोगों में निराशा देखी गई। साथ ही सांसद व अभिनेता रवि किशन मनोज तिवारी को परिवर्तन यात्रा में नहीं देख कर लोगों पर भाजपा द्वारा निकाली गई उक्त परिवर्तन यात्रा के प्रति कोई दिलचस्पी भी नही देखी गई। रैली में शामिल भाजपा के वरिष्ठ नेता लव कुमार दुबे ने कहा कि परिवर्तन रथ यात्रा के माध्यम से भाजपा आम लोगों के बीच जा रही है। मौके पर भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, महेश सिंह, शंकर दुबे, धर्मजीत राय, विश्वनाथ राय, अजीत कुमार, ग्राम प्रधान रजत कुमार, प्रतिमा देवी, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष अंकित कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

### कल्पना सोरेन ने महिलाओं का आभार व्यक्त किया

**हेरहंज।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय प्रांगण में बुधवार देर शाम जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन पहुंची। उनके साथ मंत्री बेबी देवी, दीपिका पांडेय, बैजनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह साथ थे। नेत्री कल्पना सोरेन ने महिलाओं व पुरुषों की भीड़ देख खुशी जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया। कहा इस निर्जला पर्व जितिया के दिन भी इतनी महिला एकत्रित हुई हैं। यह गर्व की बात है। उन्हें सुनने के लिये इतना देर इंतजार करना पड़ा यह राज्य के लिए सुखद संकेत हैं। उन्होंने सभी लोगों से पूछा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से आप लोग खुश हैं कि नहीं। इस पर लोगों ने कहा हम सब खुश हैं। मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का लाभ आप लोग ले रही हैं न। यह कैसी योजना है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मंगलवार से ही जिला प्रशासन के साथ प्रखंड प्रशासन, बीडीओ प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी विक्रम कुमार स्वयं कमान संभाले हुए थे।

## न्यूज बॉक्स

### जेएमएम नेता के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सिंदुवारी में जेएमएम नेता मनोज कुमार चंद्रा के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। बताया गया कि सिंदुवारी खुर्द में लगभग चार महीने से ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इस कारण गांव के लोगों को पढ़ाई लिखाई करने तथा किसान मजदूर को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने सिमरिया विधानसभा के लोकप्रिय नेता मनोज चंद्रा को दिया। उन्होंने तुरंत अपने प्रयासों से एक सप्ताह के अंदर नया ट्रांसफार्मर मुहैया कराया। ट्रांसफार्मर लग जाने से गांव वालों में खुशी का माहौल है। मनोज चंद्रा जी के प्रति आभार जताया। मौके पर बैद्यनाथ कुमार दांगी, समाज सेवी यदुनंदन पांडेय, बहादुर दांगी, विनोद ठाकुर, कामदेव दांगी, दिगंबर रविदास,संदीप दांगी,वार्ड सदस्य पिंकी देवी सहित गांव के दर्जनों महिला व पुरुष उपस्थित थे।

### विधानसभा चुनाव को लेकर राजद ने बनाई रणनीति

**चतरा।** प्रखंड मुख्यालय के सलगा शिव मंदिर परिसर में गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल पार्टी का प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष ने की। संचालन विजय भारती ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा कर चनावी रणनीति बनाई। कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया गया। साथ ही झारखंड सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दिया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं के बारे में घर-घर जाकर लोगों को जानकारी देने का निर्णय लिया गया। बैठक में कमलेश कुमार रजक, रामाशीष यादव, बरियातू पंचायत अध्यक्ष मुनेश्वर यादव, तौकीर अंसारी, संजय कुमार दांगी, बसंत दांगी, राजेश दांगी, संजय दांगी सहित दर्जनों महिला व पुरुष शामिल थे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 28 को

**बालूमाथ।** राष्ट्रीय लोक अदालत 28 सितंबर को लातेहार जिला के व्यवहार न्यायालय कैंपस में लगाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक जयंत कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत लातेहार में लगाया जा रहा है, जो बैंक ग्राहकों के लिए एक सुनहरा अवसर है। वैसे ग्राहक जिनका केसीसी लोन खाते में लेनदेन नहीं होने के कारण खराब हो गई, हो वह ठीक करा सकते हैं। साथ ही जिनका छोटी बड़ी लोन हो वह अपना ब्याज माफी कराकर मूलधन जमा करके खुद को चिंता मुक्त कर सकते हैं। यह ग्राहकों के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है। इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इस तरह का जिनका भी समस्या है वह 28 सितंबर को लगने वाले लोक अदालत भाग लें। उन्होंने बताया कि खाता संबंधी या ऋण माफी आदि जो भी समस्या है वह लोक अदालत से पूर्व बैंक शाखा में आकर शाखा प्रबंधक से मिलकर अपनी समस्या को रख उचित परामर्श ले सकते हैं।

### लेप्रोसी के संभावितों रोगियों की जांच शुरू

**लातेहार।** लेप्रोसी विभाग ने 28 अगस्त से लेप्रोसी रोगियों की खोज शुरू की थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लातेहार अंतर्गत पाये गए 92 संभावितों की जांच जिला कार्यालय में सिविल सर्जन व जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के निर्देश पर किया गया। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि चार रोगियों को चिन्हित कर लिया गया है। रोगियों का इलाज भी शुरू कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह द्वारा जिला में पाये गये सभी संभावितों की जांच प्रखंड स्तर पर व आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर करने का निर्देश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को दिया है। इस आलोक में सभी स्तर पर जांच कार्य शुरू किया गया है। मौके पर डॉक्टर राजेश कुमार, पीएमडब्ल्यू आदर्श कुमार, एमपीडब्ल्यू पप्पू कुमार, सहिया हीरामणी देवी, सहिया राजमनी, रंजन कुजूर समेत अन्य

## उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अबुआ आवास की समीक्षा की




**कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बरियातू, लातेहार के बीडीओ पर रोष प्रकट**

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से गुरुवार को अबुआ आवास की प्रगति की समीक्षा की। अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्रखंडवार रजिस्ट्रेशन,स्वीकृति, जियोटैगिंग की बिंदुवार समीक्षा भी की। सभी बीडीओ को योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर, सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सबसे कम प्रगति वाले प्रखंड मनिका, बरियातू, लातेहार के बीडीओ पर रोष प्रकट की। साथ ही स्पष्ट निर्देशित दिया कि 24 घंटे के अंदर कार्य में सुधारात्मक प्रगति लाते हुए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। तय समयावधि तक कार्य में प्रगति नहीं होने पर सबंधित बीडीओ के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी जुड़े थे।

### लोजपा की होर्डिंग में गलती से लॉरेंस विश्नोई का फोटो लगा था : जिला अध्यक्ष

**लातेहार।** लोजपा जिला कार्यालय मे गुरुवार को जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने प्रेसवार्ता आयोजित किया। उन्होंने कहा कि जिला खेल स्टेडियम में आयोजित लोजपा द्वारा हुंकार रैली में होर्डिंग में लगा एक अपराधी का फोटो वायरल हुआ था। इस संबध में अपनी टीम से जांच पड़ताल कराया। इस दौरान कार्यालय सचिव किरण चंद्रवंशी से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि उनके मोबाइल पर किसी युवक ने लॉरेंस विश्नोई का फोटो भेजा था। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यालय सचिव द्वारा अनजाने में उक्त भेजे गए फोटो को प्रिंटिंग प्रेस को भेज दिया गया। जिस कारण यह गलती हुई। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता व कमेटी न तो उक्त अपराधी को जानते हैं और न ही पहचानते है। कार्यालय सचिव ने लिखित आवेदन देकर स्वीकार की कि यह पूरी तरह से अनजाने में हुआ है।

## मोटरसाइकिल चोरी मामले में मिली जमानत, फरियादी परेशान

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** मोटरसाइकिल चोर को थाने से ही मिल गई जमानत, जबकि फरियादी को कोर्ट कचहरी का आफत झेलना पड़ रहा है। भुक्तभोगी किसुनपुर निवासी झनकु महतो ने बताया कि एसपी चतरा से उसने कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि दो माह पूर्व 17 जुलाई को देर रात घर की चाहरदीवारी के अंदर रखा दोपहिया वाहन की चोरी होने की लिखित सूचना स्थानीय थाना में उसने दिया था। दो दिन बाद चोरी गई मोटरसाइकिल को सिमरिया की ओर भागने की सूचना देने पर पीसीआर गाड़ी ने पीछा कर सिसई के समीप बाइक समेत चतरा थाना क्षेत्र के बरैनी के रहने वाले चोर को एसआइ शिवमणि पासवान ने मौके से दबोच कर थाना ले गये। इस मामले में फरियादी बाइक की जमानत के लिए कोर्ट कचहरी का दौड़ लगाना शुरू किया, तब उसे पता चला कि एफआईआर में चोरी का आरोप अज्ञात के विरुद्ध दर्ज है। गिरफ्तार उक्त कथित चोर की तस्वीर कैमरे में कैद है। ऐसे में बिना न्यायालय में समर्पित हुए ही आखिर थाना से वह कैसे छूट गया। इसके विरुद्ध भुक्तभोगी ने एसपी से जांच व संलिप्तों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पूछे जाने पर एएसआई शिवमणि पासवान ने बताया कि इस संदर्भ में वे कुछ भी नहीं कह सकते। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनिल उरांव ने बताया कि थाना से चोर कैसे फरार हुआ वह इसकी पड़ताल करेंगे, घटना की पूरी जानकारी उन्हें नहीं है।

## भाजपा सांसद रवि किशन ने किया रोड शो, महिलाओं ने की पुष्प वर्षा

नवीन मेल संवाददाता



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय में भाजपा द्वारा निकाली गई परिवर्तन यात्रा में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के सांसद रवि किशन ने रोड शो भाग लिया। सांसद रवि किशन को श्री राम जानकी मंदिर का फोटो प्रतीक चिन्ह स्वरूप भेंट किया गया। रोड शो प्रखंड मुख्यालय के भंडार चौक से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए बालूमाथ प्रस्थान किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के हजारों भाजपा का कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रवि किशन के रोड शो से उत्साहित क्षेत्र की महिला कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर तिलक लगाकर स्वागत किया। इस दौरान सांसद रवि किशन प्रखंड के भाजपा मंडल कार्यालय में भी पहुंचे। वहां पर उपस्थित लोगों ने भी पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष यादव, मंडल अध्यक्ष कन्हैया प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य रंजीत जायसवाल, मनीष जायसवाल, महामंत्री श्याम लाल गोस्वामी, मंडल उपाध्यक्ष कैलाश कुमार ठाकुर सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## 261 ने थामा झामुमो का दामन, कल्पना सोरेने ने पार्टी का पट्टा पहना कर किया स्वागत

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** बालूमाथ निवासी समाज सेवी संजय कुमार रवि के नेतृत्व में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों से 261 लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। बुधवार शाम इंदिरा गांधी चौक स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में आयोजित मिलन समारोह में गांडेय विधायक सह झामुमो नेत्री कल्पना सोरेन ने सभी लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। साथ ही पार्टी में शामिल होने वालों सदस्यों के प्रति आभार व शुभकामनाएं प्रकट कीं। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष आजसू पार्टी सह झारखंड आंदोलनकारी जितेंद्र सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश कुमार उरांव, बीएसपी के पूर्व लोकसभा प्रभारी अनिल कुमार उरांव, बीएसपी के लातेहार जिला कोषाध्यक्ष रविशंकर जाटव,राष्ट्रीय जनता दल के बाबूलाल राम,लगन मनोहर खाखा, बिजेंद्र कुमार, महेश उरांव, सत्यनारायण भगत, मेजरस खाखा, अर्जुन राम, हरेंद्र कुमार, डॉ. सतीश कुमार, राहुल यादव, राजेंद्र गंझू, मो. इमरान, धनंजय गंझू, मो. वारिस,डॉ. राजेश कुमार रवि, दिनेश यादव,रंजन यादव,चंद्रदेव उरांव,महेश यादव,निरंजन उरांव, मनोज सिंह, रामसेवक सिंह, मो. इश्तियाक, मोहन उरांव, बालकेश्वर राम,शंकर उरांव,अविनाश राम,अजीत कुजूर आदि शामिल हैं। मिलन समारोह में शिक्षा मंत्री बैधनाथ राम, झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा, झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो नेता हरि कुमार भगत, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, प्रखंड सचिव मो. इजहार, युवा नेता बिनेश्वर उरांव, झामुमो डॉ. प्रभात मिंज मौजूद थे।


## शपथ पत्र



मैं, शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) उर्फ शालनी कुमारी (Shalni Kumari) उम्र करीब 20 वर्ष, पिता रंजीत प्रसाद, निवास स्थान अरका पोस्ट-काजी पकरी, थाना- तरहसी, जिला-पलामू, राज्य-झारखण्ड, शपथ के साथ निष्ठापूर्वक निम्नलिखित उदघोषणा करती हूँ किः-

1. यह कि मेरा वास्तविक नाम शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) है तथा मै शालनी कुमारी (Shalni Kumari) के भी नाम से जानी एवं पुकारी जाती हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) है जो कि मेरा मैट्रिक सहित अन्य प्रमाण पत्र में मेरा नाम दर्ज है जो कि सही है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या- 6703 5324 9863 में मेरा नाम गलती से शालनी कुमारी (Shalni Kumari) हो गया है जो कि गलत है।
3. यह कि मैं यह शपथ पत्र का निष्पादन अपने गलत नाम शालनी कुमारी (Shalni Kumari) के स्थान पर अपना सही नाम शालिनी कुमारी (Shalini Kumari) को दर्ज करवाने के उदेश्य से यह शपथ पत्र का निष्पादन कर रही हूँ।

**शपथ पत्र संख्या : 24761, दिनांक 25/09/2024**


# मूसलाधर बारिश होने से खपरैल घर गिरा, परिजनों को बढ़ी समस्या



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत मकरा ग्राम निवासी लक्ष्मी देवी पति राहुल कुमार का मिट्टी खापरैल घर जोरदार बारिश होने से गिर गया। पीड़िता लक्ष्मी देवी ने बताया कि उनलोग सब परिवार घर के अंदर मे ही थे। बारिश से अचानक घर का दीवार गिरने लगा। घर सें बाहर निकलते-निकलते घर पूरी तरह से गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। घर गिर जाने से घर मे रखा खटिया, कुर्सी, बर्तन,खाने का अनाज, चावल, मक्का सहित अन्य सामग्री गिरे दीवार की मिट्टी से दबकर खराब हो गया। जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है। पति बाहर में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। गरीबी के कारण अपने से घर बना पाना संभव नहीं है। बरसात में सभी परिवार का रहना मुश्किल हो गया है। अभी तक सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उसे नहीं मिल पाया है। इसके आलवा मकरा निवासी धर्मदेव सिंह पिता स्व. वकील सिंह का घर का चाहरदीवारी भी मूसलाधार बारिश होने से गिर गया। पीड़त परिवार ने संबधित विभाग से अबुआ आवास व पीएम आवास दिलवाने का मांग की है।

### बाढ़ से अप्रोच बहा, ग्रामीणों ने विधायक से बनाने की मांग



**महुआडांड़।** प्रखंड के परहाटोली पंचायत के ग्राम नगर प्रतापपुर से रामपुर तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर है। साथ ही सड़क के बीचो-बीच रामपुर नदी के पुल का अप्रोच बाढ़ के कारण बह गया। इस कारण पंचायत के दर्जनों गांव नगर प्रतापपुर, शाहपुर, चुटिया, उदालखाड, विश्रामपुर सहित कई अन्य गांव के स्कूली बच्चों स्कूल आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत संबंधित कार्य व महुआडांड़ मुख्यालय पैदल आने जाने के लिए काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीण आठ से 15 किलोमीटर दूर कुरो मोड़ होकर महुआडांड़ आ जा रहे है। जर्जर सड़क और नदी के बहे अप्रोच की बनाने के लिए ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह को आवेदन देकर जल्द बनाने की मांग की है।


## कार्यालय जिला परिषद, पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना

दिनांक 02.12.2023 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्ड में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विश्रामपुर | भूतल | D-04, D-06, D-07, D-08, D-09, D-10, D-11, D-17 | 08 | 8316.00 | 25000.00 | 50000.00 |

1.आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– 26.09.2024 से 04.10.2024 तक
2.आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3.आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) :– 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4.आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– 26.09.2024 से 04.10.2024 अपराह्न 2:00 बजे तक 5.आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6.डाक की तिथि व समय :– 05.10.2024 को 12:00 बजे मध्याह्न
7.डाक का स्थान :– Block-C स्थित कार्यालय कक्ष।
8.आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1:– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2:– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित विस्तृत शर्त पलामू NIC के Website- www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह–
मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी,जिला परिषद, पलामू

PR 337194 District(24-25).D

**विश्व पर्यटन दिवस प्रत्येक वर्ष 27 सितंबर को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने वर्ष 1980 में पहली बार 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया था। यह तिथि विश्व पर्यटन दिवस मनाने के लिए इसलिए चुनी गई, क्योंकि 27 सितंबर 1970 को यूएनडब्ल्यूटीओ की स्थापना हुई थी। संगठन की स्थापना विश्व में पर्यटन के विकास के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। वर्ष 2024 में विश्व पर्यटन दिवस की थीम है 'पर्यटन और शांति।' वैश्विक शांति के लिए पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि इससे अंतर सांस्कृतिक समझ विकसित होती है। विविध संस्कृतियों को जानने-समझने का मौका मिलता है, जिससे दूसरी संस्कृतियों के प्रति सहिष्णुता बढ़ती है। साथ ही, पर्यटन से स्थानीय अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। विश्व पर्यटन दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यटन विकास को प्रोत्साहित करना है। साथ ही, पर्यटन को वैश्विक शांति और समृद्धि के साधन के रूप में भी प्रस्तुत करना है। वैसे, भारत में हर साल राष्ट्रीय पर्यटन दिवस भी मनाया जाता है, जो 25 जनवरी को पड़ता है।**

## 2024 के विश्व पर्यटन दिवस पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस का संदेश



विश्व पर्यटन दिवस पर हम पर्यटन और शांति के गहन संबंध पर विचार करते हैं। टिकाऊ पर्यटन रोजगारों का सृजन कर सकता है, यह समावेशिता को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है। पर्यटन से शांतिपूर्ण सह अस्तित्व को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। पर्यटन पड़ोसियों के बीच आर्थिक निर्भरता को भी बढ़ावा दे सकता है। सहयोग एवं शांतिपूर्ण विकास को प्रोत्साहित कर सकता है। साथ ही, पर्यटन क्षितिज को व्यापक बनाता है। हर यात्री एक राजदूत बन सकता है। स्थानीय आबादी के साथ सम्मानपूर्वक जुड़ सकता है। हमारी विविधता और साझा मानवता को पहचान सकता है। उन मूल्यों को पहचान सकता है, जो हम सभी को एकजुट करते हैं। आइए, हम जिम्मेदारी से यात्रा करें और संस्कृतियों एवं देशों के बीच आपसी सम्मान को बढ़ावा दें। हम सभी मिलकर शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन की शक्ति का उपयोग कर सकते हैं।

## इस बार जॉर्जिया है मेजबान



वर्ष 2024 में विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी जॉर्जिया करेगा। जॉर्जिया देश पश्चिमी एशिया और पूर्वी यूरोप के मध्य में स्थित है। जॉर्जिया 09 अप्रैल 1991 को सोवियत संघ (अब रूस) से अलग हुआ था। इस देश में एशियाई और यूरोपीय संस्कृति का अद्भुत मिलन है। जॉर्जिया अपनी पर्वत श्रृंखलाओं के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां कई प्राचीन चर्च हैं। इस देश में पर्यटन क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहा है। इस देश में पूरी दुनिया से पर्यटक आते हैं। ज्ञात हो कि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने कई पहल की है। इसमें हर साल एक देश को पर्यटन दिवस की मेजबानी सौंपना भी शामिल है। भारत भी विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी कर चुका है।

## पर्यटन का योगदान

**आर्थिक :** पर्यटन लाखों नौकरियां सृजित करता है। यह स्थानीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था को बल प्रदान करता है। इससे स्थानीय व्यवसाय और संसाधनों का विकास होता है।

**सांस्कृतिक :** पर्यटन से सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलता है। इससे अलग-अलग संस्कृतियों के लोग एक-दूसरे को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं। इससे सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का भी अवसर प्राप्त होता है।

**सामुदायिक एकता :** पर्यटक को बेहतर सुविधा देने के लिए स्थानीय लोग मिलकर काम करते हैं। इससे सामुदायिक एकता बढ़ती है। साथ ही, इससे पूरे समुदाय का विकास होता है।

# जोहार! तोहरे मन परिवार संगे आवा, घूमेकर खुसी मनावा

**जोहार!** तोहरे मन परिवार संगे आवा, घूमेकर खुसी मनावा। नागपुरी भाषा के इस वाक्य का अर्थ है- आपका स्वागत है। परिवार के साथ झारखंड आइए, घूमिए और अपने परिजनों के साथ राज्य के लोगों की मेजबानी का आनंद लीजिए। झारखंड प्रकृति का अनुपम उपहार है। प्रकृति ने इस राज्य को विशिष्ट सौंदर्य से नवाजा है। यहां अनगिनत मनमोहक पर्यटन स्थल हैं। यहां खूबसूरत वन्य प्रदेश, झरने, नदी, पहाड़-पठार आदि हैं, जो मन में बस जाते हैं। धार्मिक स्थल, डैम आदि हैं। झारखंड कई संस्कृतियों एवं धर्मों का संगम स्थल है। यहां कई भाषाएं बोली जाती हैं। आदिवासियों के विविध रीति-रिवाज भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। राज्य की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध है। यहां के कई पर्व-त्योहार पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं इन त्योहारों के रीति-रिवाज, नृत्य, गायन आदि। झारखंड के प्रसिद्ध पर्व हैं सरहुल, करमा पूजा, सोहराई, टुसू और फगुआ। राज्य के प्रमुख लोकनृत्यों में छऊ, डोमकच, मुंडारी नृत्य, झुमैर, फिरकल आदि शामिल हैं।

## झारखंड के प्रमुख पर्यटन स्थल



**1. जलप्रपात :** राज्य में कई मनमोहक जलप्रपात हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर बरबस आकर्षित करते हैं। इनमें रांची का दशम फॉल, हुंडरू फॉल एवं जोन्हा फॉल, पश्चिमी सिंहभूम का हिरनी फॉल, लातेहार का लोध फॉल एवं निचला घघारी फॉल, खूंटी का पंचघाघ फॉल, गिरिडीह का उसरी फॉल, रामगढ़ का रजरप्पा फॉल एवं सीता फॉल तथा गुमला का सदनी फॉल शामिल हैं।

**2. तीर्थस्थान :** झारखंड के कई तीर्थस्थान विश्व प्रसिद्ध हैं। यहां सभी धर्मों के तीर्थस्थल हैं। देवघर में बाबा बैद्यनाथ का मंदिर, रामगढ़ के रजरप्पा में छिन्नमस्तिके मंदिर तथा रांची में दिउड़ी मंदिर, सूर्य मंदिर व जगन्नाथ मंदिर सनातन धर्मावलंबियों का प्रमुख तीर्थस्थल है। चतरा के इटखोरी में भद्रकाली मंदिर 9वीं शताब्दी का बना हुआ है। इटखोरी में ही ईसा पूर्व 200 का बना हुआ बौद्ध स्तूप भी है। इटखोरी बौद्ध, जैन और हिंदू सभी के लिए पवित्र स्थान है। पारसनाथ जैन धर्म का प्रसिद्ध तीर्थस्थल है। बोकारो की लुगुबुरु पहाड़ी पर लुगुबुरु घंटाबाड़ी संथाल आदिवासियों का प्रमुख धार्मिक स्थल है। पूर्वी सिंहभूम जिले के जादुगोड़ा का रंकिनी मंदिर भी पूर्वी भारत का प्रमुख मंदिर है।

**3. हिल स्टेशन :** नेतरहाट राज्य का प्रमुख हिल स्टेशन है। नेतरहाट के सूर्यास्त का नजारा देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। राज्य का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर पारसनाथ है। पारसनाथ से शिखरजी का दृश्य देखने लायक होता है। पतरातू वैली रांची के शिमला नाम से प्रसिद्ध है।

**4. अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान :** राज्य में कई वन्यजीव अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान हैं, पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इनमें बेतला राष्ट्रीय उद्यान, दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य, पालकोट वन्यजीव अभ्यारण्य, महुआडांड़ भेड़िया अभ्यारण्य, हजारीबाग वन्यजीव अभ्यारण्य, गौतम बुद्ध वन्यजीव अभ्यारण्य और दलमा वन्यजीव अभ्यारण्य शामिल हैं।

**5. पुरातात्विक महत्व के स्थल :** झारखंड के महत्वपूर्ण पुरातात्विक स्थलों में हजारीबाग का मेगालिथ काल का गुफा चित्र, दुमका का मलूटी, गुमला का नवरतनगढ़, पलामू का पलामू किला, रांची का रातू किला शामिल हैं।

**6. बांध (डैम) :** राज्य में कई प्रसिद्ध डैम हैं, जहां लोग पिकनिक मनाने जाते हैं। इनमें कांके डैम, गेतलसूद डैम, मैथन डैम, कोनार डैम, मसानजोर डैम, पतरातू डैम, पंचेत डैम, तेनुघाट डैम, चांडिल डैम और खंडोली डैम शामिल हैं।

**7. संग्रहालय :** राज्य में कई ऐसे संग्रहालय हैं, जहां पत्थर के औजार, टेराकोटा की सामग्री, प्राचीन काल की मूर्तियों जैसी महत्वपूर्ण पुरातात्विक वस्तुएं संरक्षित हैं। इनमें रांची के होटवार स्थित राज्य संग्रहालय एवं जनजातीय अनुसंधान संस्थान एवं संग्रहालय तथा हजारीबाग का संस्कृति संग्रहालय शामिल हैं। रांची स्थित विज्ञान केंद्र भी बच्चों और किशोरों के लिए जानकारी प्रदान करने वाली जगह है।





## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की पहल

**ई-वीजा :** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने ई-वीजा की सुविधा दी है। ई-वीजा कार्यक्रम 167 देशों के नागरिकों को सात श्रेणियों के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अनुमति देता है। वीजा शुल्क में भी काफी कमी की गई है।

**स्वदेश दर्शन :** यह योजना वर्ष 2014-15 में शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य थीम आधारित पर्यटन सर्किट बनाना है। वर्ष 2023-24 तक 73 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

**स्वदेश दर्शन 2.0 :** इस योजना में एकीकृत गंतव्य (डेस्टिनेशन) विकास पर बल दिया गया है। इसमें केंद्रित विकास के लिए 32 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 57 गंतव्यों की पहचान हुई है।

**प्रसाद योजना :** इस योजना का उद्देश्य तीर्थस्थलों पर बुनियादी ढांचे को विकसित करना है। इस योजना में अब तक 46 परियोनाओं को मंजूरी मिली है।

## झारखंड पर्यटन नीति 2021

*झारखंड सरकार ने नई दिल्ली में 23 जुलाई 2022 को झारखंड पर्यटन नीति 2021 को लांच किया था। इसमें राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई व्यवस्था की गई थी। झारखंड पर्यटन नीति 2021 की महत्वपूर्ण बातें -*

- देवघर, पारसनाथ, इटखोरी के भ्रदकाली मंदिर, मधुबन आदि धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण।
- लातेहार-नेतरहाट-बेतला और चांडिल-दलमा-मिरचैया-गेतलसूद जैसे इको सर्किट का विकास।
- साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रॉक क्लाइंबिंग, वाटर स्पोर्ट्स, ग्लाइडिंग, पैराग्लाइडिंग आदि को बढ़ावा देना।
- झारखंड की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अंतरराज्यीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, खाद्य महोत्सव आदि का आयोजन।
- ग्राम्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण।
- पर्यटक हेल्पलाइन, पर्यटक सुरक्षा बल और केंद्रीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना।
- पर्यटक सूचना केंद्रों को आधुनिक करना।
- पर्यटन विकास निगम का आधुनिकीकरण।
- निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई तरह के प्रोत्साहन और सब्सिडी।



**राज्यों से**

### संजय राउत को मानहानि मामले में 15 दिन की सजा 25 हजार का जुमार्ना भी



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया की पत्नी डॉ. मेधा किरीट सोमैया के मानहानि मामले में मझगांव मजिस्ट्रेट कोर्ट ने गुरुवार को शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने उन्हें 15 दिन की कैद और 25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। शिवसेना यूबीटी की उपनेता सुषमा अंधारे ने कहा कि इस निर्णय को ऊपरी कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। जानकारी के अनुसार मीरा भयंदर शहर में 154 सार्वजनिक शौचालयों में से 16 के निर्माण का कांट्रैक्ट भाजपा नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया की पत्नी मेधा सोमैया की युवा फाउंडेशन को दिया गया था।

# पैरासिटामोल सहित 53 दवाएं लैब जांच में फेल

**संबंधित** कंपनियों ने कहा वर्णित बैच की दवाओं का निर्माण उन्होंने नहीं किया



**दवाओं** के नाम पर सब-स्टैंडर्ड सॉल्ट बेचे जा रहे, नामी कंपनियों के लेबल में थी दवाएं

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** जांच में 53 दवाओं के सैंपल फेल होने की खबर आने के बाद आम लोगों के मन में डर बैठ गया है कि वे जो दवाएं ले रहे हैं कहीं वे नकली तो नहीं हैं। उनका डर जायज भी है क्योंकि एक अध्ययन के मुताबिक देश में बिकने वाली करीब 25 फीसदी दवाएं नकली हैं। नकली होने से मतलब है कि फर्जी कंपनियों द्वारा नामी कंपनियों के लेबल की नकल कर इन दवाओं की बाजार में सप्लाई की जा रही है। सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑगेनाईजेशन (सीडीएससीओ) की एक रिपोर्ट सामने आई है। जिसमें बताया गया है कि आम बुखार की दवा पैरासिटामोल सहित 53 दवाएं ऐसी हैं जिनके सैंपल लैब जांच में फेल हो गये। दवाओं के नाम पर सब-स्टैंडर्ड सॉल्ट बेचे जा रहे थे। इनमें पेनकिलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल दवा फ्लुकोनाजोल, विटामिन डी सप्लीमेंट, बीपी और डायबिटीज की दवा, एसिड रिफलक्स आदि शामिल हैं। सभी दवाएं नामी कंपनियों के लेबल में आई थीं। उद्योग संगठन एसोचैम की 2022 में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू बाजार में उपलब्ध एक-चौथाई दवा नकली है। फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया - बूमिंग बिज नामक इस रिपोर्ट के अनुसार, देश में दवाइयों के बाजार का आकार 14-17 अरब डॉलर है जिसमें करीब 4.25 अरब डॉलर की दवाएं नकली या सब स्टैंडर्ड हैं।

## सरकारी अस्पतालों में 38% दवाएं नकली

इतना ही नहीं, रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में नकली दवाओं का कारोबार सलाना 33 प्रतिशत की औसत दर से बढ़ रहा है। यह 2005 में 67.85 करोड़ डॉलर (30 अरब रुपये) से बढ़कर 2020 में 40 अरब रुपये पर पहुंच गया। रिपोर्ट में यह बताया गया था कि सरकारी अस्पतालों में सबसे ज्यादा 38 प्रतिशत दवाएं नकली पाई गई थीं। केंद्र सरकार ने शीर्ष 300 ब्रांडेड नाम से बिकने वाली दवाओं को नोटिफाई किया हुआ है। अगस्त 2023 के बाद बनी इन सभी दवाओं की पैकेजिंग पर बारकोड या क्यूआर कोड होता है। उसे स्कैन करते ही उसकी पूरी जानकारी सामने आ जाती है। नकली दवाओं के बारकोड या क्यूआर कोड को स्कैन करने पर कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलता है। दवाएं खरीदते समय जांच लें कि उनकी सीलिंग सही है और पैकेजिंग भी ठीक है।

### आरएसएस की वृन्दावन में होगी अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक इस वर्ष 24 अक्टूबर 2024 से वृन्दावन के परखम में होगी। बैठक में पूरे समय सरसंघचालक डा. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले व सभी छह सह सरकार्यवाह जिनमें डा. कृष्ण गोपाल, केसी मुकुंद, अरूण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार व अतुल लिमये उपस्थित रहेंगे। संघ से जुड़े एक पदाधिकारी ने बताया कि बैठक में देशभर से संघ दृष्टि से 11 क्षेत्रों के क्षेत्र संघचालक, सह क्षेत्र संघचालक, क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक, क्षेत्र कार्यवाह व सह क्षेत्र कार्यवाह शामिल होंगे।

### पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की तबीयत एक बार फिर से खराब होने के कारण गुरुवार को उन्हें मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया। दस दिन के भीतर यह दूसरा मौका है, जब भगवंत मान को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री कार्यालय में आज सुबह भगवंत मान के अस्पताल में भर्ती होने की पुष्टि की है। हालांकि, बताया गया है कि वह नियमित जांच के लिए अस्पताल में भर्ती हुए हैं। उनका स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक है। कुछ और जरूरी जांच के बाद अस्पताल से छुट्टी होगी। अस्पताल प्रशासन और पंजाब सरकार ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि मुख्यमंत्री को अस्पताल में क्यों भर्ती कराना पड़ा है।

### तिलजला हत्याकांड के दोषी को अदालत ने सुनाया सजा-ए-मौत का फरमान



**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के तिलजला में सात साल के बच्चे से यौन शोषण और हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी को मौत की सजा सुनाई है। अलीपुर की विशेष ढडउरड अदालत में मामले का फैसला सुनाया गया है। यह घटना मार्च 2023 में तिलजला में हुई थी। न्यायाधीश ने कहा कि पुलिस को सभी आरोपों के सबूत मिले हैं, जिन 45 गवाहों ने आलोक कुमार के खिलाफ गवाही दी। जज ने यह भी कहा, बच्ची को उसकी यौन इच्छा के लिए घर में जबरदस्ती रखा गया था। जज ने पूरी घटना को क्रूर अपराध करार दिया।

# कानपुर में बनी मशीन गन यूरोपीय देशों को निर्यात करेगा भारत

**अगले तीन वर्षों में यूरोपीय कंपनियों को आपूर्ति की जाएगी 2,000 एमएमजी | प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति और ज्यादा मजबूत होगी**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत पहली बार अपनी अपग्रेडेड मीडियम मशीन गन (एमएमजी) का निर्यात यूरोपीय देशों को करने जा रहा है। यह एमएमजी प्रति मिनट 1,000 राउंड फायर करने में सक्षम है। कानपुर की स्मॉल आर्म्स फैक्टरी (एसएएफ) में तैयार की जाने वाली 2,000 एमएमजी अगले तीन वर्षों में यूरोपीय कंपनियों को आपूर्ति की जाएगी। यह निर्यात सौदा भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए एक बड़ी छलांग है, जिससे प्रतिस्पर्धी यूरोपीय हथियार बाजार में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। कानपुर में रक्षा मंत्रालय की हथियार उत्पादन



इकाई स्मॉल आर्म्स फैक्टरी (एसएएफ) है, जहां सेनाओं को आपूर्ति किये जाने वाले छोटे हथियारों का उत्पादन किया जाता है। यह कारखाना पुलिस इकाइयों, राज्य पुलिस संगठनों और बीएसएफ आईटीबीपी, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ और एसएसबी सहित अर्धसैनिक बलों के लिए आवश्यक अत्याधुनिक छोटे हथियारों के उत्पादन में माहिर है। एसएएफ ने कई प्रकार के रिवाल्वर बनाए हैं, जिनका इस्तेमाल सुरक्षाबल कर रहे हैं। फैक्टरी में मीडियम मशीन गन (एमएमजी) भी तैयार की गई हैं, जिन्हें लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। चीन और पाकिस्तान की अग्रिम सीमा पर इस्तेमाल की जाने वाली इंसास राइफल भी एसएएफ का बेहतरीन उत्पाद है।

**एमएमजी कई लड़ाकू प्लेटफार्मों में उपयोग के लिए उपयुक्त :** एसएएफ के अधिकारियों ने कहा कि एमएमजी में लगातार उच्च दर की फायर क्षमता है और यह वाहनों, टैंकों, विमानों, नावों और जहाजों जैसे कई लड़ाकू प्लेटफार्मों में उपयोग के लिए उपयुक्त है। एमएमजी की इन्हीं विशेषताओं ने यूरोपीय खरीदारों को सबसे अधिक आकर्षित किया।

संशोधित एमएमजी का वजन लगभग 11 किलोग्राम है और इसे तिपाई माउंट से फायर किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल आपातकालीन स्थितियों में कंधे और कूल्हे पर रखकर किया जा सकता है। क्रोमियम-प्लेटेड बोर और चैंबर से बने इसके बैरल को ज्यादा गर्म होने से बचाने के लिए जल्दी से बदला जा सकता है, जिससे लंबे समय तक फायरिंग के बाद राउंड को जलने से रोकता है।

# जेएमएम का मतलब 'जमकर मलाई मारो' : राजनाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/धनबाद।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर गुरुवार को धनबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर चुटकी लेते हुए कहा, जेएमएम का मतलब जमकर मलाई मारो है। परिवर्तन महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने न सिर्फ केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया, बल्कि विपक्षी पार्टियों पर भी जमकर बरसे।



कोयलांचल धनबाद के गोल्फ ग्राउंड पर राजनाथ ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को लेकर कहा, मुख्यमंत्री प्रदेश का नेता होता है और उस मुख्यमंत्री को जेल की हवा खानी पड़ी और वो भी भ्रष्टाचार के आरोप में। उन्होंने कहा कि राजनीति ऐसे नहीं चलती। राजनीति लोक लाज और मयार्दा से चलती है। उन्होंने राहुल गांधी को भी निशाने पर लिया। साथ ही कहा कि वो (राहुल गांधी) विदेश जाकर लगातार भारत की छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही भारत में लंबे समय तक कांग्रेस की हुकूमत रही हो लेकिन जब भी हमारी सरकार (भाजपा) विदेश गई, वहां भारत का सिर ऊंचा करने का काम किया। राजनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के एक भाषण का जिक्र करते हुए विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (राजीव गांधी) कहा था कि हम जनता के लिए राजकोष से 100 पैसा भेजते है, तो बड़ी मुश्किल से 15 पैसा आमजनों तक पहुंचता है और 85 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि उसके बावजूद कांग्रेस ने कभी भी भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में कोई भी प्रयास नहीं किया जबकि नरेन्द्र मोदी की सरकार ने अपने पहले ही कैबिनेट की बैठक में भ्रष्टचिरियों पर नकेल कसने की अपनी मंशा को साफ कर दिया था। यही कारण है कि आज हमारी सरकार केंद्र से यदि 100 पैसा जरूरतमंदों के लिए भेजती है तो 100 का 100 पैसा उन जरूरतमंदो की जेब तक पहुंच जाता है।

राजनाथ ने कहा कि यदि देश में 'वन नेशन वन इलेक्शन' सिस्टम को लागू कर दिया जाए तो जनता की गाढ़ी कमाई के चार लाख करोड़ रुपये की बचत हो जाएगी। किसानों को लेकर कहा कि हमारी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के हर छोटे और सीमांत किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। अंत में उन्होंने धनबाद सांसद ढुल्लू महतो और धनबाद विधायक राज सिन्हा को अपने समक्ष खड़े कर धनबाद की जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि धनबाद की जनता आगामी विधानसभा चुनाव में धनबाद की छह की छह सीट भाजपा को जीता कर देती है और झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो वे एक बार पुनः धनबाद की धरा पर आकर शीश झुकाते हुए यहां की जनता के प्रति आभार व्यक्त करेंगे।

## उपायुक्त का कार्यालय (समाज कल्याण शाखा) लातेहार

### विज्ञापन

### मिशन वात्सलय योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर नियुक्ति

केन्द्र प्रायोजित मिशन वात्सल्य योजना, भारत सरकार के एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अन्तर्गत राज्य में किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के विभिन्न प्रावधानों का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है। मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत जिला स्तर पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु इच्छुक एवं अहर्ताधारी अभ्यर्थियों से पूर्व नयी नियमावली मिशन वात्सल्य योजना के अनुसार पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

(1) जिला बाल संरक्षण ईकाई (DCPU)

| क्र0 | पद का नाम | पदों की संख्या | उम्र | मासिक वेतन/मानदेय | शैक्षणिक योग्यता कार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Data Analyst Post Code – DCPS 08 | 01 (अनारक्षित) | 30–45 | 18,536 /– | Graduate in Statistics/ Mathematics/Economics/Computer (BCA) from a recognized university. At least 1 year experience of working in desired field computer skills & command on Tally. |

**आवेदन करने का पताः–** जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन लातेहार, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लातेहार पिन नं0–829206

आवेदन हेतु प्रपत्र एवं विज्ञापन की विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
लातेहार।

PR.NO.337226 Women, Child Development & Social Security(24-25):D

# राज्य में कमल खिलेगा, हेमंत सरकार का अंत निकट : पुष्कर सिंह धामी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/जामताड़ा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज जामताड़ा के कुंडहित में आयोजित परिवर्तन सभा को संबोधित किया। भारी बारिश के बावजूद परिवर्तन यात्रा में उमड़ी भारी भीड़ को देखकर उन्होंने कहा, आप सभी का यह जोश और समर्थन इस बात का संकेत है कि इस बार झारखंड में कमल का फूल खिलने वाला है। उन्होंने कहा कि आज मैं बाबा केदार की भूमि से बाबा बैद्यनाथ की पवित्र भूमि पर उपस्थित होकर गर्व महसूस कर रहा हूँ। चाहे आंधी आए या तूफान, भाजपा की यह परिवर्तन यात्रा कभी रुकनी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में अपार संपदा है। यह धरती उस पहचान के लिए जानी जाती है कि जब देश में आजादी की शुरूआत भी नहीं हुई थी, तब अगर किसी ने सबसे पहले आवाज उठाई थी, तो वह आदिवासी समाज था। संथाल आदिवासियों की बेटी देश की प्रथम नागरिक बनी है, और यह केवल मोदी जी की सरकार में ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासी समाज के लोगों को मुख्यधारा में लाने का काम कर रही है। भाजपा इस संकल्प के साथ कार्य करती है कि हर वर्ग का उत्थान हो और हर वर्ग को आगे बढ़ने का अवसर मिले। उन्होंने कहा कि मोदी जी की गारंटी है, जिन्होंने झारखंड में अनेक विकास कार्य किए हैं, जिनका लाभ यहां की जनता को मिल रहा है। जामताड़ा के नाला क्षेत्र में अनेकों सड़कों का निर्माण हुआ है, किसानों को 154 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है और बिजली कनेक्शन देने का काम हुआ है। श्री धामी ने कहा कि देश में लंबे समय तक कांग्रेस का शासन रहा है। कांग्रेस ने 60 साल में सिर्फ अपनी तिजोरी भरने और भ्रष्टाचार को जन्म देने का काम किया है। पूरा परिवार घोटालों में लिप्त रहा है। यह सरकार रांची में दुर्गा पूजा के पंडालों को लगाने से रोकने की साजिश कर रही है।



## NETARHAT RESIDE NTIAL SCHOOL NETARHAT

P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand)

### Tender Inviting Notice

Enquiry No-2110 Dated-23.09.2024

Sealed tenders are invited for Netarhat Residential School, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in Civil Works, for renovation of Vidyalaya Guest House (Bangalow No. – 04) at Netarhat Residential School.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Renovation of Vidyalaya Guest House (Bangalow No. – 04) at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | Renovation of Vidyalaya Guest House (Bangalow No. – 04) at Netarhat Residential School, Netarhat. |
| 3. | Technically Sanctioned By | Executive Engineer, Building Division, Latehar |
| 4. | Technical Sanctioned Date | 10.09.2024 |
| 5. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, Dist- Latehar. |
| 6. | Date of Publication of Tender on Website | 23.09.2024 at 03.00 P. M. |
| 7. | Last Date and Time for submission of Bids | 15.10.2024 at 11.30 A. M |
| 8. | Date of Opening of the Tender | 17.10.2024 at 01.25 P.M. |

Complete details can be seen on our school's website www.netarhatvidyalaya.com

Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR 337148 Human Resource Developement (24-25)_D

## e-Procurement Cell
## Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj,

### e-Procurement Notice, (Short Notice)

Tender Ref. No.-09/E.E.,BCD/Building Div. Daltonganj/2024-25-Date: 24.09.2024

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Andharibagh, Block- Pipra, Dist - Palamu | Rs. 5632500.00 | 06 Months |
| 2. | Estimate For Construction Of Hsc Building At Mahuganwa Block- Chainpur, Dist - Palamu | Rs. 5632500.00 | 06 Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09-10-2024 | |
| ii | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 16-10-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि/समय | 18-10-2024 को अपराह्न 3:00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Daltonganj | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9430783582 | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9529503499 | |

- इस निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

***Note : New Updated UCAN Registration is mandatory for all Bidders.***

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Daltonganj

PR 337090 District(24-25)#D

## पृष्ठ एक के शेष

**बाघों का पुराना कारिडोर...**

ब्रीडिंग के लिए टेरिटरी का विस्तार महत्वपूर्ण है। एक ही क्षेत्र में ब्रीडिंग करने से बाघ कमजोर हो सकते हैं, लेकिन टेरिटरी बदलने से ब्रीडिंग मजबूत होती है। पलामू टाइगर रिजर्व और मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बीच 322 किलोमीटर का कॉरिडोर है, जिसमें छत्तीसगढ़ के संजय डुबरी और गुरु घासी टाइगर रिजर्व भी शामिल हैं।

**अपराधियों ने अधेड़ को...**

लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस अपराधियों की धर पकड़ के लिए लगातार छापामारी अभियान चला रही है। पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव हेमपुर ग्राम पहुंचते ही ग्रामीण और परिजनों ने सड़क पर शव को रखकर जाम कर दिया। ग्रामीण व परिजन हत्या में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करने, मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और 10 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की कर रहे थे। सड़क जाम की सूचना पाकर थाना प्रभारी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरूवा, अंचलाधिकारी, जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी के साथ पूर्व विधायक प्रकाश राम जाम स्थल पहुंच कर जाम हटाने का प्रयास किया। जाम स्थल पर थाना प्रभारी द्वारा शीघ्र अपराधियों को गिरफ्तार करने व सरकारी प्रावधान के तहत लाभ देने के आश्वासन के बाद परिजन ने जाम हटाई। इसके बाद आवागमन समान हो सका।

**पहली कैबिनेट में...**

खुलकर खेल रहे हैं, आम आदमी की जिंदगी सुरक्षित नहीं है। राज्य में माँ, बहन और बेटियों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। पूर्व की भाजपा सरकार ने फैसला किया था कि जिनके पास खेती की जमीन है, उनको एक एकड़ पर 5,000 रुपये सालाना दिए जाएंगे। वर्तमान राज्य सरकार ने उन्हें वह रुपया देना बंद कर दिया। उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही यह योजना चालू कर दी जाएगी। हर गरीब के पास पक्का मकान होना चाहिए, हम सर्वे चालू कर रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार में मकान नहीं बने। मोदी जी के आशीर्वाद से हर गरीब का पक्का मकान बनेगा।

**हम बहनों को तीन हजार रुपये प्रति माह देंगे :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में हमने लाडली बहना योजना बनाई। अब चुनाव नजदीक आया तो झारखंड सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम महीने में मंईयां योजना शुरू कर दिया लेकिन महज एक हजार रुपये दे रहे हैं। इसे बढ़ाकर हम 3,000 रुपये करेंगे। हम छत्तीसगढ़, उड़ीसा और महाराष्ट्र में बहनों के खातों में पैसे डाल रहे हैं। त्योहार के समय अलग से पैसे डालते हैं। प्रधानमंत्री जी ने लखपति दीदी योजना भी बनाई है जिसका विभाग मेरे पास है। हर गरीब बहन की आमदनी एक साल में कम से कम एक लाख होना चाहिए। हम किसी बहन को गरीब नहीं रहने देंगे। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना है, मैं विश्वास दिलाता हूँ कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

**गिनाए हेमंत के पाप :** हेमंत ने पिछले चुनाव में 2,000 रुपया चूल्हा खर्च देने का वादा किया, लेकिन मिला किसी को नहीं। बहनों को एक साल में 1.20 लाख रुपये मिलना चाहिए लेकिन ये पैसे हेमंत सोरेन खा गए। हेमंत ने कहा था कि 5 लाख नौकरी दूंगा नहीं तो बेरोजगारी भत्ता दूंगा। किसी को न नौकरी मिली न बेरोजगारी भत्ता दिया। चुनाव नजदीक है तो बच्चों को सिपाही भर्ती के नाम पर 10 किमी दौड़ा दिया और 16 नौजवानों की जान ले ली। जो घर से मां से सिपाही भर्ती कहकर आये थे, उन्हें वर्दी तो नहीं मिली, कफन ओढ़कर वो वापस लौटे। ये हत्या हैं और इस पाप से हेमंत सोरेन बच नहीं सकते। ये झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं पेपर लीक मोर्चा है।

**मैरिट रेप मामले में...**

हो चुकी है और फैसला आना बाकी है। बता दें कि मैरिटल रेप के मामले में कर्नाटक और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों पर कानूनी बहस छिड़ी है। यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा है। कई जनहित याचिकाएं इस मामले में दायर की गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इन सभी को एक साथ मर्ज करके सुनवाई का निर्णय लिया है। 24 सितंबर को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में इसकी सुनवाई होनी थी, लेकिन केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का वक्त मांगा।

**विधानसभा चुनाव की तैयारियों...**

प्रतिबंधित करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर एएसडी सूची, मतदाता सूची में गलत विलोपन, सुरक्षा प्रबंधन, अवैध सामग्रियों का आवागमन आदि विषयों पर बिंदुवार समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, डीआईजी धनंजय कुमार सिंह, डीआईजी इंद्रजीत महथा, डीआईजी अश्विनी कुमार सिन्हा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग जिला नियोजनालय, लातेहार
### रिक्ति की सूचना

### दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला– 2024

दिनांक : 28/09/2024

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांकः 28.09.2024 दिनः शनिवार के पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुले मैदान में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2024 का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | CIDC, DALTONGANJ | Mason | 100 | 10th | 10th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Bar Bender | 50 | 10th | 10th | - | 18-35yrs. | 14000-18000/- |
| | | Carpenter | 50 | 10th | 10th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Electrician | 40 | 12th | 12th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Plumber | 40 | 12th | 12th | - | 18-35yrs | 14000-18000/- |
| | | Supervisor | 25 | Graduation | - | - | 18-45yrs | 10000-12000 |
| 2 | Vardhman Fabrics, Budn, Bhopal(M.P) | Apprentice | 2000 | 5th | 12th | - | 18-25yrs | 8840 – 12964/- |
| 3 | Credit Access Grameer Ltd., Ranchi | Trainee Manager(TKM) | 50 | 12th | 12thITI,Graduation | Fresher | 19-29yrs | 12250/-(CTC) |
| 4 | Expert Computer Education Pvt. Ltd. Dumka | Electrician | 15 | ITI & DIP. | ITI & DIP. | - | 19-37 yrs | 31000/-(CTC) |
| | | Flip cart Logistic (Data Entry Op & Ware House Associate) | 200 | 10th | 10th | - | 19-32yrs | 32000/-(CTC) |
| 5 | GREYBEEZ PVT. LTD, RANCHI | Sewing Machine Operator | 100 | 8Th | 8Th | | 18-30 yrs. | 11000.00/- |
| 6 | ORIENT CARFT PVT. LTD, RANCHI | | | | | | | |
| 7 | LIC, Latehar | Agent | 100 | 10th | 10th | - | 18 + | Commission Bases |
| 8 | PREJHA FOUNDATION, RANCHI | Mobile Assembly (Girls Only) | 50 | 10th | 12th | - | 18-27 yrs. | 15k |
| | | SMO(Girls Only) | 50 | 7th | 12th | - | 18-28 yrs. | 13K |
| | | Manufacturing (Boys Only) | 50 | 10th | 12th | - | 18-27 yrs. | 15K |
| | | Tiles Mistri | 50 | 5th | 12th | - | 18-30 yrs. | 17k |
| 9 | Jai AmbeyRoadlines Pvt. Ltd, Balumath | Driver | 15 | 12th | 12th | 3 Yrs. In Min. & HMV License Mandatory | 22Yrs. | 22000/- |
| 10 | FULAMBRI TEXT COM. PVT. LTD. AUGANGABAD, MH | APPRENTICESHIP | 360 | ITI AND DIPLOMA | ITI AND DIPLOMA | - | 18-25 | 14500-16500 |
| 11 | SBI Life Insurance Co. Ltd Daltonganj | Development Manager | 6 | Graduation (Any Stream) | Graduation (Any Stream) | - | 25Yrs | 3 Lakes Annual |
| | | Trainee GST | 10 | Graduation (Any Stream) | Graduation (Any Stream) | | 25 yrs | 2.5 Lakes Annual |
| | | Insurance Advisor | 100 | 10th | 10th | - | 18 + | Commission Bases |
| 12 | VLEAD STAFFING PVT. LTD. | PICKING PUTWAY BILLING LOADING AND UPLOADING | 100 | - | - | - | - | 18500/- |
| 13 | City Hospital, Latehar | ANM | 03 | ANM | ANM | 1Yrs. | 35yrs. | 10000/- |
| | | GNM | 02 | GNM | GNM | 1yrs. | 35yrs. | 15000/- |
| | | Marketing Executive | 02 | 12th | 12th | 1yrs. | 35yrs. | 15000/- |
| | | DMLT | 01 | DMLT | DMLT | 1Yrs. | 35yrs. | 12000/- |
| 14 | Edique Solution, Kadru, Ranchi | ICT Instructor | 38 | B.Sc (I.T.). B.E., BCA etc | B.Sc(I.T.). B.E., BCA etc | - | Up to 40 yrs. | 10000.00 P.M. |
| 15 | LabourNet Private Limited, Bengaluru | Trainee | 200 | ITI, Dip | ITI, Dip | - | 18-30 | 14000-16000/- |
| 16 | Mantasha Motors, Balumath | Mechanic | 5 | 10th ITI | ITI | - | 28-35yrs | 20000/- |
| 17 | PRANABNAMAN MINERALS PVT. LTD, Ranchi Jharkhand | MIS Executive | 02 | 12 th | Knowledge of MS Excel and DCA | - | 20-25yrs | 15K |
| | | Tipper Driver | 20 | Should have heavy valid transport license | Should have heavy valid transport license | - | 25-35 Yrs. | 19K-20K |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेला में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा (2कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के साथसाक्षात्कार हेतु उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है। इस कार्य हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर देखी जा सकती है।

आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ,

दिनांक : 28.09.2024, दिनः शनिवार समय : पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक। स्थान : जिला खेल स्टेडियम परिसर, लातेहार।

जिला नियोजन पदाधिकारी, लातेहार

PR 337152 Labour Employment and Traning(24-25)D

## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय लातेहार (सामान्य शाखा)

### विज्ञापन संख्या–01/2024

### आवश्यक सूचना

एतद द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 हेतु दिनांक–19.09.2024 को आयोजित लिखित परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लिखित परीक्षा में 1:3 के अनुपात में सफल अभ्यर्थियों का दिनांक–28.09.2024 को पुलिस लाईन लातेहार में शारीरिक जांच एवं दौड़ का परीक्षण हेतु तिथि निर्धारित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारण वश स्थागित किया जाता है। लिखित परीक्षा में 1:3 के अनुपात में सफल अभ्यर्थियों का शारीरिक जांच एवं दौड़ हेतु अगली तिथि का निर्धारण होने पर उसकी सूचना अलग से दी जायगी।

उपायुक्त लातेहार

PR 337207 District(24-25).D

## हरियाणा में हैट्रिक, कश्मीर में भी बन रही भाजपा की सरकार : भजन लाल

**पानीपत** । हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए प्रचार कर रहे राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गुरुवार को समालखा विधानसभा में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में भाजपा हैट्रिक लगाएगी और जम्मू-कश्मीर में भी वह सत्ता में आएगी। उन्होंने समालखा के लोगों से पार्टी के प्रत्याशी मनमोहन भड़ाना को वोट देने की अपील की। भजन लाल शर्मा ने कहा कि देश को विकसित करने का काम हम सभी को मिलकर करना है।

## श्रीलंका के निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव के लिए 11 अरब रुपये मांगे

**कोलंबो**। श्रीलंका के निर्वाचन आयोग ने देश के आगामी आम चुनाव कराने के लिए राजकोष से 11अरब रुपये मांगे हैं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार आधीरात राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद को भंग करते हुए 14 नवंबर को संसदीय चुनाव कराने की घोषणा की। निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष आरएमएलए रथनायके के हवाले से कहा कि आयोग कार्यालय ने राजकोष से आम चुनाव कराने के लिए 11 अरब रुपये की मांग की है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति को ही इस उद्देश्य के लिए राजकोष से धन का आवंटन करने का अधिकार है।

## मैं दोषी नहीं हूं, इस्तीफा नहीं दूंगा : सीएम सिद्दारमैया

**बेंगलुरु**। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने गुरुवार को कहा कि वह दोषी नहीं हैं और अपने पद से इस्तीफा नहीं देंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जेडीएस (जनता दल-धर्मनिरपेक्ष) ने कहा था कि मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला मामले में विशेष अदालत के आदेश के मद्देनजर सिद्धारमैया को पद छोड़ देना चाहिए। उनकी इस मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि मैं दोषी नहीं हूं और अपने पद से इस्तीफा नहीं दूंगा। सीएम सिद्दारमैया ने कहा मैंने कोई गलती नहीं की है। इसलिए मुझे इस्तीफा देने की कोई जरूरत नहीं है। कई भाजपा नेता जमानत पर हैं, क्या उनमें से किसी ने अपना इस्तीफा दिया है?



## पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को जन्मदिन पर दी बधाई

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह को फोन कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके स्वास्थ्य के बारे में भी जाना। इससे पहले पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें लंबा और स्वस्थ जीवन मिले। पीएम मोदी के अलावा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 92वें जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर बधाई दी।

## अमेरिकी सरकार सख्त कदम उठाए : अनिरुद्धाचार्य

**नई दिल्ली**। अमेरिका के कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में स्थित बीएपीएस हिंदू मंदिर में हुई तोड़फोड़ पर वृंदावन के कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के अच्छे रिश्ते हैं। इस घटना की विस्तृत चर्चा होनी चाहिए और आगे इस तरह की हरकत नहीं हो, इसके लिए अमेरिकी सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए। अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।



# आतंक फैलाने का जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा : शाह




**एजेंसी। जम्मू**

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के आखिरी चरण में प्रचार के लिए आये केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और राहुल गांधी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा ये लोग किस मुंह से कह रहे हैं कि हम जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र लाएंगे? अब्दुल्ला परिवार, मुफ्ती परिवार और नेहरू-गांधी परिवार ने 70 वर्षों तक यहां लोकतंत्र को कुचला। चनैनी में आयोजित जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने अफजल गुरु की फांसी की सजा के विरोध को लेकर उमर अब्दुल्ला पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया, उसकी फांसी का यह लोग विरोध कर रहे हैं। उमर अब्दुल्ला कहते हैं कि अफजल गुरु को फांसी नहीं देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला साहब आप आतंकवादियों को बिरयानी खिलाते रहिए लेकिन आतंक फैलाने का जवाब फांसी के तख्ते पर ही दिया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर में पंच और सरपंच के चुनाव हो चुके हैं और 40 हजार लोग अब लोकतंत्र का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले तीन राजनीतिक परिवारों ने नेपटिजम को बढ़ावा दिया लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से युवा अब निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद के इतिहास पर भी प्रकाश डाला और कहा कि 40 साल तक यहां आतंकवाद का साया रहा, जिसमें 40 हजार लोग मारे गए। मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया, जिसके बाद न तो पत्थरबाजी होती है और न ही गोलियां चलती हैं। अमित शाह ने चेतावनी दी कि कांग्रेस और एनसी जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को फिर से लाना चाहती हैं लेकिन हम आतंकवाद को पाताल तक दफन करके ही दम लेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के रहते किसी में इतनी ताकत नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद लाए।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने सियाचिन बेस कैंप का किया दौरा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को सियाचिन बेस कैंप का दौरा किया और सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने यहां तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए देश की रक्षा के प्रति उनके असाधारण योगदान की सराहना की। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सियाचिन युद्ध स्मारक पर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह स्मारक उन सैनिकों और अधिकारियों के बलिदान का प्रतीक है जो 13 अप्रैल 1984 को सियाचिन ग्लेशियर पर भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन मेघदूत शुरू करने के बाद से बलिदान हुए हैं। सियाचिन बेस कैंप में तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें उनपर गर्व है और सभी नागरिक उनकी बहादुरी को सलाम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि अप्रैल 1984 में ऑपरेशन मेघदूत शुरू होने के बाद से भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर सैनिकों और अधिकारियों ने इस क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित की है। उन्हें गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। भारी बर्फबारी और माइनस 50 डिग्री तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में भी ये पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ अपने मोर्चे पर तैनात रहते हैं। वे मातृभूमि की रक्षा में त्याग और सहनशीलता का असाधारण उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने जवानों से कहा कि सभी भारतीय उनके बलिदान और वीरता से परिचित हैं और हम उनका सम्मान करते हैं।

## जापान में पांच दशक पुराना मौत की सजा का फैसला पलटा



चार लोगों की सामूहिक हत्या के केस में दोषी पूर्व मुक्केबाज इवाओ बरी

**एजेंसी। टोक्यो**

जापान की एक अदालत ने पांच दशक से ज्यादा पुराने चार लोगों की हत्या के केस में मौत की सजा (मृत्युदंड) के फैसले को गुरुवार को पलट दिया। यह फैसला इस बहुचर्चित हत्याकांड के दोषी पूर्व मुक्केबाज इवाओ हाकामाडा के लिए सबसे बड़ी खुशी लेकर आया। शिजुओका जिला अदालत ने उन्हें बरी करने का फैसला सुनाया। जापान टाइम्स की खबर के अनुसार, पूर्व प्रोफेशनल मुक्केबाज 88 वर्षीय इवाओ हाकामाडा को 58 साल पहले 1966 में चार लोगों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इवाओ को लगभग आधी सदी जेल में रहने के बाद शारीरिक और मानसिक जटिलता की वजह से 2014 में रिहा कर दिया गया। कुछ साल पहले टोक्यो हाई कोर्ट ने इस केस पर पुनर्विचार की अर्जी स्वीकार कर शिजुओका जिला न्यायालय को सुनवाई का आदेश दिया। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। 2020 में शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। शिजुओका जिला न्यायालय में बरी करने के फैसले के समय 91 वर्षीय बहन हिदेको हाकामाडा अपने भाई की ओर से पेश हुईं।

## नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी चार दिन की ग्रीस यात्रा पर

**नई दिल्ली**। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी आज से 29 सितंबर तक ग्रीस की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी चार दिवसीय यह यात्रा भारत और ग्रीस के बीच द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें नौसेना सहयोग को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उनकी इस यात्रा से दोनों नौसेनाओं के बीच मित्रता और सहयोग और मजबूत होने की उम्मीद है, जिससे आपसी हितों के क्षेत्रों में सहयोग में वृद्धि होगी। यात्रा के दौरान नौसेना प्रमुख वरिष्ठ यूनानी रक्षा अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे, जिनमें रक्षा उप मंत्री इयोनिस केफालोगियानिस, हेलेनिक नेवी जनरल स्टाफ (एचजीएनएस) के प्रमुख वाइस एडमिरल दिमित्रियोस ई कटारस, हेलेनिक नेशनल डिफेंस जनरल स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल क्रिस्टोस ससियाकोस शामिल होंगे।

## सेंसर बोर्ड ने इमरजेंसी रिलीज करने से पहले कुछ हिस्सों को हटाने को कहा

**एजेंसी। मुंबई**


केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) की संशोधन समिति ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को रिलीज करने से पहले कुछ हिस्सों में कट लगाने का सुझाव दिया है। बोर्ड ने गुरुवार को बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बताया कि वह फिल्म इमरजेंसी को प्रमाण पत्र जारी करने को तैयार है लेकिन फिल्म के कुछ हिस्सों में काट-छांट करनी होगी। इसके बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई 30 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाने वाली और फिल्म का निर्देशन करने वाली रनौत ने सीबीएफसी पर फिल्म के रिलीज को टालने के लिए




प्रमाणन में देरी करने का आरोप लगाया है। शिरोमणि अकाली दल सहित सिख संगठनों ने फिल्म की आलोचना की है, जिनका आरोप है कि यह ऐतिहासिक तथ्यों और सिख समुदाय को गलत तरीके से पेश करती है। इस मामले की सुनवाई गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट के खंडपीठ के समक्ष हुई। पीठ ने सीबीएफसी से पूछा कि क्या उसके पास फिल्म के लिए अच्छी खबर है। सीबीएफसी के वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अदालत को बताया कि बोर्ड की संशोधन समिति ने अपना फैसला ले लिया है। उन्होंने कहा, समिति ने प्रमाणपत्र जारी करने और फिल्म को रिलीज करने से पहले कुछ कटौतियों का सुझाव दिया है। जी एंटरटेनमेंट का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील शरण जगतियानी ने फिल्म इमरजेंसी के लिए प्रस्तावित कटौतियों पर निर्णय लेने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। इसके बाद पीठ ने अगली सुनवाई 30 सितंबर के लिए निर्धारित की। जी एंटरटेनमेंट की याचिका में दावा किया गया कि सीबीएफसी ने फिल्म के लिए प्रमाणपत्र को पहले ही मंजूरी दे दी थी, लेकिन इसे जारी नहीं किया।

## अमेरिका के स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अमेरिका में पिछले कुछ दिनों में कई हिंदू मंदिरों पर हमला देखा गया है। न्यूयॉर्क की घटना को अभी 10 दिन भी नहीं बीते थे। बुधवार की रात कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में स्थित बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। मंदिर के बाहर लगे बोर्ड पर हिंदू विरोधी टिप्पणी लिखी गई हैं। कट्टरपंथियों ने मंदिर की दीवारों पर 'हिंदू वापस जाओ' के नारे लिखे हैं। इस घटना से हिंदुओं में डर पैदा हो गया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने इस भी इस घटना की निंदा की है। बीएपीएस ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, ''न्यूयॉर्क में बीएपीएस मंदिर के अपमान के 10 दिन से भी कम समय में बीती रात कैलिफोर्निया के सैक्रामेंटो में हमारे मंदिर को हिंदू विरोधी घृणा के साथ अपमानित किया गया। हमें इस बात का गहरा दुख है। हम शांति की प्रार्थना के साथ नफरत के खिलाफ एकजुट हैं।'' सैक्रामेंटो काउंटी का प्रतिनिधित्व करने वाले सीनेटर अमी बेरा ने मंदिर में हुई घटना की निंदा करते हुए लोगों से असहिष्णुता के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

## दुकानदारों के लिए नेमप्लेट अनिवार्य करने पर हिमाचल सरकार का यूटर्न

**शिमला**। हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में फास्ट फूड, रेहड़ी-पटरी और ढाबा मालिकों को अपनी दुकानों के बाहर नेमप्लेट लगाने और पहचान प्रदर्शित करने के निर्देश के महज एक दिन बाद सुक्खू सरकार ने यू-टर्न ले लिया। सरकार ने गुरुवार को कहा कि अब तक इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

## यूएन शांति मिशन के नेपाली सैनिकों की सुरक्षा को लेकर नेपाल चिंतित

**काठमांडू**। लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के तहत तैनात नेपाली सेना की सुरक्षा को लेकर नेपाल सरकार ने संयुक्त राष्ट्र के समक्ष अपनी चिंता जाहिर की है। इजराइल द्वारा लेबनान पर किए जा रहे लगातार आक्रमण के कारण वहां तैनात नेपाली सेना पिछले 24 घंटे से बंकर में ही रहने को मजबूर है। न्यूयॉर्क में रही नेपाल की विदेश मंत्री डा. आरजू राणा ने संयुक्त राष्ट्र में शांति मिशन देखने वाले उप महासचिव से मुलाकात कर लेबनान में तैनात नेपाली सेना की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता से अवगत कराया है। न्यूयॉर्क में रहे विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने बताया कि विदेश मंत्री डा. राणा ने यूएन पीस कीपिंग मामलों के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल जीन पियरे लैक्रोइक्स से मुलाकात कर इस संबंध में चर्चा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक इस मुलाकात के दौरान नेपाल ने लेबनान में नेपाली शांति सैनिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## एजुकेशन/करियर

एक कंपनी सेक्रेट्री, लीगल एक्सपर्ट या कंपनी के कुशल एडमिनिस्ट्रेशन को सुनिश्चित करने के लिए एककंप्लायंस ऑफ़िसर है। वे कॉर्पोरेट और सिक्योरिटी लॉ के एक्सपर्ट हैं, जो स्टटूटोरी और लीगल कंप्लायंस और अधिकारियों के निर्णय लो लागु करते हैं। इसके अलावा, वे बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर के चीफ एडवाइजर के रूप में कार्य करते हैं, जो फाइनेंसियल रिपोर्ट बनाने, बिज़नेस करने, कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी विकसित करने, कॉन्फ्लिक्ट ऑफ़ इंटरेस्ट वाली स्थितियों से निपटने आदि के तरीके सुझाते हैं।

# कंपनी सेक्रेट्री कोर्स कर बना सकते हैं करियर

### कंपनी सेक्रेट्री कोर्स

- फाउंडेशन कोर्स
- एग्जीक्यूटिव कोर्स
- प्रोफ़ेशनल कोर्स

### फाउंडेशन कोर्स 4 पेपर

- सीएस के फाउंडेशन कोर्स में 4 पेपर होते हैं जिनकी विस्तृत जानकारी को समझना जरूरी है
- बिज़नेस एनवायरनमेंट एंड एंटप्रेरनर शिप
- बिज़नेस इकोनॉमिक्स
- बिज़नेस मैनेजमेंट, एथिक्स, लॉ एंड कम्युनिकेशन
- फंडामेंटल्स ऑफ़ एकाउंटिंग एंड ऑडिटिंग

### एग्जीक्यूटिव कोर्स

- सीएस के एग्जीक्यूटिव कोर्स में 7 पेपर होते हैं जिनका विवरण इस प्रकार है
- कंपनी लॉ
- इकोनॉमिक्स एंड कमर्शियल लॉ
- टैक्स लॉ एंड प्रैक्टिस
- कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटिंग
- कंपनी एकाउंट्स एंड ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज
- इंडस्ट्रियल लेबर एंड जनरल लॉ
- कैपिटल मार्केट एंड सिक्योरिटीज लॉ



### कैसे मिलेगा दाखिला

- आईसीएसआई फाउंडेशन कोर्स पूरा करने के बाद कैंडिडेट आईसीएसआई इंटरमीडिएट कोर्स में दाखिला ले सकते हैं .
- आईसीएसआई इंटरमीडिएट कोर्स पास करने के बाद कैंडिडेट आईसीएसआई के अंतिम चरण में एनरोलमेंट के लिए योग्य कैंडिडेट माने जाते हैं जो कि सीएस बनने की प्रक्रिया में अंतिम चरण कहा जाता है .
- कोर्स पूरा होने के बाद प्रशिक्षण के बाद आईसीएसआई की एसोसिएट मैम्बरशिप मिलने में हेल्प मिलेगी .
- इस कोर्स के बाद कैंडिडेट सीएस के लिए अप्लाई कर सकते हैं .

### प्रोफ़ेशनल कोर्स

- प्रोफ़ेशनल कोर्स में 9 पेपर होते हैं जिनका विवरण इस तरह से है.
- एडवांस्ड कंपनी लॉ एंड प्रैक्टिस
- कॉर्पोरेट रिस्ट्रक्चरिंग, वैल्यूएशन एंड इन्सॉल्वेंसी
- सेक्रेटेरियल ऑडिट, ड्यू डिलिजेंस एंड कंप्लायंस मैनेजमेंटएडवांस्ड टैक्स लॉ एंड प्रैक्टिस
- ड्राफ्टिंग, अपीयरेंस एंड प्लीडिंग
- ऐच्छिक विषय 5 में से 1 विषय चुन सकते हैं.
- बैंकिंग लॉ एंड प्रैक्टिस
- इन्शुरन्स लॉ एंड प्रैक्टिस
- कैपिटल, कमोडिटी एंड मनी मार्केट
  - इंटेलेक्चुअल बिज़नेस-लॉ एंड प्रैक्टिस
  - इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट- लॉ एंड प्रैक्टिस

### कंपनी सेक्रेट्री के कार्य

- कंपनी सेक्रेट्री बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स को असिस्ट करते हैं और इसके साथ विशेष सलाह भी देते हैं।
- यह चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर के तौर पर कार्य करते हैं, जहाँ वें कंपनी प्रशासन की गतिविधियों का ध्यान रखते है।
- कंपनी सेक्रेट्री कंपनी के कानूनी और गोपनीय दस्तावेज़ों को सुरक्षित रखते है।
- वह कॉर्पोरेट मीटिंग्स प्रमुख रूप से बोर्ड मीटिंग पर विचार विमर्श करना, बोर्ड मीटिंग आयोजन करना, क्लाइंट को संभालना, गवर्नमेंट और प्राइवेट प्रतिनिधि मंडल के मुलाकातों की देख रख इत्यादि करते हैं।
- कंपनी सेक्रेट्री एक लीगल एडवाइजर, कॉर्पोरेट प्लानर के तौर पर कार्य करते है और कंपनी को किसी भी लीगल मैटर संबंधी क्षेत्रों में असिस्ट करते हैं।
- कंपनी सेक्रेट्री एक कॉर्पोरेट पालिसी मेकर के तौर पर कार्य करते है और शार्ट टर्म लॉन्ग टर्म कॉर्पोरेट पॉलिसीस को एक साथ हैंडल करते हैं।
- उनकी मुख्य ज़िम्मेदारी होती है क्लाइंट और कॉर्पोरेट इवेंट्स को मैनेज करना।
- कंपनी सेक्रेट्री को मैनेजमेंट और फाइनेंस का प्रचुर मात्रा में ज्ञान होता है वह कंपनी के डायरेक्टर को सभी ज़रूरी जानकारी प्रदान करते है।

### सीएस बनने के लिए योग्यता

- आपने 10वीं के बाद की पढ़ाई कॉमर्स स्ट्रीम से पूरी की हो।
- 12वीं में कम से कम 50% अंक प्राप्त किए हों।
- यदि आप 12वीं के बाद छात्र को इंस्टिट्यूट ऑफ़ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ़ इंडिया में फाउंडेशन कोर्स के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा।